देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com
राष्ट्रीय दैनिक प्रातः किरण
नई दिल्ली, बुधवार, 18 दिसंबर, 2024



## संक्षिप्त समाचार

### रुपयों को लेकर महिलाओं में मारपीट, चार गिरफ्तार

**हरिद्वार, एजेंसी।** नगर कोतवाली क्षेत्र में रोडवेज बस अड्डे के गेट के सामने रुपयों के लेनदेन को लेकर महिलाओं में मारपीट हो गई। पुलिस चार महिलाओं को गिरफ्तार कर लिया। चारों को कोतवाली लाने के बाद शांतिभंग में चालान कर दिया गया। पुलिस के अनुसार, रविवार सुबह महिला उप निरीक्षक निशा सिंह, आरक्षी भारती रावत, होमगार्ड प्रीति गश्त कर रहीं थीं। रोडवेज बस अड्डे के पास पहुंचने पर जानकारी मिली कि रोडवेज गेट के सामने सड़क किनारे कुछ महिलाएं आपस में झगड़ा कर रहीं हैं। महिला पुलिसकर्मियों ने महिलाओं के दोनों पक्षों को अलग-थलग कर समझाने का प्रयास किया, लेकिन दोनों पक्ष एक-दूसरे के साथ मारपीट पर उतारू थी। इसके बाद पुलिस ने चारों को कोतवाली ले आई। कोतवाली प्रभारी कुंदन सिंह राणा ने बताया कि एक पक्ष की पूजा निवासी सिडकुल, निर्मला चौधरी निवासी सिडकुल, दूसरे पक्ष की काजल व शबनम निवासीगण ज्वालापुर का शांतिभंग में चालान कर दिया गया है। महिलाओं के बीच रुपयों के लेनदेन को लेकर झगड़ा हुआ था।

### वार्षिकोत्सव में दिया समाज की एकता पर जोर

**हरिद्वार, एजेंसी।** जाट विकास मंच भेल के वार्षिकोत्सव का आयोजन भेल सामुदायिक केंद्र सेक्टर-1 में किया गया। इसमें समाज की एकता पर जोर दिया गया। कहा कि एकजुटता के बल पर ही हर क्षेत्र में समाज मजबूत होगा। इस अवसर पर ओमपाल राठी ने समाज के उन्नति के लिए सामाजिक बुराइयों को दूर करने के लिए आह्वान किया। कहा कि समाज के युवा को राष्ट्र निर्माण के लिए कार्य करना चाहिए। कहा कि जब तक किसी भी समाज का युवा आगे नहीं आएगा, तब उस समाज का राजनीतिक और सामाजिक विकास नहीं हो सकता है, इसलिए समाज के युवा समाज और राष्ट्र सेवा के लिए आगे आएं। प्रो.प्रविंद्र कुमार ने युवाओं से अपना पसंद का कॅरिअर चुनने की अपील की। डॉ. ब्रिजेंद्र सिंह ने बच्चों के संस्कारवान बनने में गृहणियों की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। डॉ. पुरुषोत्तम सिंह ने समाज की प्रगति के लिए एकता की शक्ति को महत्वपूर्ण बताया। कहा कि अभिभावक बच्चों के मित्र बनकर रहें। विवेक सिंह ने कहा कि बच्चे हमारा भविष्य हैं, इसलिए, इनके बहुआयामी विकास के लिए सभी मिलकर कार्य करनी जरूरत है। इस मौके पर राजीव कुमार चौधरी, सुशील कुमार आर्य, शशि सिंह, श्रुति चहल, योगेंद्र पंवार, देवेंद्र राठी, सुरेश, सुकरमपाल आदि मौजूद रहे।

### तीन बार महिलाओं के बाद अब पुरुषों को जगी उम्मीद

**ऋषिकेश, एजेंसी।** नगर निकाय के पिछले तीन कार्यकाल में महिलाओं को कुर्सी पर बैठने का मौका मिला था। इस बार अध्यक्ष पद अनारक्षित होने के बाद नए समीकरण तैयार हो रहे हैं। भाजपा और कांग्रेस दोनों दलों में उम्मीदवारों ने सक्रियता बढ़ा दी है। सीमा विस्तार से पहले साल 2008 में डोईवाला को महिला आरक्षित रखा गया था। साल 2013 में अनुसूचित जाति की महिला के लिए कुर्सी रिजर्व हो गई। वहीं, नगर पालिका में अपग्रेड होने के बाद डोईवाला को अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षित किया गया था।

### राजस्व भूमि पर रात में किया जा रहा सड़क निर्माण, ग्रामीणों ने जताया आक्रोश

**ऋषिकेश, एजेंसी।** विकासखंड की कुमार्था ग्राम पंचायत के कपोल काटल तोक में एक निजी भूमि पर निर्माण कार्य के लिए समतलीकरण किया जाना है। यहां तक जाने के लिए निजी भूमि स्वामी राजस्व भूमि पर रात को मशीन से सड़क निर्माण कर रहा है। इस पर ग्रामीणों ने आपत्ति जताई है। डीएम को ज्ञापन भेज उक्त कार्य को रुकवाने की मांग की है। डीएम को भेजे ज्ञापन में ग्रामीणों ने बताया कि राजस्व भूमि पर सड़क निर्माण के दौरान गांव की पेयजल लाइन व सिंचाई नहर क्षतिग्रस्त कर दी गई है। क्षेत्र के निवर्तमान जिला पंचायत सदस्य विनोद डबराल ने कहा कि ग्रामीणों ने जब सड़क निर्माण का विरोध जताया तो भूमि स्वामी ने रात को काम करवाना शुरू कर दिया है।

# दीक्षांत समारोह : कुलाधिपति ने कहा- भारत को विश्व गुरु बनाने का लक्ष्य पूरा कर रही देश की युवा पीढ़ी

**नैनीताल , एजेंसी।**
मुख्य अतिथि रहे कुलाधिपति व राज्यपाल गुरमीत सिंह ने कहा युवा पीढ़ी भारत को विकसित राष्ट्र, नए आयामों और भारत को विश्व गुरु बनाने के लक्ष्य को लेकर आगे चल रहा है जो हमारे लिए गर्व की बात है।

कुमाऊं विश्वविद्यालय के 19वें दीक्षांत समारोह का डीएसबी परिसर के एएन सिंह सभागार में कुलाधिपति एवं राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेनि), उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत, कुलपति प्रो. दीवान सिंह रावत व कुलसचिव डॉ. मंगल सिंह मंद्रवाल ने दीप प्रज्जवलित कर शुभारंभ किया। इस दौरान मेधावी विद्यार्थियों को पदक वितरित किए गए, जिसमें 73 फीसदी छात्राएं शामिल रहीं। सिने अभिनेता ललित मोहन तिवारी को डी-लिट की मानद उपाधि दी गई। जबकि टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल साइंसेज के चांसलर और यूजीसी के पूर्व अध्यक्ष प्रो. डीपी सिंह को उनकी अनुपस्थिति में डीएससी की मानद उपाधि दी गई।

सोमवार के मुख्य अतिथि रहे कुलाधिपति व राज्यपाल गुरमीत सिंह ने कहा युवा पीढ़ी भारत को विकसित राष्ट्र, नए आयामों और भारत को विश्व गुरु बनाने के लक्ष्य को लेकर आगे चल रहा है जो हमारे लिए गर्व की बात है। जबकि विशिष्ट अतिथि उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. धनसिंह रावत ने कहा राज्य की लोक संस्कृति व लोक विरासत को संजोए रखने तथा बेहतर भविष्य के लिए प्राइमरी स्कूलों में कुमाऊंनी-गढ़वाली, जौनसारी आदि बोलियों से संबंधित पाठ्य सामग्री लागू की गई है। इससे हम अपनी बोल व भाषा का संरक्षण कर सकेंगे।




इससे पूर्व कार्यक्रम की शुरुआत में कुलपति दीवान सिंह रावत ने विश्वविद्यालय की उपलब्धियां बताते हुए कहा कि बीते पांच दशक से कुमाऊं विवि ज्ञान और नवाचार का एक स्तंभ बनकर खड़ा है, जिसने उच्च शिक्षा में नए मानक स्थापित किए हैं। पूर्व छात्र विश्वभर में विभिन्न क्षेत्रों में अपनी उपस्थिति दर्ज करा रहे हैं, इस संस्थान से मिले मूल्यों और शिक्षा के जीवंत प्रतीक हैं। कुलपति प्रो. रावत ने कहा कुमाऊं विवि देश का पहला ऐसा संस्थान बना है जिसने परीक्षा सामग्री की गोपनीय छपाई के लिए एक पारदर्शी और वित्तीय रूप से मितव्ययी ओपन टेंडर प्रक्रिया को लागू किया। कहा विवि ने डायरेक्टोरेट ऑफ विजिटिंग प्रोफेसर्स की स्थापना की है। इसके तहत ख्याति प्राप्त विद्वानों, उद्योग जगत के अग्रणियों, और सेवानिवृत्त सैन्य अधिकारियों को हमारी शैक्षणिक समुदाय में शामिल किया गया है। इस पहल से विद्यार्थियों को उन व्यक्तित्वों के अनुभवों से सीखने का अवसर मिला है।

इधर स्नातक एवं स्नातकोत्तर की पढ़ाई पूरी कर चुके 19 हजार 570 विद्यार्थियों की डिग्री का अनुमोदन किया गया। जबकि 201 को शोध उपाधि तथा 90 मेधावियों को मेडल प्रदान किए गए। इससे पूर्व कार्यक्रम में मंत्रोच्चारण के बीच शोभायात्रा का कार्यक्रम स्थल डीएसबी परिसर के एएन सिंह हॉल में स्वागत किया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रो. दिव्या जोशी उपाध्याय ने किया। इस अवसर पर विधायक सरिता आर्या, डीएम वंदना सिंह, एसएसपी पीएन मीणा, अल्मोड़ा विवि के कुलपति प्रो. सतपाल सिंह बिष्ट, उत्तराखंड ओपन यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रो. ओपी सिंह, दर्जा राज्य मंत्री पेयजल अनुश्रवण समिति के उपाध्यक्ष दिनेश आर्य, मंडी परिषद सलाहकार मनोज जोशी, अरविंद पडियार पूर्व सांसद महेंद्र पाल, डीएम वंदना सिंह, एसएसपी प्रहलाद नारायण मीणा, डॉ. जगदीश चन्द्र, सीओ प्रमोद साह, परिसर निदेशक प्रो. नीता बोरा शर्मा सहित विवि के सभी डीन, विभागाध्यक्ष, प्राध्यापक और कर्मचारी मौजूद रहे।

यहां दीक्षांत समारोह में पहुंचे कुलाधिपति व राज्यपाल गुरमीत सिंह ने कहा जो विद्यार्थी उपाधि प्राप्त कर रहे हैं उनकी सफलता में योगदान देने वाले परिजन और गुरुजनों का परिश्रम है। समारोह केवल डिग्रियों का वितरण नहीं बल्कि यह शिक्षा के प्रति और भविष्य के नया पड़ाव हैं। कहा कुमाऊं विवि नवाचारों, अनुसंधान और समाजोपयोगी पहलों के कारण भारत ही नहीं बल्कि पूरे विश्व में अपनी पहचान बना चुका है। साथ ही सरकार की ओर से भी शिक्षकों और छात्रों को अनुसंधान के लिए आंतरिक शोध वित्त पोषण के तहत योग्य शिक्षकों को शोध कार्य के लिए आर्थिक सहायता, छात्रों में शिक्षकों को उनके नवाचारों को पेटेंट कराने में सहायता प्रदान करने के लिए पेटेंट सेल की स्थापना, सेमिनार वित्त पोषण के तहत राष्टीय और अंतराष्टीय सेमिनार में भाग लेने के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की जा रही है।

समारोह में पहुंचे उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने कहा कि मेधावी स्वर्ण पदक हासिल करने वाले विद्यार्थियों को भारत दर्शन कराने की योजना है। इस भ्रमण का खर्च प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री की ओर से उठाया जाएगा। इसके साथ ही शोध पत्र के लिए बजट का अब अभाव नहीं होगा। सरकार शोधार्थियों को एक लाख से लेकर 15 लाख तक की मदद करेगी। उन्होंने कहा इसके अलावा उच्च शिक्षा उन्नयन गुणवत्ता योजना के तहत शिक्षक शिक्षा के कार्य के लिए विदेश आसानी से जा सकेगें। सरकार की ओर से इसके लिए बजट दिया जाएगा। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने वर्चुअल के माध्यम से विश्वविद्यालय के समारोह में जुड़े। इस दौरान उन्होंने उपाधि धारकों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि युवा भविष्य के कर्णधार हैं। उन्होंने कहा देश की प्रबुद्ध जनता एवं कुशल नेतृत्व के कारण ही देश में राजनैतिक स्थिरता का वातावरण बना है। आज उत्तराखंड हर क्षेत्र में उन्नति कर रहा है।

## ...तो वर्मा हल्द्वानी की राजनीति में नवीन चेहरा बनकर उभरेंगे, थाम सकते हैं बीजेपी का हाथ; दावेदारी शुरू

**हल्द्वानी, एजेंसी।**
शहर के चुनावी समीकरण बदलने के बाद सूत्रों का दावा है कि नवीन वर्मा आज भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर सकते हैं। सियासी गलियारों में चर्चा है कि अगर प्रस्तावित आरक्षण नहीं बदला तो नवीन भाजपा के लिए तुरुप का इक्का साबित हो सकते हैं।

हल्द्वानी मेयर का पद ओबीसी के लिए आरक्षित होने के बाद अब भाजपा की निगाहें जीताऊ चेहरे की तलाश में है। शहर के चुनावी समीकरण बदलने के बाद सूत्रों का दावा है कि नवीन वर्मा आज भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर सकते हैं। सियासी गलियारों में चर्चा है कि अगर प्रस्तावित आरक्षण नहीं बदला तो नवीन भाजपा के लिए तुरुप का इक्का साबित हो सकते हैं। वहीं दूसरी ओर ओबीसी तबके से जुड़े कई अन्य लोग भी भाजपा में मेयर पद के लिए दावेदारी को आगे आए हैं।

पिछले दिनों भाजपा से 25 नेताओं ने मेयर के लिए दावेदारी की थी। इनमें केवल दो लोग ओबीसी



वर्ग के थे। शासन से हल्द्वानी में मेयर की सीट अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षित होने के बाद सामान्य वर्ग के 23 नेताओं के अरमानों पर पानी फिर गया। आरक्षण तय होने के बाद सोमवार देर शाम तक पार्टी में आठ अन्य लोगों ने मेयर पद की दावेदारी की है, इनमें व्यापारी नेता नवीन वर्मा भी शामिल हैं। सूत्र बताते हैं कि मेयर पद के लिए दावेदारी करने से पहले ही भाजपा नेताओं की वर्मा से बातचीत हो चुकी है।

पार्टी सूत्रों के अनुसार मंगलवार दोपहर दो बजे भाजपा संभाग कार्यालय में होने वाले कार्यक्रम में नवीन वर्मा भाजपा के हो जाएंगे। सूत्र बताते हैं कि नवीन वर्मा को मेयर का टिकट देने का पार्टी में विरोध भी नहीं होगा क्योंकि अब तक जिन लोगों ने दावेदारी की है उनमें कोई भी बड़ा चेहरा शामिल नहीं है। नवीन वर्मा की राजनीतिक पृष्ठभूमि नहीं रही है। वर्मा पूर्व में निर्दलीय रूप से चेयरमैन का चुनाव लड़ चुके हैं, तब वह तीसरे स्थान पर रहे थे।

सराफ और व्यापारी नेता नवीन वर्मा प्रांतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल उत्तराखंड के प्रदेश अध्यक्ष हैं। वह महादेव गिरी संस्कृत महाविद्यालय हल्द्वानी के प्रबंधक, स्पोर्ट्स एसोसिएशन हल्द्वानी, संगीत संकल्प हल्द्वानी व सरस्वती कला संगीत संस्था हल्द्वानी के अध्यक्ष, जमरानी बांध निर्माण संघर्ष समिति के संयोजक भी हैं। वह प्रमुख राज्य आंदोलनकारी होने के साथ-साथ विद्युत निमायक आयोग उत्तराखंड के पूर्व सदस्य भी रहे हैं।

## लैंड यूज चेंज नहीं होने से कागजों तक सिमटे मंडी परिषद के प्रोजेक्ट

**रुद्रपुर, एजेंसी।** मंडी समिति की नैनीताल हाईवे किनारे 50 एकड़ जमीन का लैंड यूज चेंज नहीं होने से बड़े प्रोजेक्ट कागजों में सिमट रहे हैं। मंडी परिषद ने जमीन पर करोड़ों का किसान बाजार बनाने का प्रोजेक्ट बनाया है लेकिन जमीन की प्रकृति आड़े आ रही है। मंडी परिषद के प्रबंध निदेशक ने लैंड यूज चेंज के लिए सचिव आवास और कृषि विभाग को पत्र भेजा है।

वर्ष 2011 में जीबी पंत विवि ने मंडी को 50 एकड़ जमीन दी थी। इसकी एवज में मंडी ने विवि को एक करोड़ रुपये और राजकोष की समेकित निधि में दो करोड़ 40 लाख रुपये जमा कराए थे। यह जमीन मंडी समिति के नाम हो गई लेकिन भूमि की प्रकृति कृषि में ही दर्ज थी। मंडी परिषद की ओर से जमीन पर वाइनरी, नई गल्ला मंडी, पेट्रोल पंप सहित तमाम प्रोजेक्ट लगाने की कवायद की थी।

जमीन की प्रकृति कृषि से व्यवसायिक नहीं होने के चलते कोई भी प्रोजेक्ट कागज से धरातल पर नहीं उतर सका था। इसी बीच जमीन की प्रकृति बदलने के लिए तमाम कोशिशें की गई लेकिन मामला हल न हो सका है। इधर मंडी परिषद की ओर से इस जमीन पर करोड़ों रुपये के कृषि बाजार और पेट्रोल पंप लगाने की बनाने की योजना बनाई है लेकिन जमीन की प्रकृति इसके आड़े आ रही है।

## पौष के पहले रविवार से शुरू हुआ बैठकी होली का दौर

**नैनीताल/रामनगर, एजेंसी।** पौष के पहले रविवार से बैठकी होली शुरू हो गई है। श्रीराम सेवक सभा की ओर से आयोजित बैठकी होली में होल्यारों ने भक्ति रस पर आधारित होली गीत पेश किए। रविवार को श्रीराम सेवक सभा परिसर में पद्मश्री अनूप साह, रंगकर्मी जहूर आलम व सभा के पदाधिकारियों ने संयुक्त रूप से बैठकी होली का शुभारंभ किया।

पद्मश्री अनूप साह ने बीते कई वर्षों से होली पर पारंपरिक कार्यक्रम आयोजित किए जाने लिए सभा पदाधिकारियों की सराहना की। लोक कलाकार बृजमोहन जोशी व नरेश चमियाल के नेतृत्व में टीम ने मैया के मंदिर में दीपक वारूं... गीत के साथ होली का शुभारंभ किया। इसके साथ ही गजानन गौरी के नंदन तेरी जय हो..., ऊंचे भवन पर्वत पर बस रही है..., शिव शंकर की ध्यान... आदि होली गीत पेश किए। वहां सभा के अध्यक्ष मनोज साह, महासचिव जगदीश बवाड़ी, प्रो. ललित तिवारी, बृजमोहन जोशी, मुकेश जोशी, गिरीश जोशी, अशोक साह, विमल चौधरी, राजा साह, सतीश पांडे आदि थे।

इधर, रामनगर पर्वतीय सभा लखनपुर के दुर्गा मंदिर में बैठकी होली का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ हीरा बल्लभ पाठक ने गणेश वंदना से किया।

## पांच किमी डोली और सौ किमी गाड़ी से सफर करने के बाद मिला इलाज

**नैनीताल , एजेंसी।** बिरसिंग्या गांव में सड़क नहीं बनने के कारण गांव की मधुली देवी (65) को बीमार होने पर पांच किमी तक डोली में ढोकर सड़क तक लाया गया, इसके बाद सौ किमी गाड़ी से सफर तय कर हल्द्वानी एसटीएच पहुंचाया गया। इससे लोगों में नाराजगी है।

सरकार पहाड़ों पर सड़क और स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार के कितने भी दावे कर ले, लेकिन धरातल पर गांवों में रह रहे लोगों के नसीब में सिर्फ इंतजार ही आ रहा है। कई बार समय पर इलाज नहीं मिलने पर पहाड़ों के दूरस्थ गांवों में मरीज दम तोड़ देता है और कहीं पर कई किमी डोली से यात्रा के बाद अस्पताल में इलाज नसीब होता है। ऐसा ही एक मामला सोमवार को धारी ब्लॉक की ग्राम पंचायत बबियाड़ के बिरसिंग्या गांव में सामने आया, जहां सड़क नहीं बनने के कारण गांव की मधुली देवी (65) बीमार होने पर पांच किमी तक डोली में ढोकर सड़क तक लाया गया, इसके बाद सौ किमी गाड़ी से सफर तय कर हल्द्वानी एसटीएच पहुंचाया गया।



ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि सरकार, स्थानीय जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों की ओर से सड़क बनाने के कोरे आश्वासन दिए जा रहे हैं। पूर्व में तत्कालीन डीएम सविन बंसल ने बिरसिंग्या गांव में पहुंचकर जनता दरबार लगाकर सड़क बनाने का आश्वासन दिया था। ग्रामीणों ने कहा कि डीएम का तो तबादला हो गया, लेकिन गांव के लिए सड़क नहीं बन पाई। कहा कि कुमाऊं कमिश्नर और डीएम भी सड़क निर्माण की समस्या हल नहीं कर पा रहे हैं।

गांव के विद्यासागर, अनिल कुमार, दयाल, सुभाष चंद्र, शिवराज, खीमानंद, देवेश, ललित टम्टा और प्रकाश चंद्र ने सरकार और शासन-प्रशासन से सड़क का निर्माण कराने की मांग की है।

## भाजपा हाईकमान तक पहुंचा प्रत्याशी चयन का मामला, पूर्व कैबिनेट मंत्री टटोलेंगे दावेदारों का मन

**अल्मोड़ा, एजेंसी।**
अल्मोड़ा मेयर की महिला उम्मीदवार के चयन का मुद्दा भाजपा प्रदेश नेतृत्व तक पहुंच गया है। पार्टी की कई सक्रिय कार्यकर्ता टिकट की दावेदारी कर रही हैं लेकिन बदली परिस्थिति में पार्टी के कई पुरुष नेता अपने परिवार की महिलाओं के लिए संभावनाएं तलाश रहे हैं।

नगर निकायों के लिए घोषित आरक्षण के बाद स्थानीय स्तर से लेकर हाईकमान स्तर तक के राजनेताओं की माथापच्ची बढ़ गई है। अल्मोड़ा मेयर की महिला उम्मीदवार के चयन का मुद्दा तो भाजपा प्रदेश नेतृत्व तक पहुंच गया है। पार्टी की कई सक्रिय कार्यकर्ता टिकट की दावेदारी कर



रही हैं लेकिन बदली परिस्थिति में पार्टी के कई पुरुष नेता अपने परिवार की महिलाओं के लिए भी संभावनाएं तलाश रहे हैं। बदली परिस्थितियों के बीच वार्ड स्तर के कई नेता आरक्षण पर आपत्ति का बड़ा सा पुलिंदा लेकर भाजपा प्रदेश कार्यालय पहुंच गए हैं।

कहने के लिए पार्टी के स्थानीय नेता दावा कर रहे हैं की पार्टी जिसे भी टिकट देगी उसे मजबूती से चुनाव लड़ाया जाएगा। इधर सियासत के जानकार बता रहें कि जो खुद टिकट के लिए मन ही मन इच्छा पाले बैठे हैं वह कैसे किसी एक प्रत्याशी के लिए मन से प्रचार-प्रसार करते नजर आएंगे। वैसे भी इस आरक्षण ने चुनाव लड़ने की आस पाले बैठे कई नेताओं के अरमानों पर पानी फेर दिया है।अल्मोड़ा की मेयर सीट महिला के लिए आरक्षित कर दी गई है। ऐसे में खुद के लिए टिकट चाहने वालों की मंशा मेयर पति, मेयर पिता या फिर मेयर भाई बनने की है। इसके लिए इन नेताओं ने स्थानीय स्तर से लेकर हाईकमान तक से फिल्डिंग लगानी शुरू कर दी है।सूत्रों ने बताया कि अल्मोड़ा जिले के लिए और पार्टी की गाइडलाइन से उन्हें अवगत कराने के लिए प्रदेश हाई कमान ने पूर्व मंत्री बलवंत सिंह भौर्याल, रुद्रपुर के विधायक शिव अरोड़ा और गंगोलीहाट की पूर्व विधायक मीना गंगोला को पर्यवेक्षक बनाया है।

### वीकेंड में नैनीताल में रही सैलानियों की चहल पहल

**नैनीताल, एजेंसी।** सप्ताहंत के चलते शनिवार के बाद रविवार को भी नैनीताल में पर्यटकों का जमावड़ा लगा रहा। वाहनों की संख्या बढ़ने के चलते शहर की सड़कों पर वाहन रेंग-रेंग कर चलते रहे। वहीं नैनीताल के आसपास के पर्यटक स्थलों में सैलानियों की भीड़ लगी रही, जिसके चलते पर्यटन कारोबारियों ने अच्छा कारोबार किया।

नगर की मॉलरोड, पंतपार्क, चाट बाजार, जू, बॉटनीकल गार्डन, वाटर फॉल और हिमालय दर्शन क्षेत्र में पूरे दिन पर्यटकों की भीड़ रही। साथ ही नौकायन भी किया। पर्यटकों की भीड़ के चलते नगर की सड़कों में वाहनों की लंबी कतार लगी रही।

### तीन युद्ध में पराक्रम दिखाने वाले पूर्व सैनिक हरक सिंह जेठी नहीं रहे

**अस्कोट, एजेंसी।** 1962, 1965 और 1972 के युद्ध में दुश्मनों को मुंहतोड़ जवाब देने वाले जेठीगांव निवासी पूर्व सैनिक हरक सिंह जेठी का 90 साल की उम्र में निधन हो गया है। उन्होंने अपने पैतृक गांव जेठी में अंतिम सांस ली। उनके निधन पर क्षेत्र में शोक की लहर है। अस्कोट के हंसेश्वर घाट पर बड़े बेटे भूपेंद्र सिंह और छोटे पुत्र ललित सिंह जेठी ने उनकी चिता को मुखाग्नि दी।

सेना से सेवानिवृत्त होने के बाद वह पिथौरागढ़ जिले के पहले टैक्सी मालिक बने। 90 के दशक में उनका मैटाडोर टैक्सी वाहन कोकिला एक्सप्रेस के नाम से लोकप्रिय रहा। धार्मिक प्रवृत्ति के होने के कारण भारत के अलावा उन्होंने नेपाल, श्रीलंका, भूटान और तिब्बत के लगभग सभी प्रमुख धार्मिक स्थलों की यात्रा की।

उनके निधन पर क्षेत्रीय विधायक विशन सिंह चुफाल, निवर्तमान ब्लॉक प्रमुख सुनीता कन्याल, भाजपा नेता महिमन कन्याल, निवर्तमान डीडीहाट नगर पालिका की अध्यक्ष कमला चुफाल, डीडीहाट भाजपा मंडल अध्यक्ष बीबीएस कन्याल और उत्तराखंड सांस्कृतिक मंच अध्यक्ष गोविंद भंडारी सहित अनेक लोगों ने शोक संवेदना व्यक्त की है।

### धोखाधड़ी के मामले में दोषी को तीन वर्ष का कठोर कारावास

**पिथौरागढ़, एजेंसी।** न्यायिक मजिस्ट्रेट (प्रथम श्रेणी) अवंतिका सिंह चौधरी की अदालत ने धोखाधड़ी के दोषी को तीन वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। दोषसिद्ध को एक हजार रुपये का अर्थदंड भी चुकाना होगा। अर्थदंड अदा न करने पर दोषी को 15 दिन का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा।

मामले के अनुसार 23 मार्च 2018 को राजकीय माध्यमिक विद्यालय जारा जिबली के प्रधानाचार्य प्रहलाद चुफाल ने जौलजीबी थाने में तहरीर दी। बताया कि 16 मार्च 2018 को गगन सिंह जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय से अनुसेवक पद के लिए नियुक्ति पत्र लाया था।

संदेह के आधार पर मुख्य शिक्षा अधिकारी कार्यालय में पता करने पर नियुक्ति पत्र फर्जी पाया गया। इस दौरान विद्यालय को तत्काल एफआईआर दर्ज कराने के आदेश दिए गए। जौलजीबी थाने में गगन सिंह कि खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 420, 467, 468 और 471 के तहत मुकदमा दर्ज किया था।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com
राष्ट्रीय दैनिक प्रातःकिरण
नई दिल्ली, बुधवार,18 दिसंबर, 2024



## संक्षिप्त खबरें

### प्लास्टिक दाना बनाने वाली फैक्टरी में लगी आग

नई दिल्ली,। दिल्ली के बवाना इलाके में मंगलवार सुबह प्लास्टिक दाना बनाने वाली एक फैक्टरी में आग लग गई। आग इतनी भीषण थी कुछ मिनटों में ही पूरी इमारत को चपेट में ले लिया। धुएं का गुबार आसपास के इलाके में छा गया। उधर, घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे फायर कर्मियों ने साढ़े तीन घंटे में आग पर काबू पा लिया। आशंका जताई जा रही है कि शॉर्ट सर्किट के कारण आग लगी होगी। पुलिस मामले की जांच कर रही है। फायर विभाग के निदेशक अतुल गर्ग ने बताया कि सुबह करीब 6.19 बजे कंट्रोल रूम को सूचना मिली कि बवाना डीएसआईआईडीसी इलाके के पास प्लास्टिक दाना बनाने वाली फैक्टरी में आग लग गई है। इसके बाद फायर विभाग के कर्मी और स्थानीय पुलिस की टीम पहुंच गई। घटनास्थल पर मौजूद फायर ऑफिसर सरबजीत ने बताया कि यहां करीब 200 गज में बेसमेंट, भूतल के अलावा ऊपर दो और मंजिल बनी है। दमकलकर्मियों ने पड़ोस की फैक्टरी पर चढ़कर आग बुझाने का काम शुरू किया। प्लास्टिक ज्यादा होने के कारण आग की लपटें बाहर आ रही थी। इमारत में अंदर जाने का रास्ता न मिलने के कारण आग बुझाने में काफी दिक्कत हुई।

### सात जुआरी गिरफ्तार

नई दिल्ली, ।दक्षिणी जिला स्पेशल स्टाफ ने सोमवार को खानपुर एक्सटेंशन इलाके जुआ रैकेट का भंडाफोड़ कर सात जुआरियों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से लगभग 23 हजार नकद बरामद हुआ है। पुलिस उपायुक्त अंकित चौहान ने बताया कि स्पेशल स्टाफ की टीम को सूचना मिली थी कि खानपुर एक्सटेंशन इलाके में एक जुआ रैकेट चल रहा है। सूचना के बाद छापेमारी कर मौके से जुआ खेलते हुए निखिल, वसीफ, अंशु, कन्हैया लाल, अनुप कुमार, राकेश और मुर्शीद को गिरफ्तार कर लिया गया। मौके से लगभग 23 हजार नकद भी बरामद हुआ।

### हत्या के प्रयास व चोरी में फरार वांछित बदमाश गिरफ्तार

नई दिल्ली,। सीआर पार्क और अंबेडकर नगर पुलिस ने सोमवार को हत्या के प्रयास और चोरी के मामले में फरार चल रहे दो वांछित बदमाशों को गिरफ्तार किया है। इनकी पहचान गोविंदपुरी निवासी 34 वर्षीय दीपक उर्फ निखिल और मुजफ्फर नगर, यूपी निवासी 40 वर्षीय सरफराज के रूप में हुई है। दीपक पर हत्या के प्रयास और सरफराज पर चोरी का मामला दर्ज है। दीपक पांच और सरफराज छह साल से फरार चल रहा था। दोनों को अदालत ने भगोड़ा घोषित कर रखा था। फिलहाल दोनों को अदालत में पेश कर जेल भेज दिया गया है। दक्षिणी जिला पुलिस उपायुक्त अंकित चौहान ने बताया कि अंबेडकर नगर पुलिस को सूचना मिली थी कि 2015 में अंबेडकर नगर थाने में चोरी के मामले में फरार आरोपी सरफराज जहांगीरपुरी इलाके में है। जिसके बाद छापेमारी कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया। उसे कोर्ट ने 2018 में भगोड़ा घोषित कर रखा था। वहीं सीआर पार्क पुलिस ने गौतम बुद्ध नगर, यूपी से दीपक उर्फ निखिल को गिरफ्तार कर लिया। वह पिछले पांच साल से फरार चल रहा था। उसके खिलाफ सरिता विहार थाने में 2015 में हत्या के प्रयास का मामला दर्ज हुआ था। 2019 में उसे साकेत कोर्ट ने भगोड़ा घोषित कर रखा था।

### दो नाबालिग समेत तीन पकड़े, गांजा, मोबाइल फोन व बाइक बरामद

नई दिल्ली,। गोविंदपुरी पुलिस ने वाहन चोरी और गांजा तस्करी के अलग अलग मामलों में दो नाबालिग समेत तीन को पकड़ा है। दोनों नाबालिग के पास से चोरी के दो मोबाइल फोन व एक बाइक बरामद हुआ है। वहीं, एक गांजा तस्कर 42 वर्षीय अनिल के पास से 960 ग्राम गांजा बरामद हुआ है। दक्षिण पूर्वी जिला पुलिस उपायुक्त रवि कुमार सिंह ने बताया कि गोविंदपुरी इलाके में 13 दिसंबर को गश्त के दौरान पुलिस वालों छुरिया मोहल्ला, तुगलकाबाद गांव से अनिल नाम के गांजा तस्कर को गिरफ्तार किया। तलाशी लेने पर उसके पास से 960 ग्राम गांजा बरामद हुआ। वहीं, 14 दिसंबर को पुलिस वाले गश्त पर थे।तभी बाइक सवार दो लड़के दिखाई पड़े।उन्हें पकड़ जांच की गई तो बाइक चोरी की निकली। तलाशी लेने पर उनके पास से चोरी के दो मोबाइल भी बरामद हुआ।

# जेएनयू ने पीएम मोदी पर आधारित डॉक्यूमेंट्री दिखाने को लेकर छात्रों को दी चेतावनी

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



नई दिल्ली,। जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) के एक छात्र संगठन ने सोमवार को एक पोस्टर वितरित किया, जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर आधारित प्रतिबंधित डॉक्यूमेंट्री दिखाने की घोषणा की गई थी। इसके बाद जेएनयू प्रशासन ने एक एडवाइजरी जारी की। एडवाइजरी में कहा गया है कि संबंधित छात्रों को सलाह दी जाती है कि वे ऐसी सभी गतिविधियों से बचें, अन्यथा विश्वविद्यालय के नियमों के अनुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी। सोशल मीडिया के जरिए प्रसारित पोस्टर में लिखा गया है कि जामिया मिलिया इस्लामिया पर 2019 में दिल्ली पुलिस के हमले की याद में, ऑल इंडिया स्टूडेंट फेडरेशन (एआईएसएफ) जेएनयू 17 दिसंबर को रात 9 बजे बीबीसी डॉक्यूमेंट्री इंडियाः द मोदी क्वेश्चन की स्क्रीनिंग कर रहा है। इसमें यह भी बताया गया है कि स्क्रीनिंग कैंपस के गंगा ढाबा पर होगी। वहीं, जेएनयू छात्र संघ (जेएनयूएसयू) के अध्यक्ष धनंजय ने अब छात्रों की राय व्यक्त करने की इच्छा का समर्थन किया। उन्होंने कहा कि मेरा मानना है कि कैंपस में ऐसे मामलों पर आलोचनात्मक विश्लेषण के लिए स्थान होना चाहिए। डॉक्यूमेंट्री पर प्रतिबंध क्यों होना चाहिए। इस पर चर्चा होनी चाहिए और विश्वविद्यालय को इसे सुविधाजनक बनाना चाहिए। अगर स्क्रीनिंग के दौरान कोई समस्या आती है, तो हम छात्रों के साथ खड़े रहेंगे। जेएनयूएसयू के संयुक्त सचिव और एआईएसएफ के सदस्य साजिद ने बताया कि स्क्रीनिंग के संबंध में उनसे फोन पर पुलिस द्वारा पूछताछ की गई। परिसर में ऐसे कार्यक्रम आयोजित करने के लिए किसी पूर्व अनुमति की औपचारिक प्रक्रिया नहीं है। हम योजना के अनुसार स्क्रीनिंग कराएंगे। अगर अधिकारी हमें बड़ी स्क्रीन पर डॉक्यूमेंट्री दिखाने से रोकते हैं, तो हम वैकल्पिक तरीके खोज लेंगे। चाहे वह लैपटाप के माध्यम से हो या फोन के माध्यम से, स्क्रीनिंग होगी। ये है जेएनयू प्रशासन की एडवाइजरीः जेएनयू प्रशासन की ओर से जारी एडवाइजरी में कहा गया है कि यह ध्यान में आया है कि छात्रों के एक समूह ने कल रात 9 बजे गंगा ढाबा पर निर्धारित एक प्रतिबंधित डॉक्यूमेंट्री की स्क्रीनिंग के लिए एक पर्चा जारी किया है। इस कार्यक्रम के लिए इंटर हॉस्टल एडमिनिस्ट्रेशन (आइएचए) से कोई पूर्व अनुमति नहीं ली गई है। संबंधित छात्रों को सख्ती से सलाह दी जाती है कि वे ऐसी सभी गतिविधियों से बचें, अन्यथा विश्वविद्यालय के नियमों के अनुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### दल्ली की महिला कलाकारों ने वामा कला प्रदर्शनी में बिखेरी अपनी चमक

नई दिल्ली,। हर चित्रकार की कला उसके जीवन के अनुभव और सोच का एक आदान-प्रदान होती है। इस विचार को भव्यता से प्रस्तुत करते हुए दिल्ली के त्रिवेणी कला संगम की श्रीधरनी गैलरी में साहित्य कला परिषद द्वारा आयोजित ह्यवामा कला प्रदर्शनीह्न में देखा जा सकता है। इस प्रदर्शनी में दिल्ली की 20 प्रतिष्ठित महिला कलाकारों की अद्भुत कलाकृतियां प्रदर्शित की गई हैं, जो समावेशिता, रचनात्मकता और महिलाओं के दीर्घकालिक योगदान का जश्न मनाने के लिए एक मंच प्रदान करती हैं। प्रदर्शनी का उद्देश्यः ह्यवामाह्न का मुख्य उद्देश्य न केवल कला के क्षेत्र में महिलाओं के योगदान को उजागर करना है, बल्कि उन्हें सशक्त भी करना है। यहां दर्शकों को दिल्ली की महिला कलाकारों द्वारा प्रकट किए गए विभिन्न दृष्टिकोणों और कला के रूपों का अनुभव करने का अवसर मिलता है। यह प्रदर्शनी 21 दिसंबर तक प्रतिदिन सुबह 11 बजे से रात 8 बजे तक खुली रहेगी। कलाकारों की दृष्टिः प्रदर्शनी में भाग ले रही कलाकारों में शंपा सरकार दास का नाम प्रमुखता से आता है। उनकी ह्यमयूर सीरीजह्न एक्रेलिक पर आधारित है, जिसमें मोर और कमल का प्रतीकात्मक प्रयोग किया गया है। उनका काम जीवन के अंतसंबंधों का उत्सव है, जिसमें उन्होंने कोविड-19 के दौरान प्रकृति की सच्चाई और मानव जीवन में उसके महत्व को समझा। दूसरी तरफ रश्मि चौधरी की फोटोग्राफी एक अनूठी कहानी कहती है।

# दिल्ली सरकार की सभी इमारतों में अब 5 स्टार रेटिंग एसी और एनर्जी एफिशिएंट पंखों का उपयोग अनिवार्य

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



नई दिल्ली,। बिजली बचत की दिशा में दिल्ली सरकार ने बड़ा कदम उठाते हुए सभी अपनी सरकारी इमारतों में कम बिजली खपत करने वाले बीएलडीसी पंखे, 5-स्टार रेटिंग वाले एयर कंडीशनर के साथ-साथ बेहतर स्टार रेटिंग वाले बिजली के उपकरणों का उपयोग अनिवार्य करने का निर्णय लिया है। इस निर्णय को मुख्यमंत्री आतिशी से मंजूरी मिल गई है। माना जा रहा है कि सरकार के इस निर्णय से न केवल बिजली की बचत होगी बल्कि सालाना करोड़ो रुपये की भी बचत होगी। इस बाबत जानकारी साझा करते हुए मंगलवार को आतिशी ने कहा, हमारी सरकार ने ऊर्जा दक्षता को प्राथमिकता देते हुए यह निर्णय लिया है कि सभी सरकारी इमारतों में कम बिजली इस्तेमाल करने वाले बीएलडीसी पंखे, 5-स्टार रेटेड एयर कंडीशनर और अन्य ऊर्जा दक्ष उपकरणों का उपयोग अनिवार्य होगा। यह कदम न केवल बिजली खपत और बिलों को कम करेगा बल्कि एक हरित भविष्य की दिशा में भी बड़ा योगदान देगा। यह पहल देशभर के लिए एक उदाहरण बनेगी कि कैसे टेक्नोलॉजी इनोवेशन और सही पॉलिसी के जरिए ऊर्जा संरक्षण को बढ़ावा दिया जा सकता है। उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य है कि सरकारी इमारतों में ऊर्जा दक्ष उपकरणों का इस्तेमाल करते हुए बिजली को बचाया जाए और इस निर्णय से हम हर साल करोड़ों रुपये की बचत करेंगे। साथ ही यह कदम पर्यावरणीय संतुलन बनाए रखने और कार्बन उत्सर्जन को कम करने की दिशा में भी बड़ा योगदान देगा। दिल्ली सरकार की इमारतें बिजली की बड़ी खपतकर्ता हैं। दिल्ली सरकार के विभाग हर साल 2000 मिलियन यूनिट से अधिक बिजली का उपयोग करते हैं, जिसकी लागत 8.50 रुपये से 11.50 रुपये प्रति यूनिट होती है। इस कारण से बिजली बिलों पर 1900 करोड़ रुपये से अधिक खर्च होते हैं। तकनीक में सुधार के कारण बिजली बचाने के कई विकल्प उपलब्ध हैं। जैसे कि एलईडी लाइट्स ने पहले ही ऊर्जा बचत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, अब फोकस पंखों और एयर कंडीशनर्स पर है। बीएलडीसी पंखे, पारंपरिक पंखों की तुलना में लगभग 40-45 वाट कम बिजली की खपत करते हैं। इससे हर साल प्रति पंखा लगभग 96 यूनिट बिजली बचाई जा सकती है, जिससे 950 से 1100 रुपये की बचत संभव है। इसी तरह, 5-स्टार रेटेड एयर कंडीशनर सामान्य एसी की तुलना में 2800 से 3042 यूनिट बिजली बचा सकते हैं, जो सालाना 27,000 से 29,000 रुपये की बचत का कारण बनता है। इस पहल का मुख्य उद्देश्य बिजली की बढ़ती मांग को नियंत्रित करना और ऊर्जा दक्षता को बढ़ावा देना है। इस साल गर्मियों में दिल्ली में बिजली की पीक डिमांड 8656 मेगावाट तक पहुंच गई थी, जो पिछले वर्ष के 7438 मेगावाट के मुकाबले काफी अधिक है। ऐसे में सरकारी इमारतें, जो बिजली की प्रमुख खपतकर्ता हैं, इस पहल से बिजली का दक्षता से इस्तेमाल करते हुए बिजली बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी।

# दिल्ली सरकार के इस कदम से न केवल बिजली खपत कम होगी बल्कि सालाना करोड़ों रुपयों की बचत भी होगी : सीएम आतिशी

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



बिजली बचत की दिशा में दिल्ली सरकार ने बड़ा कदम उठाते हुए सभी सरकारी इमारतों में कम बिजली खपत करने वाले बीएलडीसी पंखे, 5-स्टार रेटिंग वाले एयर कंडीशनर के साथ-साथ बेहतर स्तर रेटिंग वाले बिजली के उपकरणों का उपयोग अनिवार्य करने का निर्णय लिया है। इस निर्णय को सीएम आतिशी से मंजूरी मिल गई है।सरकार के इस निर्णय से न केवल बिजली की बचत होगी बल्कि सालना करोड़ो रुपयों की भी बचत होगी। इस बाबत साझा करते हुए सीएम आतिशी ने कहा कि, हमारी सरकार ने ऊर्जा दक्षता को प्राथमिकता देते हुए यह निर्णय लिया है कि सभी सरकारी इमारतों में कम बिजली इस्तेमाल करने वाले बीएलडीसी पंखे, 5-स्टार रेटेड एयर कंडीशनर और अन्य ऊर्जा दक्ष उपकरणों का उपयोग अनिवार्य होगा। यह कदम न केवल बिजली खपत और बिलों को कम करेगा, बल्कि एक हरित भविष्य की दिशा में भी बड़ा योगदान देगा। यह पहल देशभर के लिए एक उदाहरण बनेगी कि कैसे टेक्नोलॉजी इनोवेशन और सही पॉलिसी के जरिए ऊर्जा संरक्षण को बढ़ावा दिया जा सकता हैह्व उन्होंने कहा कि, हमारा लक्ष्य है कि सरकारी इमारतों में ऊर्जा दक्ष उपकरणों का इस्तेमाल करते हुए बिजली को बचाया जाए और इस निर्णय से हम हर साल करोड़ों रुपये की बचत करेंगे। साथ ही यह कदम पर्यावरणीय संतुलन बनाए रखने और कार्बन उत्सर्जन को कम करने की दिशा में भी बड़ा योगदान देगा। बता दे कि, दिल्ली सरकार की इमारतें बिजली की बड़ी खपतकर्ता हैं। दिल्ली सरकार के विभाग हर साल 2000 मिलियन यूनिट से अधिक बिजली का उपयोग करते हैं, जिसकी लागत 8.50 रुपये से 11.50 रुपये प्रति यूनिट होती है। इस कारण से बिजली बिलों पर 1900 करोड़ रुपये से अधिक खर्च होते हैं। किस तरह होगी बिजली की बचत? तकनीक में सुधार के कारण बिजली बचाने के कई विकल्प उपलब्ध हैं। जैसे कि एलईडी लाइट्स ने पहले ही ऊर्जा बचत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, अब फोकस पंखों और एयर कंडीशनर्स पर है। बीएलडीसी पंखे, पारंपरिक पंखों की तुलना में, लगभग 40-45 वाट कम बिजली की खपत करते हैं। इससे हर साल प्रति पंखा लगभग 96 यूनिट बिजली बचाई जा सकती है, जिससे 950 से 1100 रुपये की बचत संभव है। इसी तरह, 5-स्टार रेटेड एयर कंडीशनर सामान्य एसी की तुलना में 2800 से 3042 यूनिट बिजली बचा सकते हैं, जो सालाना 27,000 से 29,000 रुपये की बचत का कारण बनता है इस पहल का मुख्य उद्देश्य बिजली की बढ़ती मांग को नियंत्रित करना और ऊर्जा दक्षता को बढ़ावा देना है। इस साल गर्मियों में दिल्ली में बिजली की पीक डिमांड 8656 मेगावाट तक पहुंच गई थी, जो पिछले वर्ष के 7438 मेगावाट के मुकाबले काफी अधिक है। ऐसे में सरकारी इमारतें, जो बिजली की प्रमुख खपतकर्ता हैं, इस पहल से बिजली का दक्षता से इस्तेमाल करते हुए बिजली बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी।

# स्कूल की शानदार जियोग्राफी लैब देखकर सीएम आतिशी ने कहा- मैंने बड़े प्राइवेट स्कूल में पढ़ाई की, लेकिन ऐसी सुविधाएं वहां भी नहीं थीं

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता




दिल्ली में हर बच्चे को शानदार शिक्षा देने के क्रम में आप सरकार ने बुराड़ी विधानसभा के मुकुंदपुर गाँव स्थित गवर्नमेंट गर्ल्स सीनियर सेकेंड्री स्कूल में एक नया वर्ल्ड क्लास अकेडमिक ब्लॉक तैयार करवाया है। मंगलवार को सीएम आतिशी ने उद्घाटन कर इस स्कूल को बच्चों को समर्पित किया। इस मौके पर सीएम आतिशी ने कहा कि, मुकुंदपुर गाँव की घनी आबादी और संकरी गलियों के बीच बना स्कूल का ये शानदार ब्लॉक प्राइवेट स्कूलों से भी शानदार है। उन्होंने कहा कि, ह्लअरविंद केजरीवाल जी की शिक्षा क्रांति की बदौलत अब गरीब का बच्चा गरीब नहीं बनता, अच्छी शिक्षा पाकर अपने सपने पूरे करता है। सीएम आतिशी ने कहा कि,1947 से 2015 तक दिल्ली के सरकारी स्कूलों में 24,000 कमरे बने लेकिन आप सरकार ने मात्र 10 सालों में 65 सालों का काम ;८ और 22,000 से ज्यादा कमरें बनवाए। स्कूल की शानदार जियोग्राफी लैब देखकर सीएम आतिशी ने कहा- मैंने बड़े प्राइवेट स्कूल में पढ़ाई की, लेकिन ऐसी सुविधाएं वहां भी नहीं थीं। आज उद्घाटन के मौके पर कार्यक्रम में बच्चों ने सीएम आतिशी का तिलक लगाकर स्वागत किया गया। उसके पश्चात स्कूल की पट्टिका का अनावरण किया गया। इस दौरान सीएम ने प्रदर्शनी लगाने वाले बच्चों से मुलाकात की और उसके बाद स्कूल का निरीक्षण किया। इस दौरान क्षेत्रीय विधायक संजीव झा भी मौजूद रहे। मुकुंदपुर गाँव की घनी आबादी के बीच स्कूल की ये नई बिल्डिंग आसपास के प्राइवेट स्कूलों से भी शानदार स्कूल के नए अकेडमिक ब्लॉक के उद्घाटन के अवसर पर सीएम आतिशी ने कहा कि, मुझे इस बात की खुशी है कि, इतनी घनी आबादी वाले इलाके में जहाँ मात्र कुछ दूरी में ही 1 लाख को आबादी है। इतनी घनी आबादी, इतनी संकरी गलियों के बीच इतनी शानदार बिल्डिंग बनी है। आज 36 कमरों की ये बिल्डिंग इस पूरे इलाके के प्राइवेट स्कूलों में इतनी शानदार बिल्डिंग, इतने शानदार क्लासरूम, लैब नहीं मिलेंगे। नए अकेडमिक ब्लॉक से छात्राओं को होगा फायदा, पढ़ाई के लिए घर से दूर नहीं जाना होगा; क्लासरूम पर कम होगा स्टूडेंट्स का दबाव पढ़ाई का स्तर सुधरेगा सीएम आतिशी ने कहा कि, इस नई बिल्डिंग के बाद खासतौर पर लड़कियां जो दसवीं के बाद अक्सर दूर के स्कूलों में जाती थी। लेकिन मुझे इस बात की खुशी है कि इस नई बिल्डिंग से सबसे ज्यादा फायदा मुकुंदपुर गाँव की लड़कियों को होगा और उन्हें पढ़ाई के लिए घर से दूर नहीं जाना पड़ेगा। इस बिल्डिंग के बनने से पहले घनी आबादी के कारण यहाँ एक क्लास में 80-80 बच्चे बैठते थे। और जब एक क्लास में इतने बच्चे बैठते है तो चाहे टीचर कितनी भी कोशिश करें लेकिन पढ़ाई का वो स्तर नहीं आ पाएगा। लेकिन इस नई बिल्डिंग के साथ अब यहाँ पढ़ाई के स्तर में भी सुधार आएगा। मैं दिल्ली के सबसे बड़े प्राइवेट स्कूल में से एक में पढ़ी लेकिन वहाँ भी ऐसा शानदार जियोग्राफी लैब नहीं था सीएम आतिशी ने कहा कि,स्कूल का जियोग्राफी लैब देखकर विश्वास नहीं हुआ कि, सरकारी स्कूल में ऐसे लैब्स भी हो सकते है। मैं खुद दिल्ली के एक बड़े प्राइवेट स्कूल में पढ़ी हूँ लेकिन उस बड़े प्राइवेट स्कूल में भी जियोग्राफी की लैब नहीं होती थी। जिन चीजों को हम किताब में पढ़ते थे वो सारे मॉडल इक्यूपमेंट्स आज इस लैब में हमारे बच्चों की पढ़ाई के लिए मौजूद है। उन्होंने कहा कि,एक समय ऐसा था जब लैब में मौजूद इक्यूपमेंट्स-कंप्यूटरों को बच्चों को हाथ भी नहीं लगाने दिया जाता था। लेकिन आज इस लैब को देखकर को इस लैब को दिखाने वाली बच्ची का आत्मविश्वास देखकर समझ आ गया कि अब जमाना बदल गया है। जिस आत्मविश्वास से 11 वीं की बच्ची ने एक एक इक्यूपमेंट्स के बारे में बताया वो हमारे स्कूलों में पढ़ाई के स्तर में हुए बदलाव को दिखाता है।यही हमारा सपना भी था 10 साल पहले गरीब माता-पिता दिल पर पत्थर रखकर अपने बच्चों को सरकारी स्कूल भेजते थे सीएम आतिशी ने कहा कि,10 साल पहले जब हमारी सरकार बनी, हम सरकारी स्कूलों को देखते थे तो ये सभी सरकारी स्कूल टेंट वाले स्कूल कहलाते थे। जहाँ बरसात में पानी टपकता था, बच्चे टाट पट्टी पर बैठते थे, स्कूलों में टीचर नहीं आते थे। कोई भी अपने बच्चे को सरकारी स्कूल नहीं भेजना चाहता मिलनी चाहिए।

# डिप्टी कमिश्नर को जोन चेयरमैन द्वारा कारवाई का निर्देश

## नजफगढ़ में चल रहे अवैध कबाड़ गोदाम पर हो कारवाई

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



दिल्ली देहात के नजफगढ़ जोन से चेयरमैन अमित खरखड़ी ने जोन के डिप्टी कमिश्नर को पत्र लिखकर क्षेत्र में चल रहे अवैध कबाड़ के गोदामों के खिलाफ करवाई करने के निर्देश दिए हैं। पत्र में जोन चेयरमैन ने लिखा है कि क्षेत्र में जगह जगह अवैध कबाड़ के गोदाम चल रहें है और ऐसा संज्ञान में आ रहा है कि ये कबाड़ के गोदाम अवैध रोहिंगया और बांग्लादेशियों द्वारा चलाए जा रहे है। सभी का सत्यापन किया जाए और सभी गोदामों को सील किया जाये। बात करने पर अमित खरखड़ी ने कहा कि आज की परिस्थितियों को देखते हुए अवैध रोहिंगया और बांग्लादेशी दिल्ली और देश के लिए खतरा है। ऐसी जानकारी आ रही है, की वह जगह जगह अवैध कबाड़ के गोदाम चला रहे हैं। उन पर सख्त कारवाई जरूरी है, इसी के निमित्त जरूरी निर्देश दिए गए कि सभी का सत्यापन किया जाये और सख्त करवाई कर सील किया जाए।

# दिल्ली सरकार अनेक योजनाएं लागू नहीं कर रही, राजधानी के किसानों को नहीं मिल रहा लाभः चौहान

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

नई दिल्ली, ।केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने राष्ट्रीय राजधानी में केंद्र की अनेक कृषि संबंधी योजनाओं को लागू नहीं करने के लिए दिल्ली सरकार की आलोचना करते हुए मंगलवार को कहा कि यह ह्यअत्यंत दुर्भाग्यपूर्णह्न है कि यहां के किसानों को महत्वपूर्ण लाभों से वंचित किया जा रहा है। कृषि मंत्री चौहान ने लोकसभा में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सदस्य रामवीर सिंह विधूड़ी के पूरक प्रश्न का उत्तर देते हुए कहा कि दिल्ली सरकार को राजधानी के क्षेत्र में किसानों के फायदे के लिए केंद्र की योजनाओं को लागू करना चाहिए। उन्होंने कहा, मैं दिल्ली सरकार से अनुरोध करता हूं कि किसानों के लाभ के लिए किसान केंद्रित योजनाओं को लागू करे। चौहान ने कहा, केंद्र सरकार किसानों को लाभान्वित करने के लिए राज्य सरकारों के साथ समन्वय से काम करती है। यह अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है कि दिल्ली सरकार अनेक केंद्रीय योजनाओं का लाभ नहीं उठा रही है, जिससे किसान प्रभावित होते हैं। उन्होंने कहा कि दिल्ली में जैविक खेती में लगे किसानों को केंद्र से पूरी तरह सहयोग मिलेगा। चौहान ने कहा, ह्यह्यहम किसानों को जैविक खाद के लिए डीबीटी (प्रत्यक्ष लाभ अंतरण) के माध्यम से सीधे सहायता प्रदान करते हैं। दिल्ली में भी हम जैविक खेती कर रहे किसानों की मदद करेंगे।

# 93 आपराधिक मामलों में शामिल कुख्यात बदमाश गिरफ्तार

नई दिल्ली, ।राजौरी गार्डन पुलिस ने एक कुख्यात बदमाश व वाहनचोर रवि उर्फ करन को गिरफ्तार किया है। पश्चिमी जिला पुलिस उपायुक्त विचित्र वीर ने बताया कि जांच में इस पर 93 आपराधिक मामले दर्ज मिले हैं। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी की दो ईको वैन, पांच मोटरसाइकिल व पांच स्कूटी भी बरामद की है। पुलिस के मुताबिक, राजौरी गार्डन इलाके से ईको वैन चोरी की शिकायत थाने में दर्ज कराई गई थी। मामले की जांच के दौरान पुलिस ने सीसीटीवी कैमरों की फुटेज को खंगालते हुए रवि उर्फ करन की पहचान की। इसके बाद तकनीकि टीम व स्थानीय सूत्रों की मदद से आरोपी की लोकेशन का पता लगाया और छापा मारकर आरोपी रवि को चोरी की ईको वैन समेत गिरफ्तार कर लिया। आरोपी से पूछताछ के बाद इसकी निशानदेही पर चोरी के 11 अन्य वाहन बरामद कर लिए गए। पुलिस ने इनकी गिरफ्तारी के बाद 12 मामले सुलझाने का दावा किया है।

# मोदी सरकार वन नेशन-वन इलेक्शन के जरिए संविधान और लोकतंत्र को खत्म कर देश में तानाशाही थोपना चाहती है- संजय सिंह

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

वन नेशन, वन इलेक्शन बिल लोकसभा में पास होने के बाद आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने अपनी कड़ी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार वन नेशन-वन इलेक्शन के जरिए संविधान और लोकतंत्र को खत्म कर देश में तानाशाही थोपना चाहती है। इसके लागू होने के बाद देश में बेतहाशा महंगाई बढ़ेगी,कई राज्यों में चुनाव नहीं होंगे और खरीद फरोख्त बढ़ेगी, क्योंकि केंद्र सरकार को किसी का कोई डर नहीं होगा। वहीं, देश में अलग-अलग चुनाव होने से पार्टियों को डर होता है और वो महंगाई कम करने समेत जनता के हित में कई फैसले लेती हैं, लेकिन अगर वन नेशन वन इलेक्शन लागू हो जाता है तो केंद्र की सत्ता में बैठी पार्टी का यह डर खत्म हो जाएगा। उन्होंने कहा कि भाजपा का अलग-अलग चुनाव होने से राज्यों का काम बाधित होने का तर्क भी बेतुका है, क्योंकि जिस राज्य में चुनाव होता है, उसी में आचार संहिता लगती है। आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने कहा कि बार-बार हम यह कहते हैं कि भाजपा और प्रधानमंत्री मोदी भारत के संविधान को तार-तार करना चाहते हैं। ये लोग भारत के संविधान की धज्जियां उड़ाना चाहते हैं। संविधान के अनुसार चाहे वह केंद्र की सरकार हो या किसी राज्य की सरकार हो, सबका कार्यकाल 5 साल का होता है। उस बीच में अगर सरकार अल्पमत में आती है तो दोबारा चुनाव होंगे, यह हमारी संवैधानिक व्यवस्था है। बाबा साहब भीमराव अंबेडकर द्वारा लिखे गए भारत के संविधान में यह व्यवस्था है। ये लोग इस देश में तानाशाही लाने जा रहे हैं, लोकतंत्र को खत्म करने जा रहे हैं। यह खरीद-फरोख्त को बढ़ावा देने जा रहे हैं। इससे किसी भी सरकार को अल्पमत में लाकर अपनी सरकार बनाने की भाजपा की जो कोशिश रहती है, उसको बढ़ावा मिलेगा। भाजपा जिस तरह खरीद-फरोख्त करके, पैसों का इस्तेमाल या मोदी वॉशिंग मशीन का इस्तेमाल करती है, वह पूरे देश में बढ़ जाएगा। क्योंकि 5 साल तक तो कुछ होना नहीं है। संजय सिंह ने आगे कहा कि यह लोग अपने दोस्त अडानी से लेकर जितने भी लोग हैं, उन्हें भारत की संपत्तियां लुटाते रहेंगे, बेचते रहेंगे। क्योंकि 5 साल तक तो कोई कुछ कर नहीं सकता। फिर सदन का, संसद का या चुनाव का कोई मतलब नहीं बचेगा। आज कोई भी राजनेता केवल इस बात से डरता है क्योंकि उसे अगली बार फिर चुनाव में जाना होता है। अलग-अलग राज्यों में जब चुनाव होते हैं, तो पार्टियों को भी डर होता है। फिर चाहे वह केंद्र की सरकार हो या राज्य की सरकार हो। उन्हें डर रहता है कि अगर अभी महाराष्ट्र, गुजरात, झारखंड या छत्तीसगढ़ का चुनाव होना है, तो महंगाई कम करो, पेट्रोल-डीजल के दाम कम करो, गैस सिलेंडर के दाम कम करो। लेकिन अब क्या डर रह जाएगा? इसके बाद तो अगर यह आज जीत गए तो दूसरे दिन से सिलेंडर का दाम 5000 रुपए, पेट्रोल का दाम 200 रुपए, डीजल का दाम 250 रुपए हो जाएगा। ये लोग कुछ भी करते रहेंगे और कोई कुछ नहीं कर पाएगा। 5 साल तक आप इनके खिलाफ कुछ नहीं कर सकते। संजय सिंह ने कहा कि यह लोग ह्यवन नेशन, वन इलेक्शनह्न के माध्यम से देश के लोकतंत्र और संविधान को खत्म करना चाहते हैं और देश में तानाशाही थोपना चाहते हैं। इस देश में अपार महंगाई बढ़ेगी और कोई कुछ नहीं कर पाएगा। 5 साल के लिए केंद्र में सरकार होगी, इस बीच राज्य में भी कहीं कोई चुनाव नहीं होगा। सरकारों के अंदर कोई डर नहीं होगा। आज अलग-अलग चुनाव होने से पार्टियों के मन में डर तो रहता ही है। संजय सिंह ने कहा कि दूसरी बात रही काम बाधित होने की, तो जिस राज्य में चुनाव होते हैं वहां आचार संहिता लगती है। वहां भी 5 साल में एक ही बार आचार संहिता लगती है, जब चुनाव होता है। या अगर बीच में सरकार गिर गई तो उस दौरान चुनाव होने के समय फिर आचार संहिता लगती है। ये लोग वैसे भी देश के लिए कौन सा बड़ा काम कर रहे हैं कि आचार संहिता से इनका काम बाधित हो रहा है।

# सीएम ने मुकुंदपुद में स्कूल के नवनिर्मित अकेडमिक ब्लॉक का किया उद्घाटन

नई दिल्ली,। दिल्ली सरकार ने बुराड़ी विधानसभा के मुकुंदपुर गांव स्थित गवर्नमेंट गर्ल्स सीनियर सेकेंड्री स्कूल में एक नया वर्ल्ड क्लास अकेडमिक ब्लॉक तैयार करवाया है। मंगलवार को मुख्यमंत्री आतिशी ने उद्घाटन कर इस स्कूल को बच्चों को समर्पित किया। इस मौके पर आतिशी ने कहा कि मुकुंदपुर गांव की घनी आबादी और संकरी गलियों के बीच बना स्कूल का ये शानदार ब्लॉक प्राइवेट स्कूलों से भी शानदार है। उन्होंने कहा कि अरविंद केजरीवाल की शिक्षा क्रांति की बदौलत अब गरीब का बच्चा गरीब नहीं बनता, अच्छी शिक्षा पाकर अपने सपने पूरे करता है। उन्होंने कहा कि 1947 से 2015 तक दिल्ली के सरकारी स्कूलों में 24,000 कमरे बने लेकिन आम आदमी पार्टी की सरकार ने मात्र 10 सालों में 65 सालों का काम किया और 22,000 से ज्यादा कमरे बनवाए। स्कूल का निरीक्षण करने के दौरान आतिशी ने कहा कि मैंने बड़े प्राइवेट स्कूल में पढ़ाई की लेकिन ऐसी सुविधाएं वहां भी नहीं थीं। आतिशी ने कहा कि इतनी घनी आबादी इतनी संकरी गलियों के बीच इतनी शानदार बिल्डिंग बनी है। इस पूरे इलाके के प्राइवेट स्कूलों में इतनी शानदार बिल्डिंग, इतने शानदार क्लासरूम, लैब नहीं मिलेंगे। नए अकेडमिक ब्लॉक से छात्राओं को होगा फायदा, पढ़ाई के लिए घर से दूर नहीं जाना होगा। इस बिल्डिंग के बनने से पहले घनी आबादी के कारण यहां एक क्लास में 80-80 बच्चे बैठते थे। जब एक क्लास में इतने बच्चे बैठते हैं तो चाहे टीचर कितनी भी कोशिश करें लेकिन पढ़ाई का वो स्तर नहीं आ पाएगा। लेकिन इस नई बिल्डिंग के साथ अब यहां पढ़ाई के स्तर में भी सुधार आएगा।


## उत्तर रेलवे

### निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति के लिए और उनकी ओर से मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण/रोड सुरक्षा प्रोजेक्ट, उत्तर रेलवे, 901 बी, टावर–I, 9वीं मंजिल, कनेक्टस टावर, डीएमआरसी बिल्डिंग, अजमेरी गेट, नई दिल्ली–110002 निम्नलिखित कार्य के लिए दो पैकेट प्रणाली के अंतर्गत ई–निविदा आमंत्रित करते हैं।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का पूरा नाम | पांच डिवीजनों दिल्ली (डीएलआई), मुरादाबाद (एमबी), अंबाला (यूएमबी), फिरोजपुर (एफजेडआर), और लखनऊ (एलकेओ) में सीएओ/सी/आरएसपी यूनिट, उत्तर रेलवे के अधिकार क्षेत्र के भीतर विभिन्न आरओबी/आरयूबी और अन्य कार्यों के निर्माण के लिए सीएओ निर्माण (आरएसपी) यूनिट के लिए पर्यवेक्षण सेवाएं प्रदान करने के लिए परियोजना पर्यवेक्षण सेवा एजेंसी (पीएसएसए) की नियुक्ति। |
| 2 | लगभग कार्य की लागत | ₹ 79,24,39,974.00 (रुपये उनासी करोड़ चौबीस लाख उनतालीस हजार नौ सौ चौहत्तर) |
| 3 | कार्य समाप्ति की अवधि | 48 (अड़तालीस) माह |
| 4 | बयाना राशि | ₹ 41,12,200.00/- (रुपये इकतालीस लाख बारह हजार दो सौ मात्र) |
| 5 | रेलवे पर निविदा दस्तावेज की बिक्री/उपलब्धता | वेबसाइट निविदा दस्तावेज़ IREPS वेबसाइट यानी www.ireps.gov.in पर 16.12.2024 से 17.01.2025, 11:30 बजे तक उपलब्ध होंगे। |
| 6 | निविदाएं अपलोड करने की अंतिम तिथि/समय | निविदा दस्तावेज आईआरईपीएस वेबसाइट पर 17.01.2025 तक, 11:30 बजे तक अपलोड किए जा सकते हैं। |
| 7 | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | 17.01.2025, 11:30 बजे के बाद किसी भी समय तक |

सं.: 09/W/09/2024/WA/Dy.CE/C/RSP दिनांक: 16.12.2024 3852/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# राजधानी किरण



## सती चरित्र, भक्त प्रहलाद एवम ध्रुव चरित्र का प्रसंग सुनकर भाव-विभोर हुए सभी श्रद्धालु

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



खोडा, हिमालय इंक्लेव स्थिति प्राचीन शिव शक्ति दुर्गा मन्दिर प्रांगण में चल रही संगीतमय श्रीमद भागवत कथा के तीसरे दिन, कथा वाचक आचार्य विष्णु शरण भरद्वाज जी ने सती चरित्र, भक्त प्रहलाद चरित्र, ध्रुव चरित्र, कपिल चरित्र, जड़ भरत चरित्र के प्रसंग के बारे में विस्तार से बताया. सभी भक्तजन कथा को सुनकर भाव-विभोर हो गये. संगीतमय भजनों पर बच्चों और महिलाओं ने झूम झूम कर डांस किया। मंदिर समिति के मीडिया प्रभारी श्री संतोष मिश्रा जी ने बताया कि इस मौके पर मन्दिर समिति के अध्यक्ष श्री विनोद तिवारी, विनोद कुमार नागर, तेजपाल गुप्ता, डी. पी. उपाध्याय, सूरज सिंह कुशवाह, परमात्मा यादव, पं. शेष नारायण मिश्र (पुजारी), कृष्ण स्वरूप वर्मा, संतोष मिश्रा, मनमोहन तिवारी, हृदयराम मिश्रा, संतोष वर्मा, लोकेंद्र सिंह, संदीप मिश्रा, संजय कुमार, सत्य नारायण गुप्ता, कमलेश मिश्रा, सुरेंदर खारी, नारायण सिंह कुशवाह, दिलीप सिंह कुशवाह, जंगबीर सिंह, विजय चौधरी, मनोज चौहान, मोनू उपाध्याय, ओंम प्रकाश तिवारी, पिंटू पांडेय, शंकर लाल पटेल, शिवराम सिंह, समरपाल सिंह, डब्बु कुमार, दीपान्शु, अनुराग, हिमांशु आदि मौजूद थे।

## चोरी की स्कूटी, पांच मोबाइल बरामद, आरोपी गिरफ्तार




वेस्ट डिस्ट्रिक्ट के एंटी ऑटो थेफ्ट स्क्वाड की पुलिस टीम ने एक शातिर स्नेचर/ ऑटो लिफ्टर को गिरफ्तार किया है। जिसकी पहचान साहिल उर्फ मोंटी के रूप में हुई है। इसके पास से पुलिस ने पांच मोबाइल और तीन स्कूटी बरामद किया है। इसकी गिरफ्तारी से राजौरी गार्डन, हरी नगर, विकासपुरी, ख्याला, पंजाबी बाग और मायापुरी थाना के आठ मामलों का खुलासा करने का दावा पुलिस ने किया है। डीसीपी वेस्ट विचित्र वीर ने बताया कि गिरफ्तार साहिल उर्फ मोंटी मंगोलपुरी इलाके का रहने वाला है। सीसीटीवी फुटेज की मदद से एसीपी ऑपरेशन अरविंद कुमार की देखरेख में इंस्पेक्टर मनीष चौधरी, सब इंस्पेक्टर हैप्पी कुमार और लेडी हेड कांस्टेबल अनुराधा की टीम ने इसे शिवाजी पार्क मेट्रो स्टेशन सर्विस रोड से गिरफ्तार किया। जिस स्कूटी से यह भाग रहा था वह पंजाबी बाग इलाके से चोरी की निकली। तलाशी में इसके पास से पांच मोबाइल बरामद किए गए, जो राजौरी गार्डन, हरी नगर, विकासपुरी और ख्याला इलाके से चुराए गए थे। बाद में इसकी निशानदेही पर दो और स्कूटी बरामद की गई। जो राजौरी गार्डन और मायापुरी इलाके से चुराई गई।

## मुंडका में लूटे बाईक सवारों ने मोबाइल, तीन हुए गिरफ्तार

### दिचाऊ, नजफगढ़ और जय विहार के रहने वाले आरोपी



नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

मुंडका थाना की पुलिस टीम ने तीन शातिर झपटमारो को गिरफ्तार किया है। इनके पास से छीना गया मोबाइल बरामद कर लिया गया है और वारदात में इस्तेमाल मोटरसाइकिल जप्त किया गया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान योगेश उर्फ.चिंटू, अभिमन्यु महतो और रोहित राठी के रूप में हुई है। यह तीनों नजफगढ़, दिचाउ एनक्लेव और जय बिहार के रहने वाले हैं। डीसीपी आउटर सचिन शर्मा ने बताया कि 14 दिसंबर को मोबाइल स्नैचिंग की वारदात की सूचना मुंडका पुलिस को मिली थी। उस मामले में पुलिस ने एफआईआर दर्ज करके छानबीन शुरू की। एसीपी जयपाल सिंह की देखरेख में एसएचओ गुलशन कुमार गुप्ता की टीम ने सीसीटीवी फुटेज की मदद से मोटरसाइकिल की डिटेल के बारे में जानकारी इकट्ठा की। फिर उसके आधार पर पुलिस टीम पता लगाती हुई इस आरोपी तक पहुंचने में कामयाब हो गई। पता चला जिस मोटरसाइकिल से वारदात को अंजाम दिया गया है, वह नगली सकरावती के रहने वाले एक शख्स के नाम पर है। लेकिन उस पते पर ना तो मोटरसाइकिल मिला और नहीं मोटरसाइकिल का ओनर ही। लेकिन पुलिस टीम ने छानबीन जारी रखा और पहले रोहित राठी को पकड़ा। फिर उसके साथियों को भी गिरफ्तार कर लिया गया। जो मोबाइल इन्होंने लूटा था, पुलिस ने उसे भी बरामद कर लिया।

# अरविंद केजरीवाल का राजनीतिक सफर उलझा हुआ : वीरेंद्र सचदेवा

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



नई दिल्ली, । दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने मंगलवार को पूर्व मुख्यमंत्री और ह्यआपह्न के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि दिल्ली की राजनीति का एक बड़ा दिलचस्प पहलू है, और अरविंद केजरीवाल का राजनीतिक सफर भी इसी में उलझा हुआ है। 2011 में जब अरविंद केजरीवाल ने अपने राजनीतिक सफर की शुरूआत की थी, तब उन्होंने कांग्रेस सरकार के खिलाफ लड़ाई में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया था। वीरेंद्र सचदेवा ने कहा, केजरीवाल ने सीएजी (कंट्रोलर एंड ऑडिटर जनरल) की एक रिपोर्ट का हवाला देते हुए कांग्रेस सरकार पर आरोप लगाए थे कि सरकार ने सार्वजनिक वित्त का दुरुपयोग किया था और भ्रष्टाचार को बढ़ावा दिया था। केजरीवाल की यह शिकायत विशेष रूप से पावर डिस्कॉम और बिजली कंपनियों के खातों के बारे में थी। इसी आधार पर उन्होंने आम आदमी पार्टी (आप) की स्थापना की और जनलोकपाल बिल की मांग को लेकर आंदोलन शुरू किया। उन्होंने कहा, जब अरविंद केजरीवाल खुद दिल्ली के मुख्यमंत्री बने, तो उनका रुख बदल गया। यह एक बहुत बड़ी विडंबना है कि जिस रिपोर्ट के आधार पर उन्होंने अपनी राजनीति की शुरूआत की थी, वही रिपोर्ट अब उनके लिए एक चुनौती बन गई है। अरविंद केजरीवाल अब 12 साल पुरानी सीएजी रिपोर्ट को सार्वजनिक करने से बच रहे हैं, जबकि उन्होंने पहले इसी रिपोर्ट को लेकर कांग्रेस सरकार को निशाने पर लिया था। उन्होंने कहा, इसके अलावा केजरीवाल अब पावर डिस्कॉम कंपनियों का भी बचाव करने की कोशिश कर रहे हैं, जो कभी उनके विरोध का मुख्य मुद्दा हुआ करती थीं। उन्होंने कहा,16 फरवरी 2014 को जब अरविंद केजरीवाल दिल्ली के मुख्यमंत्री बने थे। उन्होंने कांग्रेस सरकार के खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच की मांग की थी। सीएजी एक स्वतंत्र संस्था है। जिसका कार्य सरकारी खर्चों का ऑडिट करना और उनकी समीक्षा करना है। प्रत्येक सरकार का यह कर्तव्य होता है कि वह सीएजी रिपोर्ट को विधानसभा के पटल पर रखे और जनता के सामने पेश करें, ताकि पारदर्शिता बनी रहे। लेकिन, अरविंद केजरीवाल की सरकार ने 2017 से 2021 के बीच सीएजी की कई महत्वपूर्ण रिपोर्ट को दबा दिया। इन रिपोर्टों में शराब पर वैट और साइज ड्यूटी, प्रदूषण से संबंधित मामलों और अन्य वित्तीय गड़बड़ियों को लेकर 14 प्रमुख बिंदु उठाए गए थे। उन्होंने कहा, ह्ययहां पर एक महत्वपूर्ण सवाल उठता है कि अरविंद केजरीवाल क्यों इन रिपोर्टों को सार्वजनिक नहीं कर रहे। यह भी ध्यान में रखना चाहिए कि जब सरकारी खर्चों की समीक्षा की जाती है और सीएजी रिपोर्ट तैयार होती है, तो वह राज्य सरकार की जिम्मेदारी होती है कि उसे विधानसभा के पटल पर रखा जाए। इसके लिए प्रशासनिक मंजूरी और उपराज्यपाल से अनुमति की आवश्यकता होती है। अरविंद केजरीवाल, जो खुद इस प्रक्रिया के बारे में जानते हैं, शायद इस बात से डरते हैं कि यदि इन रिपोर्टों को सार्वजनिक किया गया, तो उन पर आर्थिक घोटाले और भ्रष्टाचार के मुकदमे बन सकते हैं। यही कारण है कि उन्होंने इन रिपोर्टों को दबा रखा है और उन्हें सार्वजनिक नहीं किया है।

## 93 वारदात को अंजाम दे चुके मास्टर माइंड को दबोचा




- राजौरी गार्डन पुलिस ने किया 12 और मामलों का खुलासा

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

राजौरी गार्डन थाना की पुलिस टीम ने एक ऑटो लिफ्टिंग की वारदात को अंजाम देने वाले एक मास्टर माइंड को गिरफ्तार किया है। उसके पास से चोरी का दो इको वैन, पांच स्कूटी और 5 मोटरसाइकिल बरामद किया गया है। इसकी गिरफ्तारी से 12 मामलों का खुलासा करने का दावा पुलिस ने किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान रवि उर्फ करण के रूप में हुई है। पुलिस को जांच में पता चला कि यह पहले से 93 मामलों में शामिल रहा है। यह उत्तम नगर के विकास नगर का रहने वाला है। इसकी गिरफ्तारी से राजौरी गार्डन, हरी नगर, जनकपुरी, मौर्या एनक्लेव, मोती नगर, पंजाबी बाग थाने के मामले को सुलझाने में पुलिस कामयाब हुई है। डीसीपी वेस्ट विचित्र वीर ने बताया कि ऑटो लिफ्टिंग की वारदात को कंट्रोल करने के लिए पुलिस टीम सीसीटीवी फुटेज और लोकल इनफॉरमेशन की मदद से छानबीन में जुटी हुई थी। एसीपी राजौरी गार्डन आशीष कुमार की देखरेख में एसएचओ एम एस कमाल, हेड कांस्टेबल सागरमल, अवधेश और महेश की टीम ने इस छानबीन के दौरान इस शातिर ऑटो लिफ्टर के बारे में पुख्ता जानकारी इकट्ठा की। फिर इसे चोरी की एक इको वैन के साथ गिरफ्तार किया और पूछताछ के बाद और मोटरसाइकिल, स्कूटी और एक इको वैन बरामद किया गया। आगे की छानबीन की जा रही है।

## दिल्ली-एनसीआर की आबोहवा फिर बिगड़ी, ग्रैप-4 प्रतिबंध लागू

नई दिल्ली, । दिल्ली में सोमवार रात वायु गुणवत्ता बिगड़ने के कारण पूरे दिल्ली-एनसीआर में ग्रैप-4 प्रतिबंध फिर से लागू कर दिया गया है। दिल्ली का औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) सोमवार को रात 9 बजे 399 पर पहुंच गया और 10 बजे 400 के पार पहुंच गया। वायु गुणवत्ता गंभीर+ श्रेणी में पहुंच गई, जिसके चलते आपातकालीन बैठक में ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (ग्रैप) के चौथे चरण को फिर से लागू करने का फैसला लिया गया। सीएक्यूएम ने एक बयान जारी कर कहा कि सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों का अनुसरण करते हुए उप-समिति ग्रैप के तहत अनुसूची के चौथे चरण को तत्काल प्रभाव से लागू करती है, जिसे 13 दिसंबर को व्यापक रूप से संशोधित और जारी किया गया था। सीएक्यूएम की ओर से सर्वोच्च न्यायालय के आदेश का हवाला दिया गया है, जिसमें कोर्ट ने कहा था कि यदि आयोग को एक्यूआई 350 के स्तर को पार करता हुआ मिलता है, तो तीसरे चरण उपायों को लागू किया जाना चाहिए और अगर एक्यूआई 400 को पार करता है, तो चौथे चरण के उपायों को फिर से लागू किया जाना चाहिए। इससे पहले पूरे एनसीआर में ग्रैप 3 की पाबंदियां लगाई गई थी, क्योंकि एक्यूआई 350 के स्तर को पार कर गया था। वायु गुणवत्ता के मापदंडों में और भी गिरावट दर्ज की गई है, जो दिल्ली में मिश्रण परत की ऊंचाई में भारी कमी और शून्य-हवा की स्थिति के चलते हुई। इसके परिणामस्वरूप, ग्रैप पर उप-समिति दिल्ली में वायु गुणवत्ता की स्थिति पर बारीकी से नजर रख रही थी। उप-समिति ने यह नोट किया कि वायु गुणवत्ता सूचकांक स्तर लगभग 400 के आंकड़े को छूने वाला था, यानी 9 बजे 399 था और 10 बजे 401 पर रिकॉर्ड किया गया, जो 400 के आंकड़े को पार कर गया। बता दें कि ग्रैप में कुल चार चरण आते हैं। पहला चरण तब लागू होता है, जब एक्यूआई 201 से 300 के बीच रहता है। इसके बाद दूसरा चरण एक्यूआई 301 से 400 के बीच रहने पर लागू होता है, जबकि तीसरा चरण एक्यूआई 401 से 450 रहने पर लागू किया जाता है। वहीं, चौथे चरण में एक्यूआई के 450 से अधिक होने पर इसे अमल में लाया जाता है।

## दिल्ली के कई स्कूलों को मिली बम से उड़ाने की धमकी; नौ दिन में पांचवीं घटना

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता




नई दिल्ली, । दिल्ली के कुछ स्कूलों को मंगलवार सुबह बम से उड़ाने की धमकी मिली जो राष्ट्रीय राजधानी में इस प्रकार की एक सप्ताह में दूसरी और नौ दिन में पांचवीं घटना है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। दिल्ली अग्निशमन सेवा (डीएफएस) के एक अधिकारी के अनुसार, उत्तर-पश्चिम दिल्ली के सरस्वती विहार स्थित क्रिसेंट पब्लिक स्कूल से बम की धमकी के संबंध में सूचना मिली। अधिकारी ने बताया कि दमकल विभाग, स्थानीय पुलिस, बम निरोधक दल और श्वान दस्ते के कर्मचारियों ने तलाशी अभियान चलाया, लेकिन अभी तक कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला है। अधिकारी ने बताया कि कुछ और स्कूलों को भी इसी तरह ई-मेल के जरिए धमकी मिली हैं और जांच जारी है। हालांकि, चरणबद्ध प्रतिक्रिया कार्ययोजना (ग्रैप) के चौथे चरण के तहत प्रदूषण रोधी उपायों के फिर से लागू होने के बाद दिल्ली-एनसीआर (राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र) के स्कूलों ने मंगलवार को हाइब्रिड मोड (ऑनलाइन और ऑफलाइन) में कक्षाओं का संचालन शुरू कर दिया। संशोधित ग्रैप कार्यक्रम के अनुसार, चरण चार के तहत दिल्ली, गुरुग्राम, फरीदाबाद, गाजियाबाद और गौतम बुद्ध नगर में कक्षा छह से नौ और 11वीं के छात्रों के लिए कक्षाएं हाइब्रिड मोड (ऑफलाइन और ऑनलाइन) में संचालित होनी चाहिए। हालांकि, कक्षा 10 और 12 के छात्रों को स्कूल जाना होगा। सोमवार को भी आरके पुरम स्थित डीपीएस सहित करीब 20 स्कूलों को ई-मेल भेजकर धमकी दी गई थी। इससे पहले 14 दिसंबर को आरके पुरम के इसी डीपीएस सहित आठ स्कूलों को एक जैसा ईमेल मिला था, जिसमें बम जैकेट के जरिए विस्फोट करने की धमकी दी गई थी। इसके एक दिन पहले 13 दिसंबर को लगभग 30 स्कूलों को ईमेल के माध्यम से बम से उड़ाने की धमकी दी गई थी, जिसके बाद उनके परिसर की कई एजेंसियों ने तलाशी ली। नौ दिसंबर को कम से कम 44 स्कूलों को इसी तरह के ईमेल मिले थे जिसके बाद दिल्ली पुलिस के विशेष प्रकोष्ठ ने प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी थी।

## स्टूडेंट्स के फ्लैट्स पर पुलिस ऑफिसर बनकर किया लूट

### पुलिस ने गैंग को दबोचा, 4 गिरफ्तार, 1 लाख कैश बरामद




नकली पुलिस ऑफिसर की टीम बनाकर स्टूडेंट के फ्लैट में जबरदस्ती घुसकर चेकिंग के बहाने फर्जी कॉल सेंटर चलाने का आरोप लगाकर उनके साथ पिस्टल की नोकपर लूटपाट करने वाले एक गैंग का पदार्फाश हरी नगर पुलिस ने कर लिया है। इस मामले में चार लुटेरों को गिरफ्तार किया गया है। इनके पास से पिस्टल, जिंदा कारतूस, एक लाख कैश और वारदात में इस्तेमाल कार को भी पुलिस ने जप्त कर लिया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान मनप्रीत सिर्फ उर्फ ट्विंकल, जुनैद वजीर उर्फ मोंटी, कुलदीप सिंह उर्फ अंशु और सरबजीत उर्फ प्रिंस के रूप में हुई है। यह सभी आरोपी तिलक नगर, सागरपुर, हरी नगर और तिलक मार्ग इलाके के रहने वाले हैं। डीसीपी वेस्ट विचित्र वीर ने बताया कि 11 दिसंबर को हरी नगर पुलिस को लूटपाट के बारे में एक पुलिस कंप्लेंट मिली थी। एक स्टूडेंट ने पुलिस को शिकायत किया कि वह पांच दूसरे फ्रेंड के साथ सुभाष नगर के अपने किराए वाले फ्लैट में था। इस दौरान रात के समय करीब 9:40 बजे चार लोग उनके फ्लैट में घुसे और उन्होंने अपने आपको पुलिस स्टाफ से बताया। आरोप लगाया कि वे लोग इस फ्लैट में गलत गतिविधि कर रहे हैं फर्जी कॉल सेंटर चला रहे हैं। उनके पूरे रूम को चेक किया और वहां से 1.55 लाख रुपए गन पॉइंट पर लूट लिया। उस शिकायत पर पुलिस ने छानबीन शुरू की, सीसीटीवी फुटेज और टेक्निकल सर्विलांस की मदद से पता लगाना शुरू किया।कई दिनों की मशक्कत के बाद एसीपी राजौरी गार्डन की देखरेख में एसएचओ प्रदीप कुमार, इंस्पेक्टर मुकेश, प्रताप सिंह, सब इंस्पेक्टर ठाकुर सिंह, अभिषेक, तेज दत्त, मुकेश, सहायक सब इंस्पेक्टर रमेश, हेड कांस्टेबल सचिन, पिंटू, ओम प्रकाश, कांस्टेबल बलराम और पवन की टीम ने आखिरकार इन चारों आरोपियों के बारे में पता लगाने में कामयाब हो गई। एक-एक करके इन चारों को पुलिस ने दबोच लिया। फिर उनके पास से हथियार, कैश और कार भी बरामद कर लिया गया। पूछताछ में इन्होंने बताया कि उन्हें एक इनफार्मेशन मिली थी कि इस फ्लैट में यह लोग इलीगल एक्टिविटी कर रहे हैं। उस इनफॉरमेशन पर इन लोगों ने वहां पर पुलिसकर्मी बनकर कैश ऐंठने का प्लान बनाया और वारदात की रात वहां पहुंचकर लूट की वारदात को अंजाम दिया।

## मादीपुर में सरकारी अस्पताल शुरू करने की मांग को लेकर धरना

### बिल्डिंग का दो हिस्सा बनकर काफी अरसे से तैयार

- पूर्व डिप्टी मेयर ने कहा दो पूर्व मुख्यमंत्री कर चुके शिलान्यास
- उसके बाद भी शुरू नहीं हुआ यह अस्पताल

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता




दो दशक से ज्यादा वर्षों से लंबित पश्चिमी दिल्ली के मादीपुर सरकारी अस्पताल को शुरू करने की मांग को लेकर पूर्व डिप्टी मेयर कैलाश सांकला ने बीजेपी कार्यकताओं के साथ धरना प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा की तत्कालीन मुख्यमंत्री शीला दीक्षित ने 2002 में सबसे पहले इसका शिलान्यास किया था। लेकिन शिलान्यास के 10 साल बाद भी नहीं बना। बजट को लेकर कुछ इश्यू हुआ था। इसके बाद आप सरकार में जब अरविंद केजरीवाल मुख्यमंत्री बने तो उन्होंने फिर से इसका शिलान्यास करके इस अस्पताल को 500 बेड करने की घोषणा कर दी। लेकिन उस घोषणा के भी 10 साल बीत गए, अभी तक अस्पताल शुरू नहीं हुआ है। पूर्व डिप्टी मेयर ने बताया की इस निमार्णाधीन हॉस्पिटल की दो मंजिल बिल्डिंग बनाकर तैयार हो चुकी है। उसमें इमरजेंसी और ओपीडी कम से कम शुरू हो जाना चाहिए था। इससे यहां के गरीब लोगों को राहत मिल जाता। अभी उन्हें दिन दयाल उपाध्याय हॉस्पिटल या संजय गांधी हॉस्पिटल में ही जाना पड़ता है। या फिर मजबूरी में आसपास के प्राइवेट हॉस्पिटल में महंगा इलाज करवाना पड़ता है। यह कब तक चलेगा, गरीबों के साथ अन्याय हो रहा है। यह हम लोग बर्दाश्त नहीं करेंगे और अस्पताल को चालू करवाने के लिए लगातार संघर्ष करते रहेंगे।

## मथुरा से आया दिल्ली, तोड़ने लगा दुकानों के शटर

- अब तक कर चुका 50 वारदात, अआळर ने किया गिरफ्तार

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता




द्वारका जिला के एंटी ऑटो थेफ्ट स्क्वाड की पुलिस टीम ने सेंधमारी, चोरी और स्नेचिंग की वारदात को अंजाम देकर पुलिस की नींद उड़ाने वाले एक शातिर बदमाश को गिरफ्तार किया है। जिसकी पहचान राजन उर्फ.शेखर के रूप में हुई है। यह 50 से अधिक आपराधिक वारदात में शामिल है। डीसीपी द्वारका अंकित सिंह के अनुसार गिरफ्तार आरोपी उत्तर प्रदेश के मथुरा का रहने वाला है। इसकी गिरफ्तारी से पुलिस टीम ने उत्तम नगर, द्वारका साउथ, पालम गांव, नॉर्थ रोहिणी थाना के पांच मामलों का खुलासा किया है। इसके पास से चोरी की मोटरसाइकिल, कंट्री मेड पिस्टल और कारतूस बरामद किया गया। एसीपी राम अवतार की देखरेख में इंस्पेक्टर कमलेश कुमार, हेड कांस्टेबल राजेश, रामरई, की टीम ने टेक्निकल सर्विलेंस और इनफॉरमेशन की मदद से इसके बारे में पता लगाना शुरू किया था। पुलिस टीम ने इसके बारे में स्पेसिफिक जानकारी इकट्ठा करके इसे उत्तम नगर के सफेदा पार्क के पास से दबोचा। तलाशी में हथियार बरामद किया गया। जिस मोटरसाइकिल से यह जा रहा था, वह चोरी की निकली। दिल्ली के अलग-अलग इलाकों में दुकानों के शटर तोड़कर वहां से कैश और महंगे सामान चोरी करने में माहिर है। मथुरा से आकर दिल्ली में किराए के मकान में रहने लगा और यहीं पर वारदात को अंजाम देने लगा।

## दिल्ली की वायु गुणवत्ता का स्तर गंभीर श्रेणी में पहुंचा, न्यूनतम तापमान 5.9 डिग्री सेल्सियस

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



नई दिल्ली, । राष्ट्रीय राजधानी में मंगलवार की सुबह वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 427 दर्ज किया गया जो ह्यगंभीरह्न श्रेणी में आता है और न्यूनतम तापमान इस मौसम के सामान्य तापमान से दो डिग्री कम 5.9 डिग्री सेल्सियस रहा। दिल्ली के 35 निगरानी केंद्रों में से 28 में वायु गुणवत्ता का स्तर गंभीर श्रेणी में दर्ज किया, जबकि कुछ में एक्यूआई 450 को पार कर गया जो अति गंभीर श्रेणी में आता है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से हर घंटे आंकड़ा मुहैया कराने वाले समीर ऐप के अनुसार शेष सात केंद्रों ने वायु गुणवत्ता बेहद खराब श्रेणी में दर्ज की। चार सौ या उससे अधिक का एक्यूआई गंभीर माना जाता है और इसका स्वस्थ और बीमार लोगों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। मौसम विभाग ने कहा, पिछले 24 घंटे की अवधि के दौरान दिल्ली में सामान्य तौर पर शांत हवाएं रहीं जिससे सोमवार को जहां पालम में हल्के कोहरे के दौरान दृश्यता 800 मीटर थी, वहीं मंगलवार की सुबह सफदरजंग में मध्यम कोहरे के दौरान दृश्यता 350 मीटर रह गई। इसने कहा कि हवाएं शांत रहने या पूर्वी सतही हवाओं के चलने की संभावना के चलते अगले दो दिनों में दिल्ली में मध्यम कोहरे (दृश्यता 200 मीटर से 500 मीटर के बीच) की स्थिति बने रहने के आसार हैं। सुबह साढ़े बजे आर्द्रता 97 प्रतिशत थी। अधिकतम तापमान 24 डिग्री और न्यूनतम तापमान पांच डिग्री सेल्सियस रहने की उम्मीद है। दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में हवा की गुणवत्ता पर नजर रखने के लिए केंद्र द्वारा गठित समिति ने प्रतिकूल मौसम परिस्थितियों के कारण वायु गुणवत्ता में आई गिरावट के बीच सोमवार को चरणबद्ध प्रतिक्रिया कार्ययोजना (ग्रैप) के चौथे चरण के तहत कड़े प्रतिबंधों को प्रभावी कर दिया। ग्रैप के चौथे चरण के प्रभावी होने के साथ ही राजमार्गों और फ्लाईओवर जैसी सार्वजनिक परियोजनाओं सहित सभी निर्माण एवं तोड़फोड़ गतिविधियों पर प्रतिबंध रहेगा। साथ ही गैर-जरूरी सामान ले जाने वाले ट्रकों के दिल्ली में प्रवेश पर रोक रहेगी। जीआरएपी का पहला चरण एक्यूआई के 201 से 300 के बीच (खराब श्रेणी) होने पर, दूसरा चरण 301 से 400 के बीच (बहुत खराब) होने पर, तीसरा चरण 401 से 450 के बीच (गंभीर) होने पर और चौथा चरण 450 से अधिक (बहुत गंभीर) होने पर लागू होता है।

### दिल्ली के बवाना में एक फैक्टरी में आग, कोई हताहत नहीं

नई दिल्ली, । बाहरी दिल्ली के बवाना इलाके में मंगलवार को एक प्लास्टिक फैक्टरी में आग लग गई। राहत की बात है कि घटना में कोई हताहत नहीं हुआ। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। दिल्ली अग्निशमन सेवा के अधिकारी ने बताया, हमें सुबह 6 बजकर 19 मिनट पर सूचना मिली और दमकल की 15 गाड़ियों को मौके पर भेजा गया। उन्होंने बताया कि घटना में अब तक किसी के घायल होने की कोई खबर नहीं है।

## जनकपुरी में फिर धंस गया रात में सड़क का बड़ा हिस्सा

### पूर्व मेयर बोले पहले भी कई बार धंस चुकी है यहां सड़क

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



राजधानी में सड़क धसने की घटना कोई नई-नही है, लेकिन वेस्ट दिल्ली के जनकपुरी इलाके में लगातार कुछ अंतराल पर सड़क धंसने की घटना सामने आ रही है। ताजा घटना सोमवार रात की है, जब मुख्य नजफगढ़ रोड से जनकपुरी के दूसरे इलाके से होते हुए डाबरी को जाने वाली सड़क जोगिंदर सिंह मार्ग पर अचानक सड़क का बड़ा हिस्सा धस गया। जानकारी के अनुसार लगभग 12 फीट लंबाई और 15 फीट गहराई में सड़क धसने की वजह से ट्रैफिक कुछ देर के लिए अस्त-व्यस्त हो गया। हालांकि घटना की जानकारी मिलते ही ट्रैफिक पुलिस ने बैरिकेड लगा दिया। लेकिन लोगों ने बैरिकेड हटाकर वहां से आवाजाही शुरू कर दी। जिसे रोकने वाला कोई नजर नहीं आया यह सड़क पीडब्ल्यूडी की है। सड़क धसने के कई घंटे बाद तक पीडब्ल्यूडी की टीम मौके पर नहीं पहुंची थी। स्थानीय लोगों ने केजरीवाल सरकार के खिलाफ विरोध भी जताया। पूर्व मेयर नरेंद्र चावला ने बताया की इस इलाके में इससे पहले भी अलग-अलग जगह सड़क धसने की आधा दर्जन से अधिक घटनाएं हो चुकी है। सड़क धंसना बदस्तूर जारी है, अब देखना ये होगा कि इस सड़क को कब तक दुरुस्त किया जाता है। ऐसा इसलिए हो रहा है, क्योंकि पीडब्ल्यूडी सड़क बनाने का काम ठीक से नहीं करवा रही है।



## बिगड़ती वायु गुणवत्ता: दिल्ली-एनसीआर के स्कूलों में हाइब्रिड मोड में कक्षाएं आयोजित

नई दिल्ली, । ग्रेडेड रेस्पांस एक्शन प्लान (ग्रैप) के चौथे चरण के तहत प्रदूषण रोधी उपायों के फिर से लागू होने के बाद दिल्ली-एनसीआर (राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र) के स्कूलों ने मंगलवार को ह्यहाइब्रिड मोडह्न (ऑनलाइन और ऑफलाइन) में कक्षाओं का संचालन शुरू कर दिया। संशोधित ग्रैप कार्यक्रम के अनुसार, चरण चार के तहत दिल्ली, गुरुग्राम, फरीदाबाद, गाजियाबाद और गौतम बुद्ध नगर में कक्षा छह से नौ और 11वीं के छात्रों के लिए कक्षाएं हाइब्रिड मोड (ऑफलाइन और ऑनलाइन) में संचालित होनी चाहिए। हालांकि, कक्षा 10 और 12 के छात्रों को स्कूल जाना होगा। रोहिणी स्थित सॉवरेन स्कूल की प्रधानाचार्य प्रीतिका गुप्ता ने कहा, हम पांचवी कक्षा तक के छात्रों के लिए ऑनलाइन कक्षाएं संचालित कर रहे हैं, जबकि कक्षा छह से आगे की कक्षाएं ऑफलाइनआयोजित की जाएंगी। गुप्ता ने कहा, चूंकि परीक्षाएं नजदीक आ रही हैं, इसलिए कक्षा पांच तक के छात्र अपनी परीक्षाएं ऑनलाइन देंगे, जबकि उच्च कक्षाओं के छात्र ऑफलाइन यानी स्कूल आकर परीक्षा देंगे। रोहिणी स्थित गीतारत्न स्कूल के अध्यक्ष आरएन जिंदल ने कहा, आज सभी कक्षाएं ऑफलाइन संचालित की जा रही हैं। हालांकि, हम कक्षा पांच तक की कक्षाओं को ह्यऑनलाइन मोड में स्थानांतरित करने की योजना बना रहे हैं, जबकि कक्षा छह से आगे की कक्षाएं ऑफलाइन ही रहेंगी। परीक्षाएं नजदीक आने के कारण कई स्कूल जूनियर और सीनियर स्कूलों के बच्चों के लिए ऑफलाइन कक्षाएं संचालित कर रहे हैं। द्वारका स्थित आईटीएल स्कूल की प्रधानाचार्य सुधा आचार्य ने कहा, हमारे स्कूल में सभी कक्षाएं ऑफलाइन आयोजित की जाएंगी क्योंकि कक्षा 10वीं और 12वीं की परीक्षाएं और प्री-बोर्ड नजदीक आ रहे हैं। उन्होंने कहा, कई अभिभावकों ने हमसे सभी कक्षाएं ऑफलाइन आयोजित करने का अनुरोध किया है क्योंकि ह्यऑनलाइनह्न कक्षाओं के कारण छात्र विभिन्न गतिविधियों में पिछड़ रहे हैं, इसलिए हम उसी के अनुसार आगे बढ़ेंगे। राष्ट्रीय राजधानी में वायु गुणवत्ता मंगलवार सुबह ह्यगंभीरह्न श्रेणी में रही और वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 427 दर्ज किया गया। वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) ने चरण तीन के तहत पाबंदी लगाए जाने के तुरंत बाद चौथे चरण के प्रतिबंध लागू किए। दिल्ली में वायु गुणवत्ता 350 के स्तर को पार करने पर सीएक्यूएम ने सोमवार को चौथे चरण का प्रतिबंध लागू किया था। इससे पूर्व, पांच दिसंबर को सामान्य रूप से कक्षाएं फिर से शुरू होने से पहले 25 नवंबर से दिल्ली के सभी स्कूलों में कक्षाएं ह्यहाइब्रिड मोडह्न में संचालित हो रही थीं।

# डायरेक्ट मुख्यमंत्री करेंगे आपकी समस्या का समाधान, 18 दिसंबर से शुरू होगा नायब सैनी का धन्यवाद दौरा

प्रात: किरण संवाददाता



चंडीगढ़। प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी अपने धन्यवाद दौरे के दौरान विधानसभा स्तर पर खुले दरबार भी लगाएंगे। खुले दरबारों में लोगों की समस्याओं का समाधान होगा और मौके पर मौजूद पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों से जनता की समस्याओं का समाधान नहीं करने पर जवाबदेही भी की जाएगी। अपने धन्यवाद दौरे के दौरान मुख्यमंत्री प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में वहां तैयार हो चुकी विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और नई परियोजनाओं का शिलान्यास भी करने वाले हैं।

18 दिसंबर से धन्यवाद दौरे पर निकलेंगे सीएम सैनी

हरियाणा के मुख्य सचिव डॉ. विवेक जोशी और सभी प्रशासनिक सचिवों को उनके विभाग की विभिन्न जिलों व विधानसभा स्तर पर पूरी हो चुकी परियोजनाओं की रिपोर्ट तैयार करने को कह दिया गया है। उन विकास कार्यों की सूची भी तैयार कर ली गई है, जिनका शिलान्यास होना है। इनमें सीएम की घोषणाएं शामिल हैं। भाजपा लगातार तीसरी बार सत्ता में आई है। इसके लिए मुख्यमंत्री नायब सैनी 18 दिसंबर से राज्य में धन्यवाद दौरे पर निकलने वाले हैं। पहले चरण में 11 विधानसभा क्षेत्रों के दौरे फाइनल हो चुके हैं। मुख्यमंत्री इन विधानसभा क्षेत्रों को कवर करते रहेंगे और नई विधानसभाओं के दौरे, विकास की परियोजनाएं और कार्यक्रम तैयार होते रहेंगे। सभी सांसदों, मंत्रियों और विधायकों को इन कार्यक्रमों की सूचना पार्टी के स्तर पर दी जाएगी।

जिला स्तर पर होगा समस्याओं का समाधान प्रत्येक जिले के अधिकारियों को इन कार्यक्रमों में अनिवार्य रूप से रहने को कहा गया है। मुख्यमंत्री अपने चंडीगढ़ निवास पर हर रोज सैकड़ों लोगों की समस्याएं सुनते हैं। कई समस्याएं ऐसी होती हैं, जिनका निस्तारण जिला स्तर पर ही संभव है, लेकिन वहां कोई सुनवाई नहीं होने की वजह से लोग सीधे सीएम कार्यालय पहुंचते हैं।

मुख्यमंत्री ने मुख्य सचिव और अपने प्रधान सचिव के माध्यम से जिले के अधिकारियों को कहा है कि यदि जिला स्तर पर कोई समस्या ऐसी है, जिसका समाधान पॉलिसी मैटर अथवा कानूनी मामले की वजह से संभव नहीं है, तो उसकी लिखित में सीएम कार्यालय को जानकारी दी जाए, अन्यथा अधिकतर समस्याओं का समाधान जिला स्तर पर ही होना चाहिए। पंचकूला में मीडिया के सवालों का जवाब देते हुए नायब सैनी ने कहा कि सभी पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों से कह दिया गया है कि वे सुस्ती छोड़कर अब चुस्त-दुरुस्त हो जाएं। किसी भी समस्या की अनदेखी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

सीएम सैनी स्वयं कर रहे समाधान शिविरों की मॉनिटरिंग मुख्यमंत्री ने राज्य में हर रोज सुबह के समय लगने वाले समाधान शिविरों के प्रति अधिकारियों की उदासीनता को भी गंभीरता से लिया है। नायब सैनी इन शिविरों की मॉनिटरिंग स्वयं कर रहे हैं। अपने धन्यवाद दौरे के दौरान नायब सैनी अचानक किसी भी जिले में लगने वाले समाधान शिविर में जाएंगे और वहां औचक निरीक्षण करेंगे, ताकि यह जांचा जा सके कि लोगों की सुनवाई ठीक ढंग से हो रही है अथवा नहीं।

मुख्यमंत्री पूर्व में ऐसा कर चुके हैं। उन्होंने कहा कि जिस उम्मीद के साथ प्रदेश की जनता ने राज्य में तीसरी बार भाजपा की सरकार बनाई है, उसे हर हाल में पूरा किया जाएगा। इसके लिए अधिकारियों को स्पष्ट रूप से हिदायतें दी जा चुकी हैं।

इन विधानसभा क्षेत्रों के कार्यक्रम हो चुके तैयार

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी 18 दिसंबर से अपना धन्यवाद दौरा शुरू करेंगे। मुख्यमंत्री 18 दिसंबर को सायं तीन बजे पंचकूला के कालका पहुंचेंगे और कार्यकताओं तथा जनता का आभार जताएंगे। 19 दिसंबर को कैथल जिले के पूंडरी विधानसभा में सायं तीन बजे पहुंचेंगे। मुख्यमंत्री का 22 दिसंबर को हिसार के उकलाना में दो बजे कार्यक्रम होगा।

23 दिसंबर को मुख्यमंत्री सुबह 11 बजे करनाल की इंद्री विधानसभा और कुरुक्षेत्र की पिहोवा विधानसभा में दो बजे पहुंचकर जनता का धन्यवाद करेंगे। 25 दिसंबर को रेवाड़ी के कोसली विधानसभा में कार्यक्रम होगा। 26 दिसंबर को मुख्यमंत्री के दो कार्यक्रम होंगे।

मुख्यमंत्री पहले 11 बजे करनाल की असंध विधानसभा तथा दो बजे गुरुग्राम की सोहना विधानसभा में पहुंचेंगे। 27 दिसंबर को मुख्यमंत्री सुबह 11 बजे हिसार की नलवा और दो बजे महेंद्रगढ़ विधानसभा में धन्यवाद दौरा करेंगे। 29 दिसंबर को जींद की नरवाना विधानसभा में पहुंचेंगे।

# अवैध कॉलोनियों पर जमकर गरजा बुलडोजर, कार्रवाई से प्रॉपर्टी डीलरों में मचा हड़कंप

प्रात: किरण संवाददाता

नया गुरुग्राम। हरियाणा के गुरुग्राम में टाउन एंड कंट्री प्लानिंग के जिला नगर योजनाकार एन्फोर्समेंट (डीटीपीई) की तरफ से सोमवार को फरुखनगर के गांव बुढ़ेड़ा, साढ़राणा और चंदू में अवैध रूप से कट रही चार कॉलोनियों में तोड़फोड़ अभियान चलाया गया। यह कार्रवाई पुलिस चौकी बुढ़ेड़ा के तहत पुलिस बल की सहायता से की गई। बुढ़ेड़ा में दो अवैध कॉलोनियों को किया गया ध्वस्त

डीटीपीई मनीष यादव के नेतृत्व में चले अभियान के दौरान गांव बुढ़ेड़ा में दो अवैध कॉलोनियों को ध्वस्त किया गया जो कि लगभग साढ़े छह एकड़ में काटी जा रही थी। यहां दो डीपीसी और दो फार्म हाउस के साथ पूरी सड़क नेटवर्क को तोड़ दिया गया।

अवैध कॉलोनी में की गई तोड़फोड़

इसके बाद गांव साढ़राणा में एक अवैध कॉलोनी में तोड़फोड़ की गई। यह कॉलोनी लगभग दो एकड़ में काटी जा रही थी। यहां एक फार्म हाउस और सड़क नेटवर्क ध्वस्त किया गया।

पूरे सड़क नेटवर्क को हटाया गया

यहां से तोड़फोड़ दस्ता गांव चंदू पहुंचा, जहां एक अवैध कॉलोनी को पूरी तरह नष्ट कर दिया गया। इसमें छह फार्म हाउस, 300 मीटर की प्री-कास्ट चारदीवारी और पूरे सड़क नेटवर्क को हटाया गया।

कार्रवाई के दौरान टीम में ये रहे शामिल बताया गया कि टीम में जूनियर इंजीनियर नवीन, बबीता, स्टाफ सोनू परमिल मौजूद रहे। अभियान के दौरान एटीपी अनीश ग्रोवर बतौर ड्यूटी मजिस्ट्रेट मौजूद रहे।

अवैध कॉलोनियों को लेकर क्या बोले अधिकारी

वहीं, तोड़फोड़ के दौरान स्थानीय लोग बड़ी संख्या में घटनास्थल पर इकट्ठा हुए। इस मौके पर लोगों से अपील की गई कि वे अपनी मेहनत की कमाई को अवैध कॉलोनियों में निवेश न करें। किसी भी प्लाट या जमीन की खरीद से पहले उसकी वैधता की जांच के लिए टाउन एंड कंट्री प्लानिंग विभाग से संपर्क करें। अवैध कॉलोनियों और निमार्णों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। - मनीष यादव, डीटीपीई, टाउन प्लानिंग

सोहना में भी अतिक्रमण के खिलाफ चलाया अभियान

उधर, सोहना में नगर परिषद ने सोमवार को अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। परिषद टीम ने विभिन्न बाजारों पहुंचकर सड़कों अवैध रूप से रखे सामान, तख्त, दुकान के आगे शेड आदि को जब्त कर लिया। चार दिन पहले विधायक तेजपाल तंवर के जनता दरबार में शहर के लोगों ने अतिक्रमण की गंभीर समस्या उठाया था।

अतिक्रमण हटाने के दिए थे आदेश

वहीं, इस पर विधायकों ने नगर परिषद के अधिकारियों को अतिक्रमण हटाने के आदेश दिए थे। आदेशानुसार सोमवार को नगर परिषद की टीम मैदान में उतरी और अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाकर सामान जब्त किया। टीम के साथ पुलिस कर्मचारी शामिल रहे। टीम ने अभियान की शुरूआत नगर परिषद कार्यालय से शुरू की।

इसके बाद लेबर चौक, मोती प्लाजा, बस स्टैंड मार्ग, चिल्ड प्वाइंट, अस्पताल मार्ग आदि स्थानों पर पहुंच कर अतिक्रमण हटाया गया।टीम को देखते ही दुकानदार अपने सामान को दुकानों के अंदर रखने नजर आए। टीम में अमित, संजय, शफीक आदि मौजूद रहे। नगर परिषद कार्यकारी अधिकारी सुमनलता ने बताया कि अतिक्रमण हटाओ अभियान नियमित रूप से चलाया जाएगा ताकि जाम की समस्या से निजात मिल सके और सड़कों पर आवाजाही सुगम हो सके।

## संक्षिप्त खबरें

### पलवल में स्कूल की बस पलटी, बच्चों में मची चीख-पुकार; कई हुए घायल

पलवल। हरियाणा के पलवल में हथीन थाना क्षेत्र के पहाड़पुर गांव में एक स्कूल बस पलट गई। बल पलटते ही बच्चों में चीख-पुकार मच गई।

बताया गया कि इस घटना में करीब आधा दर्जन बच्चों के चोट लगने की सूचना मिली है। सभी घायल बच्चों को अस्पताल ले जाया गया है।

उधर, घटना की जानकारी लगने पर स्थानीय पुलिस भी मौके पर पहुंची। पुलिस की जांच में पता चला कि ब्रेक नहीं लगने के कारण यह हादसा हुआ है।

### सोनीपत में गेल की गैस पाइपलाइन में लगी आग, धमाके की आवाज सुन दहल उठे लोग

सोनीपत। हरियाणा के सोनीपत में गेल गैस कंपनी की गैस पाइप में आग लगने से हड़कंप मच गया। इसके बाद आग की सूचना गेल गैस कंपनी को दी गई।

शहर के नंदवानी नगर में लीकेज होने की वजह से पाइप में आग लगी। बताया गया कि आग लगने से धमाका भी हुआ। नंदवानी नगर का है मामला

नंदवानी नगर में घरेलू गैस सप्लाई करने वाली गेल गैस कंपनी की पाइप में अचानक धमाके के साथ आग लग गई। मामले की सूचना गेल गैस कंपनी को दी गई। सूचना के बाद कंपनी के कर्मचारी मौके पर पहुंचे और पाइप को ठीक की। डायल 112 पर भी की थी कॉल कालोनीवासी महेश ने बताया कि सुबह धमाके की आवाज सुनकर बाहर निकले तो गैस पाइप लाइन से आग की लपट उठ रही थी। मामले को लेकर डायल 112 पर कॉल की। इसके अलावा गेल गैस कंपनी को भी सूचना दी गई। कंपनी के कर्मचारी व गाड़ी मौके पर पहुंची। फिलहाल गैस पाइप ठीक की जा रही।

गेल गैस की अधिकारी शिल्पी का कहना है कि किसी ने पाइप के पास में आग लगा दी थी। जिसके चलते पाइप लीकेज हो गई। स्थिति कंट्रोल में है, अब कोई परेशानी नहीं है।

### विधानसभा में अध्यक्ष ने नवीनीकृत प्रेस कक्ष का उद्घाटन किया

लखनऊ। उत्तर प्रदेश विधानसभा में सुंदरीकरण के बाद नवीनीकृत प्रेस कक्ष का मंगलवार को विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने उद्घाटन किया और कहा कि पत्रकारिता किसी की चापलूसी के लिए नहीं बल्कि तथ्य दिखाने के लिए होती है। विधानसभा का शीतकालीन सत्र शुरू होने से पहले महाना ने प्रेस कक्ष का फीता काटकर उदघाटन किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में पत्रकार उपस्थित रहे, जिन्होंने विधानसभा अध्यक्ष का पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत और आभार व्यक्त किया। महाना ने पत्रकारों से अनौपचारिक बातचीत में कहा कि विधानसभा को सुंदर और आधुनिक स्वरूप देने के बाद अब लोग विधायिका में रुचि लेकर यहां आने लगे हैं। हालांकि, अभी भी बहुत से लोग विधायिका के महत्व को पूरी तरह नहीं समझते हैं। उन्होंने कहा कि विधायिका के प्रति वर्षों पुरानी धारणा को बदलने की जरूरत है और यह जिम्मेदारी हम सभी की है कि लोगों को विधायिका की कार्यप्रणाली से अवगत कराएं। प्रेस कक्ष को अत्याधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित किया गया है। उत्तर प्रदेश राज्य मान्यता प्राप्त संवाददाता समिति के अध्यक्ष हेमंत तिवारी ने योगी सरकार और विधानसभा अध्यक्ष का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वर्षों पुराना प्रेस कक्ष अब पूरी तरह से आधुनिक और सुविधाजनक बन चुका है।

# करण औजला के लाइव शो ने मचाया धमाल, प्रशंसकों का उमड़ा हुजूम; आज भी होगा कॉन्सर्ट

प्रात: किरण संवाददाता





बादशाहपुर (गुरुग्राम)। फिल्म बैड न्यूज के गाने तौबा-तौबा से चर्चित हुए सिंगर करण औजला ने रविवार रात आयरिया मॉल में अपने लाइव शो से प्रशंसकों को मस्त कर दिया। उनके गानों पर प्रशंसक घंटों झूमते रहे।

प्रशसंकों की डिमांड को देखते हुए करण औजला का शो मंगलवार को भी आयरिया मॉल में आयोजित किया जाएगा। इसके लिए भी तीन दिन पहले ही बुकिंग हो चुकी है। सोमवार दिन भर प्रशंसक टिकट किसी भी तरह मिल जाए, इस जुगाड़ में लगे रहे।

कई बार स्थिति ऐसी बनी कि उन्हें संभालने के लिए बाउंसरों को आगे आना पड़ा। हर कोई शो को मोबाइल में कैद करना चाहता था। गानों पर डांस करने के दौरान कई बार प्रशंसकों की आपस में झड़प भी हुई।

गुरुग्राम के इन इलाकों से भी आए फैंन्स शो देखने के लिए शाम छह बजे से ही प्रशंसक पहुंचने शुरू हो गए थे। शाम सात बजते-बजते सैकड़ों प्रशंसक पहुंच गए। गुरुग्राम के विभिन्न इलाकों से ही नहीं बल्कि दिल्ली, नोएडा, फरीदाबाद, गाजियाबाद से लेकर जयपुर ही नहीं बल्कि चंडीगढ़ से भी काफी संख्या में प्रशंसक पहुंचे थे। प्रशंसकों में युवाओं की खासकर कालेज विद्यार्थियों की संख्या काफी अधिक थी। रात आठ बजे के बाद करण औजला ने अपना शो शुरू किया। अपने सभी चर्चित गाने उन्होंने प्रस्तुत किए।

प्रशसंकों की डिमांड पर उन्होंने विशेष रूप से अपना चर्चित गाना तौबा-तौबा प्रस्तुत किया। इस पर युवा ऐसे झूमे कि कुछ एक-दूसरे के ऊपर गिर गए। इससे मारपीट तक की नौब आ गई थी।

एक सप्ताह पहले ही बुकिंग पूरी

करण औजला के प्रति दीवानगी किस कदर है, इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि शो के लिए आनलाइन बुकिंग एक सप्ताह पहले ही हो चुकी थी। लोग ब्लैक में टिकट खरीदने के लिए घुमते नजर आए। जो बुकिंग नहीं करा पाए वे सीधे मॉल पहुंच गए।

ताकि किसी तरह शो में शामिल होने का मौका मिल जाए लेकिन सैकड़ों प्रशंसकों को निराशा हाथ लगी। माल की क्षमता से अधिक प्रशंसकों के पहुंचने से आसपास के इलाके में ट्रैफिक व्यवस्था संभालने में पुलिस को काफी मशक्कत करनी पड़ी।

बाउंसरों ने की मारपीट

चर्चा है कि बाउंसरों ने कार्यक्रम में आए प्रशंसकों के साथ मारपीट की। शिकायत बादशाहपुर थाने तक पहुंच चुकी है लेकिन इस बारे में पुलिस कुछ भी बोलने को तैयार नहीं। इस मामले की जानकारी लेने के लिए बादशाहपुर थाना प्रभारी को कई बार फोन किया गया, लेकिन उन्होंने फोन नहीं उठाया।

कॉन्सर्ट में लड़ाई झगड़े का वीडियो इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित हो रहा है। वीडियो में वीआईपी क्षेत्र में कुछ लोग एक-दूसरे को आपस में गालियां देते नजर आ रहे हैं। एक व्यक्ति के साथ मारपीट की जा रही है।

# संभल के बाद अब वाराणसी के मुस्लिम बहुल इलाके में मिला प्राचीन शिव मंदिर

वाराणसी। उत्तर प्रदेश के संभल जिले के बाद अब वाराणसी के मुस्लिम बहुल इलाके मदनपुरा में 250 साल पुराना एक शिव मंदिर मिला है। मंदिर में पूजा-पाठ भी नहीं होता है। कई वर्षों से ताला बंद है। सोशल मीडिया पर मंदिर की तस्वीर वायरल होते ही मंगलवार को हिन्दू संगठनों के कार्यकर्ता मौके पर पहुंच गए। मंदिर के बाहर महिला कार्यकताओं के शंखनाद से वहां भीड़ जुट गई। सूचना पाकर पुलिस भी मौके पर पहुंची। नगर के संवेदनशील इलाके में मंदिर मिलने पर पुलिस बल के साथ खुफिया तंत्र भी चौकस हो गया। स्थानीय निवासियों के अनुसार मदनपुरा के मकान नंबर डी-31 के पास स्थित इस प्राचीन शिव मंदिर में पिछले 10 सालों से ताला बंद है। हिंदू संगठनों ने पुलिस अधिकारियों को पत्र लिखकर मंदिर को फिर से खोलने की मांग की है। दावा किया है कि इस मंदिर का उल्लेख काशी खंड में भी है। इस मंदिर पर मालिकाना हक किसका है और ताला किसने बंद कराया, पुलिस जांच में जुटी हुई है। मौके पर मौजूद महिलाओं ने कहा कि यह कोई विवाद का विषय नहीं है। यहां मंदिर है और इसे खुलना चाहिए, जिससे पूजा- पाठ शुरू हो सके।

# नोएडा में पेंशनर दिवस पर वरिष्ठ नागरिकों को शॉल पहनाकर किया सम्मानित, स्वास्थ्य की हुई जांच

प्रात: किरण संवाददाता

नोएडा। जनपद गौतमबुद्व नगर के पेंशनर्स की समस्याओं का समाधान करने के लिए आज कलेक्ट्रेट सभागार में पेंशनर दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर डीएम मनीष कुमार वर्मा ने जिले के वरिष्ठ पेंशनर्स को फूल माला एवं शॉल पहनाकर सम्मानित किया। वहीं पेंशनर्स के स्वास्थ्य जांच के लिए मेडिकल कैंप भी आयोजित हुआ। गौतमबुद्ध नगर के पेंशनरों की समस्याओं का संबंधित विभागों के अधिकारियों के माध्यम से निस्तारण हो सके इस उद्देश्य से आज कलेक्ट्रेट सभागार में पेंशनर दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर डीएम मनीष कुमार वर्मा एवं प्रभारी मुख्य विकास अधिकारी शिव प्रताप परमेश ने जनपद के वरिष्ठ पेंशनर्स यशोदा गुप्ता उम्र 96 वर्ष, रामेश्वर दयाल उम्र 91 वर्ष, सुरेश चंद्र गुप्ता उम्र 90 वर्ष, डॉ रमेश पंडित उम्र 87 वर्ष तथा दुर्गा प्रसाद सिंघल उम्र 83 वर्ष को फूल माला एवं शॉल पहनाकर सम्मानित किया। इस मौके पर डीएम ने वरिष्ठ कोषाधिकारी से कहा कि पेंशनर्स के



सम्मुख जो भी समस्या आ रही हैं, आज पेंशनर दिवस के अवसर पर उनकी समस्याओं को सुनते हुए शीर्ष प्राथमिकता के आधार पर उसका उसका समाधान किया जाए। पेंशनर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष रघुराज सिंह चौहान ने प्रभारी मुख्य विकास अधिकारी शिव प्रताप परमेश व मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर सुनील शर्मा को जनपद के पेंशनर्स के सम्मुख आ रही समस्याओं तथा शिक्षा विभाग में लंबित चल रहे प्रकरणों के संबंध में विस्तार से अवगत कराया। उक्त समस्याएं सुनने के बाद प्रभारी मुख्य विकास अधिकारी ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को कहा कि हमारे सभी पेंशनर्स ने अपने जीवन के अहम पल शासकीय सेवाओं में दिए हैं, इसलिए हम सबका दायित्व बनता है कि हमारे पेंशनर्स ने पेंशनर दिवस के अवसर पर अपनी जो समस्याओं से अवगत कराया है उनका यथाशीघ्र समाधान किया जाए। प्रभारी मुख्य विकास अधिकारी ने सभी पेंशनरों को आश्वस्त करते हुए कहा कि आज चिकित्सा प्रतिपूर्ति एवं अन्य जो भी समस्याएं पेंशनर दिवस में आपके द्वारा दर्ज कराई गई हैं, उनको शीर्ष प्राथमिकता के आधार पर संबंधित अधिकारियों के माध्यम से कराया जाएगा। पेंशनर दिवस कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ कोषाधिकारी शिखा गुप्ता द्वारा किया गया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर सुनील शर्मा, कोषागार कार्यालय से वरिष्ठ लेखाकार शरद रस्तोगी, राजीव त्यागी, शिल्पी सहित अन्य उपस्थित रहें।

# यूपी के सीएम योगी के खिलाफ आपत्तिजनक बयानबाजी करने वाला गिरफ्तार

प्रात: किरण संवाददाता

नोएडा । नोएडा पुलिस ने पश्चिम बंगाल के रहने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। इस पर आरोप है कि इसने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी की थी और अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया था। इसका एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा था। जिस पर पुलिस ने संज्ञान लेते हुए उसे गिरफ्तार कर लिया है। नोएडा के थाना सेक्टर 39 पुलिस ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर वीडियो वायरल कर देश के संवैधानिक पद पर बैठे जननेता के संबंध में आपत्तिजनक, झूठी और भड़काऊ टिप्पणी करने वाले को गिरफ्तार कर लिया और उसके कब्जे से एक तमंचा .315 बोर, एक जिंदा कारतूस, एक चाकू और आपत्तिजनक दस्तावेज (फोटो) बरामद किया है। पुलिस ने बताया कि 16 दिसंबर को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक वीडियो वायरल हो रहा था। जिसके खिलाफ नोएडा के थाना सेक्टर 39 पर मामला दर्ज किया गया। इस वीडियो में एक व्यक्ति उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के बारे में अभद्र टिप्पणी कर रहा था। उस व्यक्ति ने वीडियो में अलगाववादी और भड़काऊ बातें करके प्रदेश और देश में साम्प्रदायिक उन्माद फैलाने और साम्प्रदायिक सौहार्द को छिन्न-भिन्न करने का प्रयास किया था। गिरफ्तार आरोपी की पहचान पश्चिम बंगाल के मालदा निवासी शेख अताउल के रूप में हुई है। वह फिलहाल दिल्ली के शाहीन बाग के अब्दुल फजल एन्क्लेव में रहता है। उसने पुलिस को बताया कि उसका परिवार बांग्लादेश की सीमा से कुछ दूरी पर मालदा के बराल गांव में रहता है। वह काफी समय से शाहीन बाग में रह रहा है।

# युवक ने की खुदकुशी, पिस्टल से खुद को मारी गोली, सुसाइड नोट बरामद

ग्रेटर नोएडा। ग्रेटर नोएडा के सूरजपुर थाना इलाके में रहने वाले एक 24 साल के युवक ने पिस्टल से खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। उसके पास एक सुसाइड नोट बरामद हुआ है, जिसमें उसने कुछ निजी कारणों का जिक्र करते हुए आत्महत्या करने की बात की है। बताया जा रहा है कि वह एक साइबर कैफे चलाता था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच की जा रही है। पुलिस यह भी जांच कर रही है कि उसके पास अवैध पिस्टल कहां से आई। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक मंगलवार को थाना सूरजपुर क्षेत्र अंतर्गत महामेधा वाली गली में फायरिंग की सूचना मिली थी। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच की तो पता चला कि अमन भारद्वाज (24) ने अवैध पिस्टल से खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। एफएसएल टीम ने भी घटनास्थल का निरीक्षण किया। मृतक के परिजनों से पूछताछ की जा रही है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे को भी खंगाल रही है। इस मामले में पुलिस छानबीन कर रही है कि पिस्टल कहां से आई थी। सुसाइड नोट जो बरामद हुआ है, उसमें उसने किन कारणों का जिक्र किया गया है, इसकी भी जांच की जा रही है। अमन के माता-पिता और अन्य मिलने वालों से भी पुलिस पूछताछ कर रही है। यह भी पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि जब यह घटना हुई तो उस वक्त अमन अकेला था या वहां आस-पास कोई और भी मौजूद था। फिलहाल शुरूआती जांच और सुसाइड नोट को देखकर पुलिस मामले को आत्महत्या मान रही है।

# प्रतियोगिताओं का आयोजन होता है छात्रों की दक्षता बढ़ाने के लिए - आलोक श्रीवास्तव



बस्ती । यूनिक ग्लोबल एकेडमी भगवतीपुरम, पायकपुर बस्ती में वार्षिक प्रतियोगिता के समापन अवसर पर निबंध प्रतियोगिता,रंगोली,मेहंदी एवं अन्य प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। स्कूल के प्रबंध निदेशक आलोक कुमार श्रीवास्तव एवं प्रधानाचार्य सुभाष यादव ने विजेता प्रतिभागियों को शील्ड,प्रमाण पत्र व मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया। यूनिक ग्लोबल एकेडमी का मैदान तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। स्कूल के प्रबंध निदेशक आलोक श्रीवास्तव ने बच्चों को सम्बोधित करते हुए कहा कि एक शैक्षणिक संस्था में प्रतियोगिताओं का आयोजन छात्रों की दक्षता बढ़ाने के लिए होता है। प्रतियोगिताएं छात्रों के ज्ञान और कौशल को प्रदर्शित करने के लिए एक शानदार मंच प्रदान करती हैं।इसलिए यूनिक ग्लोबल एकेडमी के छात्रों में निहित प्रतिभा और उनकी दक्षता को संवारने व निखारने के लिए समय-समय पर विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताओं का आयोजन करता है। छात्र छात्राएं स्कूल में और स्कूल के बाहर अनेक प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेते रहे हैं और अपनी श्रेष्ठता का प्रमाण प्रस्तुत करते रहे हैं।वार्षिक प्रतियोगिता का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ ।प्रतियोगिता के समापन अवसर पर छात्र छात्राएं एवं समस्त विद्यालय परिवार उपस्थित रहा।

# हरियाणा में शीतलहर का कहर, 14 जिलों में हाड़ कंपा देने वाली ठंड; येलो अलर्ट जारी

प्रात: किरण संवाददाता



प्रदेश में चल रही शीतलहर और तेजी से गिर रहे तापमान की वजह से हरियाणा, पंजाब, दिल्ली व एनसीआर हाड कंपा देने वाली ठंड में जकड़ गए हैं। हिसार का तापमान 0.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो इस सीजन में अब तक के सबसे निचले स्तर पर पहुंच चुका है।

शीतलहर की चपेट में प्रदेश के 14 जिले जमाव बिंदू की ओर जा रहे तापमान से जनजीवन अस्त-व्यस्त होना शुरू हो गया है। हिसार में पिछला एक सप्ताह मनाली शिमला से भी ठंडा गुजरा है। अभी 14 जिले शीतलहर की चपेट में हैं। मौसम विभाग ने संभावना जताई है कि 20 दिसंबर तक प्रदेश में शीतलहर का दायरा घट सकता है, लेकिन खत्म नहीं होगी।

कई जगह पाला जमने के आसार हैं। वहीं, सोमवार सुबह पानीपत, करनाल, कुरुक्षेत्र व कैथल के देहात में धुंध की चादर देखने को मिली। दृश्यता 25 से 30 मीटर दर्ज की गई। हालांकि, शहर में धुंध से राहत देखने को मिली है।

रात के तापमान में हो सकती है गिरावट मौसम विभाग का मानना है कि अभी धुंध के बजाय शीतलहर का प्रभाव ज्यादा देखने को मिलेगा। फिलहाल, एक कमजोर पश्चिमी विक्षोभ पश्चिमी हिमालयी क्षेत्र की ओर बढ़ रहा है। हालांकि, इससे किसी महत्वपूर्ण मौसमी गतिविधि की उम्मीद नहीं है। लेकिन यह उत्तर के मैदानी इलाकों में चल रही ठंडी हवाओं को धीमा कर सकता है, जिससे न्यूनतम तापमान में हल्की वृद्धि हो सकती है।

मौसम विज्ञानियों ने मंगलवार को भी प्रदेश के 14 जिलों में शीतलहर और कोहरे का यलो अलर्ट जारी किया है। शीतलहर के चलते रात के तापमान में अभी गिरावट हो सकती है। मौसम में लगातार बदलाव के चलते पिछले एक सप्ताह में रात का तापमान तेजी से नीचे गिरा है। प्रदेश में हिसार 0.6 डिग्री रात का तापमान सीजन का सबसे कम है।

दिन में धूप के चलते लोगों को मिली राहत भारत मौसम विज्ञान विभाग के विज्ञानियों की मानें तो उत्तर व उत्तर पश्चिमी ठंडी हवाएं चलने से रात के तापमान में गिरावट हुई है। अभी वर्षा के आसार भी नहीं है। वहीं, 19 दिसंबर तक शीतलहर चल सकती हैं। इससे रात के तापमान में और ज्यादा गिरावट हो सकती हैं।

दूसरी तरफ दिन के समय धूप खिलने के कारण लोगों को थोड़ी राहत अवश्य मिली है। धूप के चलते दिन के तापमान में हल्का उछाल हुआ है और तापमान 23 डिग्री के आसपास रहा।

शीतलहर का यलो अलर्ट

- कुरुक्षेत्र
- कैथल
- करनाल
- झज्जर
- गुरुग्राम
- मेवात
- पलवल
- फरीदाबाद
- रोहतक
- सिरसा
- फतेहाबाद
- हिसार
- भिवानी
- चरखी दादरी

# नोएडा में संयुक्त किसान मोर्चा की पुलिस कमिश्नर व डीएम के साथ हुई बैठक, जेल में बंद सभी किसान होंगे रिहा

प्रात: किरण संवाददाता

नोएडा। किसान आंदोलन की अगुवाई कर रहे संयुक्त किसान मोर्चा द्वारा 19 दिसंबर को जिलाधिकारी कार्यालय पर धरना-प्रदर्शन करने की घोषणा तथा भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत द्वारा 23 दिसंबर को सिसौली से कोई बड़ा आंदोलन का ऐलान करने की घोषणा के बाद आज जिला एवं पुलिस प्रशासन के अधिकारियों ने संयुक्त किसान मोर्चा के एक प्रतिनिधिमंडल के साथ बैठक की। यह बैठक दोनों पक्षों के लिए सार्थक रही। मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में संयुक्त किसान मोर्चा की पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह और जिलाधिकारी मनीष वर्मा से सौहार्दपूर्ण वातावरण में वार्ता हुई। लगभग तीन घंटे तक चली वार्ता में प्रशासन की ओर से एडीएम प्रशासन मंगलेश दुबे व ओएसडी यमुना प्राधिकरण शैलेंद्र सिंह भी उपस्थित रहे। संयुक्त किसान मोर्चा के प्रतिनिधिमंडल के साथ वार्ता करते हुए कमिश्नर लक्ष्मी सिंह ने कहा कि जेल में बंद किसानों की रिहाई की



प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। एक-दो दिन में सभी किसान जेल से बाहर आ जायेंगे। आंदोलन के दौरान किसानों की जब्त गाड़ियां व ट्रैक्टरों को भी तुरंत प्रभाव से छोड़ने का आदेश दिया गया है। इस दौरान पुलिस कमिश्नर एवं डीएम ने संयुक्त किसान मोर्चा को भरोसा दिलाया कि बहुत जल्दी ही किसानों की मांगों दस प्रतिशत प्लॉट एवं 2013 के भूमि अधिग्रहण कानून को लागू करने को लेकर शासन स्तर पर बातचीत आरंभ करायी जाएगी। उन्होंने कहा कि बातचीत के द्वारा ही उक्त समस्याओं का हल निकाला जाएगा। आज की वार्ता बहुत ही शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में हुई। बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए संयुक्त किसान मोर्चा के प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत के द्वारा 23 दिसंबर से पहले संयुक्त मोर्चा के द्वारा किसी भी तरह के धरना-प्रदर्शन की कोई भी घोषणा नहीं की गई है और ना ही ऐसी कोई योजना है। यदि कोई भी व्यक्ति या संगठन इस तरह का कोई आंदोलन या प्रदर्शन करता है तो यह उसका व्यक्तिगत निर्णय होगा तथा इसकी जिम्मेदारी स्वयं आंदोलनकर्ता की होगी। संयुक्त किसान मोर्चा इसके लिए जिम्मेदार नहीं होगा।

## नीतीश कुमार की यात्रा समाधान या सियासत, पर्दा उठ गया..!

जब नीतीश केबिनेट ने 225 करोड़ राशि मुख्यमंत्री के महिला संवाद यात्रा के लिए स्वीकृत किया तब से ये डिबेट शुरू हो गई की इन यात्राओं से किसे क्या मिलेगा. इस यात्रा के पहले भी नीतीश कुमार 14 यात्राएं कर चुके हैं. उनका लोगों के जीवनस्तर पर कितना असर हुआ. इन सभी सवालों का जवाब खोजा जा रहा था इसी बीच नीतीश कुमार ने अपनी पंद्रहवीं यात्रा महिला संवाद यात्रा स्थगित कर दी. अब इस बात को लेकर राजनीतिक गलियारें एयर मिडिया जगत में अलग अलग क्यास और संभावनाओं पर चर्चा छोड़ गई है. 2023 में नीतीश कुमार ने बिहार में अंतिम यात्रा समाधान यात्रा किया था. 5 जनवरी 23 को नीतीश ने पश्चिमी चंपारण जिले से शुरू किया था, जो पटना में खत्म हुई. इस दौरान सीएम ने 28 दिन तक राज्य के विभिन्न जिलों का दौरा किया और विकास कार्यों का जायजा लिया था. नीतीश की इस यात्रा से जेडीयू कार्यकताओं का जोश आया तो वहीं महागठबंधन में भी उत्साह बढ़ा. सीएम नीतीश कुमार जहां-जहां गए, वहां जेडीयू नेताओं और कार्यकताओं ने नीतीश के 2024 लोकसभा चुनाव में प्रधानमंत्री का दावेदार बनने के लिए नारे लगाए और पूरा माहौल बना दिया था. हालांकि, सीएम खुद को पीएम कैंडिडेट मानने से बचने की कोशिश करते दिखे थे. लेकिन जैसे ही नीतीश कुमार ने अपनी पंद्रहवीं यात्रा महिला संवाद का घोषणा किया. पिछली यात्राओं के नफा नुकसान पर डिबेट होने लगा है. आइये जानते हैं नीतीश कुमार की समाधान यात्रा से बिहार की जनता, महागठबंधन, जदयू, भाजपा, एनडीए किसे कितना लाभ हुआ और 2024 के चुनाव में जेडीयू, महागठबंधन, भाजपा या एनडीए को कितना फायदा हुआ. सीएम नीतीश कुमार 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले देशभर के विपक्षी दलों को एकजुट करने में लगे रहे. कई राज्यों का दौरान किए और गैरभाजपा दलों को एक छत के निचे लाने में सफल रहे. वही इसके ठीक विपरीत यात्रा पर जेडीयू नेताओं का कहते रहे कि समाधान यात्रा का 2024 चुनाव से कोई लेना-देना नहीं है. मगर इस यात्रा से पार्टी ने नीतीश कुमार की छवि को सुधारने की कोशिश की. कुछ महीने पहले ही जेडीयू ने बीजेपी का साथ छोड़कर आरजेडी-कांग्रेस और अन्य दलों के साथ सरकार बनाया था. उसके बाद फिर से कानून व्यवस्था, शराबबंदी समेत अन्य मुद्दों पर सवाल उठने लगे थे. भाजपा लगातार बिहार में जंगलराज की वापसी के आरोप लगा रही थी. हलांकी कुछ महीने राजद के साथ सरकार चलाने के बाद छवि बदलने और लोगों को भरोसा दिलाने के लिए ही प्लान किया गया समाधान यात्रा निकालने का. जेडीयू कुछ हद तक इस अभियान में सफल भी हुई. वहीं इसका लोकसभा चुनाव में भी जबरदस्त फायदा हुआ. नीतीश ठीक एक साल के बाद फिर से एनडीए के साथ चले गए. हालांकी उससे पहले नीतीश कुमार ने एक सफल रणनीति का बीजारोपण जरूर कर दिया था जो इंडिया गठबंधन का रूप लिया. जिस अभियान में कई नेताओं ने प्रयास करने के बाद थक हार कर उम्मीद छोड़ दिया था उसे नीतीश ने सच कर के दिखाया. नीतीश कीमार की समाधान यात्रा से जनता को कितना फायदा हुआ इस बात से ज्यादा चर्चा यात्रा मे जुटने वाली भीड़ और उसमें बड़ी संख्या में महिलाओं की उजस्थिति की थी. क्योकि इस भीड़ में नीतीश कुमार और जदयू के भविष्य को स्थायित्व देने वाला वोट दिख रहा था. हर जगह महिलाओं की लंबी कतार और दीवारों पर जीविका योजना के बैनर और पोस्टर बता रहे थे कि नीतीश कुमार के लिए यह योजना काफी अहम है।

## सिर उठाता परिसीमन का प्रश्न, आकार-प्रकार में क्या कोई बदलाव जरूरी है?

देश में चुनावों पर चर्चा होती है, लेकिन चुनाव इकाइयों अर्थात निर्वाचन क्षेत्रों के परिसीमन पर चर्चा नहीं होती। प्रत्येक जनगणना के बाद परिसीमन कराने का प्रविधान है। संविधान (अनु.327) संसद को परिसीमन का अधिकार देता है, जिसमें दो बड़े मुद्दे हैं-प्रथम, लोकसभा और विधानसभाओं में कितने-कितने जनप्रतिनिधि होने चाहिए? दूसरा, लोकसभा और विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की सीमाओं, उनके आकार-प्रकार में क्या कोई बदलाव जरूरी है? संविधान संसद को अधिकार देता है कि वह उपरोक्त दोनों मुद्दों के समाधान हेतु अभिकरण बनाए और परिसीमन प्रक्रिया निर्धारित करे। प्रथम लोकसभा और विधानसभा चुनावों हेतु परिसीमन राष्ट्रपति कार्यालय ने किया। संसद ने 1952 में प्रथम परिसीमन आयोग का गठन किया, जिसने 1957 के चुनावों हेतु परिसीमन किया। उसके बाद 1962 और 1972 में द्वितीय और तृतीय परिसीमन आयोगों ने 1971 एवं 1972 की जनगणना के आधार पर परिसीमन किया। 1975 में इंदिरा गांधी ने आपातकाल लगाकर 42वें संविधान संशोधन द्वारा अगले 25 वर्ष तक परिसीमन पर रोक लगा दी। फलतः 1981 और 1991 में परिसीमन नहीं हो सका। संसद द्वारा 2002 में चतुर्थ परिसीमन आयोग का गठन हुआ, लेकिन 84वें संविधान संशोधन (2001) द्वारा लोकसभा और विधानसभाओं में सांसदों और विधायकों की संख्या बढ़ाने पर 2026 के बाद होने वाली जनगणना तक इस आधार पर प्रतिबंध लगा दिया गया कि 2026 तक देश में जन्मदर और मृत्युदर बराबर हो जाएगी, लेकिन ऐसा हुआ नहीं। फलतः चतुर्थ परिसीमन आयोग केवल आंशिक परिसीमन कर सका। 1972 के बाद पचास वर्षों से अधिक समय से पूर्ण परिसीमन नहीं हुआ है। आज देश की जनसंख्या चीन से ज्यादा हो गई है, पर सांसदों और विधायकों की संख्या नहीं बढ़ी। इससे सांसद और विधायक अत्यधिक जनसंख्या का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। एक सांसद औसतन 25 लाख और विधायक पांच-सात लाख लोगों का प्रतिनिधित्व कर रहा है, जबकि इंग्लैंड के सांसद एक लाख और अमेरिका के सात लाख लोगों का ही प्रतिनिधित्व करते हैं। अतः आगामी परिसीमन आयोग द्वारा सांसदों और विधायकों की संख्या बढ़ाने का प्रतिवेदन जरूरी है। जनप्रतिनिधियों की संख्या न बढ़ने से दूसरी समस्या यह है कि प्रतिनिधित्व की समानता का सिद्धांत ध्वस्त हो गया है। ज्यादा जनसंख्या का प्रतिनिधित्व करने वाले सांसद के मत का मूल्य वही है, जो कम जनसंख्या का प्रतिनिधित्व करने वाले सांसद का। यदि केवल जनसंख्या को परिसीमन और सीटों के आवंटन का आधार बनाया जाएगा, तो वे राज्य दंडित होंगे, जिन्होंने जनसंख्या नियंत्रण में अच्छा काम किया है। आगामी परिसीमन में अनुमानतः कर्नाटक में 8, तेलंगाना और आंध्र में 3-3, तमिलनाडु में 2 सीटें बढ़ेंगी, जबकि केरल में एक लोकसभा सीट घट सकती है। वहीं मध्य प्रदेश में 18, राजस्थान में 19, महाराष्ट्र में 20, बिहार में 30 और उत्तर प्रदेश में 48 सीटें बढ़ सकती हैं। आगामी परिसीमन में जनसंख्या नियंत्रण और प्रतिनिधित्व की समानता॥ में संतुलन चुनौतीपूर्ण होगा। इस पर आश्चर्य नहीं कि दक्षिण के राज्य परिसीमन को लेकर आशंका जताने लगे हैं। गृहमंत्री अमित शाह ने संसद को सूचित किया था कि लोकसभा चुनाव बाद जनगणना और परिसीमन कराया जाएगा। परिसीमन में लोकसभा की सीटें बढ़ना तय हैं। मोदी सरकार ने दूरदर्शिता से नई संसद का निर्माण कराया, जिसमें 888 लोकसभा सीटें हैं, लेकिन राज्यों ने इस पर अभी ध्यान नहीं दिया है। लोकसभा में करीब डेढ़-दो सौ सीटें बढ़ना तय है। युवाओं को इसका लाभ लेना चाहिए। पीएम मोदी ने युवाओं से राजनीति में आने का आह्वान भी किया है। नारीशक्ति वंदन अधिनियम से महिलाओं हेतु लोकसभा और विधानसभाओं में एक तिहाई सीटें आरक्षित की गई हैं। लोकसभा की वर्तमान सदस्य संख्या पर 181 महिला सीटें आरक्षित होंगी और यदि परिसीमन से न्यूनतम 150 लोकसभा सीटें भी बढ़ती हैं, तो लोकसभा में 231 महिला सीटें आरक्षित होंगी, जिसका लाभ महिलाओं को मिलेगा। अनुसूचित जाति-एससी और अनुसूचित जनजाति-एसटी की आरक्षित सीटों में भी वृद्धि होगी, क्योंकि अनु. 330(2) के अनुसार प्रत्येक राज्य को आवंटित सीटों में एससी और एसटी के लिए उसी अनुपात में सीटें आरक्षित होंगी, जो अनुपात उनका राज्य की आबादी में होगा। जब 2006 में आंशिक परिसीमन हुआ था, तब लोकसभा सीटों के बढ़ने पर तो प्रतिबंध था, पर एससी की आरक्षित सीटें 79 से बढ़कर 84 और एसटी की सीटें 41 से बढ़ कर 47 हो गई थीं। अगले परिसीमन में यह संख्या और बढ़ेगी। आगामी परिसीमन आयोग को या तो लोकसभा में अधिकतम सीटों की संख्या तय कर उन्हें राज्यों को आवंटित करने का फामूर्ला बनाना होगा या यह तय करना होगा कि 2026 में भारत की अनुमानित जनसंख्या एक अरब 42 करोड़ में कोई सांसद अधिकतम कितनी जनसंख्या का प्रतिनिधित्व करेगा।

# अल्पसंख्यक के नाम पर राजनीति ज्यादा खतरनाक

विशिष्ट भारतीय समुदायों की सांस्कृतिक रूप से विविध पहचान को केवल अल्पसंख्यकों के हितों की सुरक्षा सुनिश्चित करके ही बरकरार रखा जा सकता है। भारतीय सामाजिक प्रथाओं में प्रत्येक संस्कृति और धर्म के प्रति सहिष्णु और सर्व-समावेशी रवैया शामिल है। भेदभाव, जबरन आत्मसातीकरण एवं धर्म-परिवर्तन समुदायों को खतरे में डालता है और भारतीय समाज के समग्र सार एवं उसके मूल स्वरूप को प्रभावित करता है। भेदभाव नफरत का सबसे खराब एवं वीभत्स रूप है। लोगों के एक समूह के खिलाफ उनकी भाषाई या सांस्कृतिक मान्यताओं के आधार पर हिंसक कार्रवाई करना किसी व्यक्ति के विवेक के लिए हानिकारक है।





**ललित गर्ग**
**लेखक**

अल्पसंख्यक अधिकार दिवस पहली बार 18 दिसंबर 1992 को संयुक्त राष्ट्र द्वारा अल्पसंख्यक समुदायों के अधिकारों की रक्षा, राष्ट्र निर्माण में योगदान के रूप में चिन्हित कर अल्पसंख्यकों के क्षेत्र विशेष में ही उनकी भाषा, जाति, धर्म, संस्कृति, परंपरा आदि की सुरक्षा को सुनिश्चित करने एवं समाज को जागृत करने हेतु मनाया जाता है। इस साल थीम विविधता और समावेश का जश्न मनाना॥ है। इसका उद्देश्य भारत के अल्पसंख्यकों की समावेशिता और विविधता को बढ़ावा देना है। यह थीम इस बात पर जोर देती है कि अल्पसंख्यक के अधिकार सिर्फ. आकांक्षाएं नहीं हैं, बल्कि बेहतर भविष्य के लिए लोगों और समुदायों को सशक्त बनाने का एक व्यावहारिक तरीका भी हैं। संयुक्त राष्ट्र ने अल्पसंख्यकों की परिभाषा दी है कि ऐसा समुदाय जिसका सामाजिक, आर्थिक तथा राजनीतिक रूप से कोई प्रभाव न हो और जिसकी आबादी नगण्य हो, उसे अल्पसंख्यक कहा जाएगा। भारत में, इस दिन राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग (एनसीएम) द्वारा राष्ट्रीय अल्पसंख्यक अधिकार दिवस व्यापक स्तर पर मनाया जाता है। यह दिवस राष्ट्रीय या जातीय, धार्मिक और भाषाई अल्पसंख्यकों से संबंधित व्यक्तियों के अधिकारों की घोषणा को जीवंतता प्रदान करने का दिवस है। भारत में केंद्र सरकार अल्पसंख्यकों के गैर-भेदभाव और समानता के अधिकारों की गारंटी के प्रयास सुनिश्चित करने के लिये प्रतिबद्ध है। इस दिन, देश के अल्पसंख्यक समुदायों के सामने आने वाली चुनौतियों और मुद्दों पर ध्यान खींचा जाता है। लोग धार्मिक, सांस्कृतिक, भाषाई और जातीय अल्पसंख्यकों के अधिकारों की रक्षा करने की बात करते हैं। भारत लोकतंत्र की जननी॥ कहलाता है, यहां के लोकतंत्र को खुबसूरती प्रदान करने के लिये भारत का संविधान सभी नागरिकों को समान अधिकार प्रदान करता है और भाषाई, जातीय, सांस्कृतिक और धार्मिक अल्पसंख्यकों के अधिकारों की सुरक्षा के लिए कई उपक्रम एवं प्रयोग करता है। सरकार उन लोगों का गंभीरता एवं समानता से ख्याल रखती है जो अनुसूचित जनजाति और अनुसूचित जाति के लोगों सहित उनकी जाति, संस्कृति और समुदाय के बावजूद आर्थिक या सामाजिक रूप से वंचित लोग हैं। इसमें कोई संदेह नहीं है कि प्रत्येक राष्ट्र में अलग-अलग जातीय, भाषाई और धार्मिक अल्पसंख्यक समूह होते हैं। भारत में अनेक अल्पसंख्यक समुदाय है। आंध्र प्रदेश, असम, बिहार, छत्तीसगढ़, दिल्ली, झारखंड, कर्नाटक, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, मणिपुर, राजस्थान, तमिलनाडु, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल जैसे विभिन्न राज्यों ने अपने-अपने राज्यों में राज्य अल्पसंख्यक आयोग की स्थापना की, जो संविधान और संसद और राज्य विधानमंडलों द्वारा अधिनियमित कानूनों में दिए गए अल्पसंख्यकों के हितों की रक्षा और संरक्षण करते हैं। अल्पसंख्यक अधिकार दिवस अल्पसंख्यकों के खिलाफ सभी प्रकार के भेदभाव को खत्म करने के मकसद से मनाया जाता है। हालांकि, कानूनी रूप से भारत के संविधान में अल्पसंख्यक की कोई स्पष्ट परिभाषा नहीं है लेकिन अल्पसंख्यकों के हितों की रक्षा के लिए संविधान के कई प्रावधान अनुच्छेद 29, 30 आदि हैं। अल्पसंख्यक शब्द अल्प और संख्यक दो शब्दों से बना है। जिसका मतलब दूसरों की तुलना में कम संख्या होना है। भारत में अल्पसंख्यकों में मुस्लिम, ईसाई, सिख, बौद्ध, जैन और पारसी शामिल हैं। जरूरत है कि अल्पसंख्यकों को नहीं बांटें और सत्य को नहीं ढकें। लोकतंत्र भारत की आत्मा है और उसकी रगों में लोकतंत्र रचा-बसा है। यहां सभी को समानता से जीने का अधिकार है, जाति, पंथ एवं धर्म के आधार पर किसी के साथ भेदभाव का कोई सवाल ही नहीं है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों के कल्याण एवं अधिकारों पर बल दिया है तभी उनकी सरकार सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास के सिद्धांत पर चलती है। अल्पसंख्यकों के साथ भेदभाव के आरोप पर मोदी ने कहा कि भारत के लोकतांत्रिक मूल्यों में धर्म, जाति, उम्र या भू-भाग के आधार पर कोई भेदभाव नहीं है। हमारी सरकार लोकतंत्र के मूल्यों के आधार पर बने संविधान के आधार पर चलती है तो पक्षपात का कोई सवाल ही नहीं उठता है। सबका॥ शब्द में सभी अल्पसंख्यक वर्ग को सम्मिलित करने का भाव है, मोदी सरकार ने अपने नए नारे के साथ ये एहसास दिलाने का प्रयास किया है कि अल्पसंख्यक समुदाय का भी विश्वास अर्जित करने के भरपूर प्रयास किए जा रहे हैं। तीन तलाक के विरुद्ध कानून लाकर अल्पसंख्यक समुदाय की महिलाओं को बहुसंख्यक समाज के महिला के बराबर बताने की कोशिश ऐसा ही प्रयास है। भारत की माटी ने वसुधैव कुटुम्बकम॥ का उद्घोष करके सभी प्राणियों के सुखी एवं समृद्ध होने की कामना की है। यहां अल्पसंख्यकों के साथ इसी उद्घोष की भांति उदात्तता बरती जाती है। महात्मा गांधी ने कहा भी है कि किसी राष्ट्र की महानता इस बात से मापी जाती है कि वह अपने सबसे कमजोर नागरिकों के साथ कैसा व्यवहार करता है। ॥ इस दृष्टि से आजादी के बाद की सभी सरकारों ने अल्पसंख्यकों के साथ उदात्त एवं कल्याणकारी दृष्टिकोण अपनाया है। लेकिन कुछ राजनीतिक दलों ने अपने स्वार्थों के लिये अल्पसंख्यकों को गुमराह किया है, साम्प्रदायिक उन्माद पैदा किया है। जिससे भारत के लोकतंत्र पर लाल और काले धब्बे लगते गये हैं। इन्हीं संकीर्ण एवं साम्प्रदायिकता की राजनीति करने वाले दलों ने अल्पसंख्यकों के कल्याण की बजाय उनको वोट बैंक मानकर उनके वास्तविक अधिकारों की अनदेखी की है। ऐसे राजनेताओं ने अल्पसंख्यकों का जीवन खतरे में है, कहकर उन्हें उकसाया है, राष्ट्र की मूलधारा से अलग-थलग करने की कोशिश की है, लेकिन मोदी सरकार ने अल्पसंख्यकों के कल्याण की अनेक बहुआयामी योजनाओं एवं नीतियों को लागू कर इन तथाकथित नेताओं की जुबान पर ताला लगा दिया है। सच कहा जाये तो देश में अल्पसंख्यक खतरे में नहीं हैं, अल्पसंख्यकों के नाम पर राजनीति करने वाले खतरे में हैं। भारत विविध संस्कृतियों और समुदायों का देश है, यही इसका सौन्दर्य है। एक या अधिक अल्पसंख्यकों के खिलाफ भेदभाव और जबरन आत्मसात करने से समृद्ध और ऐतिहासिक संस्कृतियों, भाषाओं और धर्मों का नुकसान हो सकता है जिन्होंने सदियों से भारत में अपनी विरासत संभाली है।

# कभी टोले से डरती है, कभी झोले से डरती है

हाल के दिनों में आपने देखा होगा कि पहले राहुल गाँधी ने भाजपा की सरकार को संविधान के मुद्दे पर अपने पाले में खींचा और अब फिलिस्तीन के मुद्दे पर प्रियंका वाड्रा ने महज एक झोला लटकाकर भाजपा और भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार को कटघरे में खड़ा कर दिया है। संविधान के मुद्दे पर तो प्रधानमंत्री जी लोकसभा में एक भाषण देकर फारिग हो गए लेकिन फिलिस्तीन के मुद्दे पर अभी तक सरका र ने चुप्पी साध रखी है





**राकेश अचल**
**लेखक**

आजकल जैसे संसद में मुद्दों पर काम नहीं हो रहा उसी तरह मुझे भी लिखने के लिए ऐसे मुद्दे मिल रहे हैं जिनके बारे में लिखने में मुझे तकलीफ होती है। आज मै फिर उस गैर जरूरी मुद्दे पर लिख रहा हूँ उसके बारे में लोकसभा का कीमती वक्त तो अभी बर्बाद नहीं हुआ लेकिन भाजपा का कीमती वक्त जरूर बर्बाद हो गया। मुद्दा था कांग्रेस संसद प्रियंका वाड्रा का झोला। जी हाँ झोला। हमारी प्रिय भाजपा के पास किसानों के मुद्दों पर बहस के लिए वक्त नहीं है लेकिन प्रियंका के झोले को लेकर पूरी सरकारी पार्टी बहस में उलझ गयी। किस्सा यूं है कि प्रियंका वाड्रा लोकसभा में जो झोला लटका कर गयीं उसके ऊपर फिलिस्तीन अंकित था और फिलस्तीन का खरबूजा वाला ध्वज भी। बस यही भाजपा को खटक गया। इस कदम की भाजपा ने आलोचना की और उनके इस कदम को तुष्टिकरण करार दिया. बीजेपी सांसद संबित पात्रा ने प्रियंका गांधी पर निशाना साधते हुए कहा, गांधी परिवार तुष्टिकरण का झोला ढो रहा है. उन्होंने कहा, इसी तुष्टिकरण की वजह से उन्हें (कांग्रेस) चुनावों में हार मिली है। भाजपा द्वारा की गयी झोले की आलोचना के बाद प्रियंका भी कहाँ चुप रहने वाली थीं। उन्होंने पलटवार करते हुए कहा कि यह आलोचना पितृसत्ता है, जहां उन्हें बताया जा रहा है कि क्या पहनना है और क्या नहीं पहनना है. उन्होंने कहा, मैं पितृसत्ता का समर्थन नहीं करती. मैं वही पहनूंगी जो मैं चाहती हूं। आपको याद होगा की इससे पहले केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री भाई किरेन रिजिजू प्रियंका के भाई राहुल गांधी की टीशर्ट पर आपत्ति कर चुके है। वे कह चुके हैं कि राहुल टीशर्ट पहनकर संसद का अनादर करते हैं। दरअसल भाजपा राहुल गांधी से तो पहले से डरी हुई थी और अब प्रियंका के लोकसभा में आने के बाद भाजपा का डर दोगुना हो गया है। तभी तो कभी भाजपा को राहुल के टीशर्ट के बाहर झांकते टोले परेशान करते हैं तो कभी प्रियंका के कंधे पर लटका झोला। संविद पात्रा के बाद भाजपा आईटी सेल के प्रमुख अमित मालवीय ने प्रियंका को राहुल गांधी से भी बड़ी आपदा कहा है। उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, इस संसद सत्र के अंत में, कांग्रेस में सभी के लिए दो मिनट का मौन रखें, जो मानते थे कि प्रियंका वाड्रा लंबे समय से प्रतीक्षित समाधान थीं, उन्हें पहले ही इसे अपना लेना चाहिए था। वह राहुल गांधी से भी बड़ी आपदा हैं, जो सोचते हैं कि संसद में फिलिस्तीन के समर्थन में बैग लेकर चलना पितृसत्ता से लड़ना है। यह सही है. मुसलमानों को सांप्रदायिक सद्गुणों का पैगाम देना अब पितृसत्ता के खिलाफ रुख के रूप में सामने आ रहा है! कोई गलती न करें, कांग्रेस नई मुस्लिम लीग है। आपको याद हो या न हो किन्तु मै बता दूँ कि पिछले सप्ताह नई दिल्ली स्थित फलस्तीनी दूतावास के चार्ज.डिअफेयर्स ने प्रियंका गांधी से मुलाकात कर उन्हें वायनाड से सांसद निर्वाचित होने पर बधाई भी दी थी. पूर्व में कांग्रेस नेता गजा में इसराइली बमबारी की निंदा भी कर चुकी है। भाजपा के ही सांसद अनुराग ठाकुर जो पहले कभी केंद्र में मंत्री होते थे वे भी प्रियंका के फिलिस्तीनी झोले से आतंकित हैं। उन्होंने कहा की प्रियंका केवल फैशन स्टेटमेंट बनाने में लगी रहती हैं। उन्होंने बांग्लादेश में हिन्दुओं के ऊपर हो रहे अत्याचार के बारे में तो कुछ नहीं बोला। भाजपा के तमाम छोटे-बड़े नेता प्रियंका के झोले को लेकर प्रियंका को कोस रहे हैं। दरअसल प्रियंका के झोले ने भारत सरकार को फिलस्तीन के मामले में कटघरे में ला खड़ा किया है। भारत सरकार अभी तक ये तय नहीं कर पायी है कि वो भारत के पुराने मित्र फिलिस्तीन के साथ है या इजराइल के साथ? फिलस्तीन के मामले में नेहरू और इंदिरा गाँधी के युग में जो नीति थी उसे अटल जी के युग में भी दोहराया गया, लेकिन मोदी युग में फिलिस्तीन को लेकर भारत की नीति अचानक बदल गय। भारत अब फिलिस्तीनियों के संघर्ष और उनके मानवीय अधिकारों का दमन करने वाले इजराइल के साथ खड़ा है। भारत ने इजराइल के फेर में फिलिस्तीन को एकदम भुला दिया है क्योंकि फिलिस्तीन में इजराइली बर्बरता का शिकार हो रहे लोग मुसलमान हैं।

मुमकिन है कि कांग्रेस की संसद प्रियंका वाड्रा ने एक झोले के जरिये फिलिस्तीन मुद्दे को जिस ढंग से उठाया है उसके बारे में आज नहीं तो कल संसद में भी बहस हो। संसद में बहस हो या न हो लेकिन संसद के बाहर तो ये बहस शुरू हो गयी है। बहस इस बात पर भी हो रही है की क्या अब विपक्षी सांसदों को भाजपा यानि भाजपा सरकार से पूछना होगा की वे कौन से कपड़े पाहणकर संसद में आएं और कौन से कपड़े न पहने? कौन सा झोला लटकाएं और कौन सा नहीं? आपको याद होगा कि भाजपा पहले भी लोगों के खान-पान और पहनावे को लेकर सवाल खड़े करती रही है। कभी उसके निशाने पर हिजाब रहता है तो कभी हलाल और गैर हलाल किया हुआ भोजन। असम में भाजपा की डबल इंजिन की सरकार होटलों में गौमांस बेचने पर प्रतिबन्ध लगा चुकी है लेकिन देश से गौमांस बाहर भेजने पार कोई प्रतिबन्ध नहीं है। उत्तर प्रदेश में भाजपा की सरकार को हलाल के मुद्दे पर तकलीफ रही है। कर्नाटक में भाजपा और उसके सहयोगी हिजाब पार तेजाबी रुख अख्तियार कार चुके हैं। लेकिन किसानों, मजदूरों के मुद्दे पर भाजपा का कोई प्रवक्ता, कोई नेता या संसद अपना मुंह नहीं खोलता। राहुल की टीशर्ट और प्रियंका के झोले से बौखलाई भाजपा का डर लोकसभा में इस जोड़ी की वजह से दिनोंदिन बढ़ता ही जा रहा है। भाजपा ने राहुल गांधी को पप्पू साबित करने में अपनी तमाम ताकत झौंक दी थी लेकिन आम चुनाव में राहुल की अगुवाई में विपक्षी गठबंधन ने जो शानदार कामयाबी हासिल की थी उसे कोई भूला नहीं है। अब प्रियंका के लोकसभा में आने के बाद भाजपा को भय है कि कहीं प्रियंका भाजपा को बेनकाब करने में राहुल से भी आगे न निकल जाएँ, इसलिए अब भाजपा प्रियंका के पहनावे के साथ ही उनके झोले पर भी निगाह रखने लगी है।

## हताश-निराश विपक्ष को ममता से आस क्यों

**राजेश कुमार पासी**

कभी-कभी हम ऐसी समस्या से घिर जाते हैं जिससे निकलने का कोई अच्छा रास्ता नहीं सूझता तो हम हताश होकर एक नए रास्ते पर चलने लगते हैं। हालात कैसे भी हों लेकिन बिना सोचे समझे उठाया हुआ कदम नुकसान पहुंचाता है। आज हमारे देश का विपक्ष बहुत हताश और निराश हो चुका है। पिछले दस सालों से वो मोदी से लड़ रहा है लेकिन उनका कुछ नहीं बिगाड़ पाया है। 4 जून को जब लोकसभा के चुनाव परिणाम आये तो विपक्ष में खुशी की लहर दौड़ गई थी क्योंकि भाजपा को अकेले अपने दम पर बहुमत नहीं मिला था। भाजपा बहुमत से 32 सीटें पीछे रह गई थी। विपक्ष को लगा कि अब मोदी का प्रधानमंत्री बनना मुश्किल है क्योंकि उन्होंने कभी अल्पमत की सरकार नहीं चलाई है। उन्हें दूसरी उम्मीद यह थी कि एनडीए के घटक दल मोदी के अलावा भाजपा के किसी दूसरे नेता को प्रधानमंत्री बनाना पसंद करेंगे। विपक्ष की उम्मीदों के विपरीत मोदी तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री बन गए और किसी भी घटक दल ने उनको प्रधानमंत्री बनाने का विरोध नहीं किया बल्कि पूरे एनडीए ने उन्हें अपना नेता मान लिया। मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद विपक्ष में यह उम्मीद पैदा हो गई कि जब सरकार का गठन होगा तो मंत्री पद के लिए एनडीए के घटक दलों में जबरदस्त संघर्ष होगा। उन्हें लगा कि भाजपा कमजोर हो गई है तो घटक दल मोदी को ब्लैकमेल करके ज्यादा से ज्यादा मंत्रीपद लेने में सफल हो जाएंगे। विपक्ष की उम्मीदों के विपरीत कैबिनेट में सभी महत्वपूर्ण मंत्रालय भाजपा ने अपने पास रख लिए और घटक दलों ने कोई एतराज भी जाहिर नहीं किया। विपक्ष को नीतीश कुमार और चंद्रबाबू नायडू से बहुत उम्मीद थी कि वो मोदी को फ्रीहैण्ड नहीं देंगे और सरकार में दखलंदाजी जरूर करेंगे। सरकार को बने 6 महीने बीत गए हैं लेकिन मोदी सरकार वैसे ही चल रही है जैसे पिछले दस सालों से चल रही थी। नीतीश कुमार और चंद्रबाबू नायडू पूरी तरह से मोदी के समर्थन में खड़े दिखाई दे रहे हैं। 6 महीने जैसे सरकार चली है, उसको देखकर ऐसा लग ही नहीं रहा है कि ये गठबंधन की सरकार है। मोदी सरकार ऐसा आभास पैदा कर रही है जैसे वो एक पार्टी की बहुमत वाली सरकार है। जो विपक्ष इस सरकार के जल्दी गिरने की संभावना देख रहा था, वो अब बहुत निराश हो चुका है क्योंकि उसे अहसास हो गया है कि ये सरकार पांच साल तक कहीं जाने वाली नहीं है। लोकसभा में कांग्रेस की सीटें 54 से बढ़कर 99 हो गई हैं तो राहुल गांधी आत्मविश्वास से भरे हुए दिखाई दे रहे हैं। उन्हें लग रहा है कि बेशक इस बार मोदी सरकार बनाने में कामयाब हो गए हैं लेकिन अब वो दोबारा मोदी को सत्ता में नहीं आने देंगे। लोकसभा के गठन के बाद संसद के मानसून सत्र में राहुल गांधी बेहद आक्रामक अंदाज में दिखाई दे रहे थे। उनके अलावा विपक्ष के दूसरे दल भी भाजपा पर जबरदस्त तरीके से हमलावर थे क्योंकि उन्हें लग रहा था कि अब भाजपा पहले से बहुत कमजोर हो गई है। शीतकालीन सत्र में तस्वीर बदल चुकी है क्योंकि हरियाणा और महाराष्ट्र में बड़ी जीत हासिल करके भाजपा पूरे आत्मविश्वास से संसद में आई है। दूसरी तरफ इन दो राज्यों में मिली करारी हार ने विपक्ष को पस्त कर दिया है। अब विपक्ष में भाजपा से लड़ने का माद्दा ही नहीं बचा है। अब उसकी प्राथमिकता भाजपा से लड़ने की दिखाई नहीं दे रही है। अब विपक्ष पहले यह फैसला करना चाहता है कि भाजपा से किसके नेतृत्व में लड़ा जाएगा। ऐसा लग रहा है कि विपक्षी दलों को यह अहसास हो गया है कि वो राहुल गांधी के नेतृत्व में मोदी का मुकाबला नहीं कर सकते। वैसे देखा जाए तो विपक्ष राहुल गांधी के नेतृत्व में मोदी का मुकाबला कर ही नहीं रहा था। विपक्ष ने राहुल गांधी को कभी अपना नेता नहीं माना है, राहुल गांधी सिर्फ कांग्रेस का नेतृत्व कर रहे थे। इंडिया गठबंधन ने पूरे चुनाव के दौरान किसी को अपना नेता नहीं माना था। वास्तव में इंडिया गठबंधन को अपनी जीत पक्की लग रही थी। उसके नेताओं को लग रहा था कि गठबंधन का नेता ही प्रधानमंत्री का स्वाभाविक उम्मीदवार होगा इसलिये वो किसी को नेता मानने को तैयार नहीं हुए। गठबंधन के नेता चाहते थे कि प्रधानमंत्री का फैसला चुनाव परिणाम आने के बाद किया जाए क्योंकि प्रधानमंत्री पद के लिए घटक दलों में चुनाव से पहले ही खींचतान शुरू हो जाती।

# यूपी पुलिस में 1.56 लाख युवाओं की हो चुकी भर्ती, अन्य विभागों में 7 लाख को दी नौकरी

प्रात: किरण संवाददाता

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को विधानसभा को बताया कि उनकी सरकार में उत्तर प्रदेश पुलिस में एक लाख 56 हजार पुलिसकर्मियों की भर्ती अब तक पूरी हो चुकी है। शीतकालीन सत्र के दूसरे दिन चर्चा में योगी ने कहा कि भर्ती पुलिसकर्मियों में 22 हजार 700 से अधिक महिलाएं शामिल हैं। उनके लिए 20 प्रतिशत पद आरक्षित करते हुए भर्ती प्रक्रिया को आगे बढ़ाया गया है। अभी हाल ही में हमारी सरकार ने 60 हजार 200 से अधिक पुलिस की भर्ती प्रक्रिया को बहुत शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न किया है। प्रदेश के अंदर हर जिले के युवा इस भर्ती में आए हैं। हमारी सरकार ने सात-साढ़े सात वर्ष में सिंचाई, वन, स्वास्थ्य समेत अन्य विभागों में लगभग सात लाख के करीब भर्ती की प्रक्रिया को पूरा किया है। भर्ती की प्रक्रिया पारदर्शिता और ईमानदारी से हुई है, इस पर कोई प्रश्न नहीं खड़ा कर सकता है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि 2017 से पहले उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग की स्थिति क्या थी। कौन नहीं जानता कि क्या होता था। आप लोग भूल गए, जब 86 एसडीएम पद में से 56 एक ही जाति विशेष के लोग भर दिए गए। दूसरा, वही प्रयागराज है जहां पब्लिक सर्विस कमीशन के कार्यालय में महीनों तक यूपी के नौजवानों ने धरना दिया था। एक अयोग्य व्यक्ति, उस पद के लिए उपयुक्त नहीं था, जिसकी डिग्री फर्जी थी, उसे आयोग का अध्यक्ष बनाकर पूरे कमीशन और युवाओं के भवष्यि के साथ खिलवाड़ किया गया था। उस समय कैसे-कैसे लोग अध्यक्ष बनाए गए थे, जो स्वयं एक लेक्चरर होने के एलिजिबिल नहीं था। हाईस्कूल, इंटर, ग्रेजुएशन थर्ड डिवीजन, पीएचडी की डिग्री भी फर्जी, वह व्यक्ति उत्तर प्रदेश पब्लिक सर्विस कमीशन का अध्यक्ष बन गया था।



उन्होने कहा कि भर्ती की प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने के लिए इस समय रिफॉर्म किए जाते हैं। आयोगों और बोर्डों को इसका पूरा अधिकार होता है। प्रक्रिया ईमानदारी से पूरी होनी चाहिए। पब्लिक सर्विस कमीशन, अधीनस्थ सेवा चयन आयोग और शिक्षा आयोग भी उसके लिए अधिकृत होते हैं। वे इस प्रक्रिया को कर सकते हैं। जब भी उत्तर प्रदेश के युवाओं के लिए जरूरत होती है, वे इस प्रकार के कदम उठाने के लिए स्वतंत्र हैं।

उनकी शुचिता और पारदर्शिता पर कोई प्रश्न नहीं उठा सकता। इसीलिए इन युवाओं को नियुक्ति पत्र देने के लिए मैं और मेरे मंत्रिमंडल के सदस्यगण जाते हैं। जनप्रतिनिधियों से भी कहते हैं कि वो जिले जिले में जाकर नियुक्ति पत्र वितरण में योगदान दें। हर नौजवान इसके लिए खुश होता है कि सिफारिश किए बगैर न सर्फि हमारी नियुक्ति हुई, बल्कि हमें नियुक्ति पत्र भी प्राप्त हो रहा है। यह हमारे लिए जीवन का सबसे महत्वपूर्ण क्षण है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार की जीरो टॉलरेंस की नीति इसीलिए है, क्योंकि यूपी में अधिक से अधिक निवेश आए। ये 40 लाख करोड़ रुपए का जो निवेश है, यह उत्तर प्रदेश में एक करोड़ 25 लाख से अधिक नौजवानों को सीधे-सीधे नौकरी की गारंटी दे रहा है। इसमें से 15 लाख करोड़ के निवेश प्रस्तावों को हम धरातल पर उतार चुके हैं और 10 लाख करोड़ पाइपलाइन में है, जिसे हम कभी भी ग्राउंड ब्रेकिंग करके आगे बढ़ा सकते हैं। कहा कि यहां सुरक्षा, बेहतर कानून व्यवस्था और दंगा मुक्त प्रदेश का वातावरण बना है। इस कारण देश और दुनिया का हर निवेशक प्रदेश में आना चाहता है। इसी का परिणाम है कि 2012-17 के बीच में प्रदेश की बेरोजगारी दर थी वो 19 फीसदी से अधिक थी और आज यह 2.4 है। यह चीजें दिखाती हैं कि सरकार के कदम अच्छी दिशा में आगे बढ़े हैं। सरकार ने रोजगार सृजन के लिए भी मेले लगाए हैं। स्किल डेवलपमेंट, पीएम वश्विकर्मा, वश्विकर्मा श्रम सम्मान के माध्यम से जगह-जगह रोजगार मेले लग रहे हैं।योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आज के दिन जब रिजर्व बैंक अपनी रिपोर्ट प्रकाशित करता है तो उसकी रिपोर्ट कहती है कि भारत के अंदर उत्तर प्रदेश का बैंकों से लेनदेन सर्वाधिक है। जब हम लोग आए थे तब सीडी रेशियो 44 के आसपास था और आज यह 60 फीसदी है। यह दिखाता है कि यदि 100 रुपए जमा हो रहा है तो 60 रुपये यूपी के अंदर ही यहां के नौजवानों, बेरोजगारों और यूपी के ही व्यावसाइयों को राज्य के अंदर रोजगार सृजन करने, यूपी में नए रोजगार को बढ़ाने में मदद करता है। हम मानते हैं कि इसको 75 फीसदी होना चाहिए था, लेकिन हमको विरासत में क्या मिला था। उन्होंने कहा कि प्रदेश के अंदर एमएसएमई सेक्टर रोजगार का सबसे बड़ा माध्यम है, वह मृतप्रायः सा हो चुका था। आज वन ड्रिट्रक्टि वन प्रोडक्ट (ओडीओपी) के माध्यम से भी हम लोगों ने लाखों नौजवानों को उन्हीं के जनपद में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए हैं। कृषि सेक्टर में जो रिफॉर्म हुए हैं, जो सुविधाएं मिली हैं, उससे किसानों की आमदनी को कई गुना बढ़ाने का काम किया गया है। प्रोक्योरमेंट की पॉलिसी लाकर पारदर्शी तरीके से इस प्रक्रिया को आगे बढ़ाया गया है। खेती की विविधीकरण की दिशा में सरकार ने कदम उठाए हैं। 23 लाख हेक्टेयर भूमि को सिंचाई की सुविधा उपलब्ध कराई है। इसने किसानों की आमदनी को बढ़ाया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उद्योग कैसे चलने चाहिए ,चीनी उद्योग इसका सबसे बड़ा प्रमाण है। आप लोग चीनी उद्योगों को बेच रहे थे, तबाह कर रहे थे, आज 120 चीनी मिलें अकेले उत्तर प्रदेश चला रहा है और उनमें से 100 चीनी मिलें ऐसी हैं जो एक सप्ताह से दस दिन के अंदर गन्ना मूल्य का भुगतान कर रही हैं। बाकी 20 चीनों मिलों पर भी दबाव है कि आप भी इस प्रक्रिया के साथ जुड़िए। देश के अंदर सबसे अधिक कंप्रेस्ड बायोगैस के अधिक प्लांट लगाने वाला राज्य उत्तर प्रदेश है। एथेनॉल उत्पादन करने वाला सबसे बड़ा राज्य उत्तर प्रदेश है।

# नव चयनित ग्राम पंचायत अधिकारियों के प्रशिक्षण का हुआ समापन



प्रात: किरण संवाददाता

बिजनौर। डी.पी.आर.सी. अमरोहा पर संचालित नव चयनित ग्राम पंचायत अधिकारियों का 10 दिवसीय आधारभूत प्रशिक्षण का समापन हो गया। उपनिदेशक पंचायत मुरादाबाद मंडल मुरादाबाद के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में मुरादाबाद मंडल के 24 नव चयनित ग्राम पंचायत अधिकारियों को उपनिदेशक पंचायत अभय कुमार यादव द्वारा प्रमाण पत्र देकर प्रशिक्षण का समापन किया। जिसमे कुछ जनपद बिजनौर के भी ग्राम पंचायत अधिकारी प्रशिक्षित किये गये। इस प्रशिक्षण में ग्राम पंचायत अधिकारियों को पंचायती राज व्यवस्था ग्राम पंचायत एवं ग्राम सभा गठन और कार्य, ग्राम पंचायत की स्थाई समितियां उनके कार्य भूमि प्रबंधन समिति उसके कार्य, परिवार रजिस्टर, सूचना का अधिकार अधिनियम आइ.जी.आर.एस. स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण ई ग्राम स्वराज पीएफएमएस, ऑडिट ऑनलाइन ग्राम पंचायत अधिकारियों की सेवा पुस्तिका विभागीय प्रशासनिक एवं वित्तीय अधिकारियों का प्रतिनिधारण उत्तर प्रदेश सरकारी सेवक अनुशासन एवं अपील नियमावली 1999 अंत्येष्टि स्थल पंचायत भवन एवं पंचायत कोष, स्थानीय सतत विकास के लक्ष्य पर आधारित नौ थीम, पंचायत पुरस्कार, ग्राम विकास के सूचकांक, गवर्नमेंट ई मार्केटिंग, आदि विषय पर प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए उपनिदेशक पंचायत द्वारा आवश्यक अभिलेख पूरा रखना, ईमानदारी के साथ कार्य करने, लाभार्थी परक योजनाओं का अधिक से अधिक लोगों को लाभ दिलवाएं, तथा आइजीआरएस सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 एवं मुख्यमंत्री पोर्टल से संबंधित समस्त शिकायतों का समय से निपटान करने का आह्वान किया। प्रशिक्षण में सत्येंद्र शर्मा, नवनीत शेखर सिंह, मधुर वार्ष्णेय, नितिन जैन,मौहम्मद वसीम, मौहम्मद अनस, विनोद कुमार पांडे, मोहित कुमार, मदन ढिल्लों, शशांक वार्ष्णेय आदि के द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

## संक्षिप्त खबरें

### मंत्री दारा सिंह चौहान ने कैफे एण्ड बेकरी शॉप का किया उद्घाटन

लखनऊ। उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री दारा सिंह चौहान ने लखनऊ के राजाजीपुरम स्थित ई-ब्लॉक मार्केट में सेवेन्थ हेवेन कैफे एण्ड बेकरी शॉप का उद्घाटन किया। कैबिनेट मंत्री दारा सिंह चौहान ने कहा कि हमारे बुजुर्ग लोगों ने नौजवानों को अपने पैरों पर खड़े होने की बात कही है। जब भी कोई नौजवान अपने कार्य को आरम्भ करता है तो बुजुर्गों की कही बात याद आती है। बुजुर्गों के आशीर्वाद के साथ अब नौजवानों के हुनर और मेहनत की आवश्कता है। इसमें सक्षम ने अपना प्रतिष्ठान शुरू किया है, जो एक बेहतर पहल है। इस अवसर पर वाराणसी के पिण्डरा से विधायक अवधेश सिंह, लोक जनशक्ति पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मणि शंकर पाण्डेय, लोजपा (रा) के प्रदेश अध्यक्ष(मध्य) अरविंद पासवान, लोजपा (रा) के युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष सिद्धांत मिश्रा, शत्रोहन लाल मिश्रा सहित तमाम गणमान्य सदस्य उपस्थित रहें।

### कुम्भ मेला क्षेत्र में दो हजार पुलिसकर्मियों को दिया गया सॉफ्ट स्किल प्रशिक्षण

प्रयागराज। कुम्भ मेला प्रयागराज के झूंसी समर्पण पंडाल में सोमवार को लगभग 2000 पुलिसकर्मियों को सॉफ्ट स्किल के सम्बंध में प्रशिक्षण दिया। पुलिस महानिदेशक प्रशिक्षण लखनऊ तिलोत्तमा वर्मा ने प्रशिक्षण के झूंसी पुलिस लाइन के समर्पण पंडाल का उद्घाटन किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में विभिन्न जनपदों से आये हुए पुलिसकर्मियों को सॉफ्ट स्किल के सम्बंध में प्रशिक्षण दिया गया एवं पुलिसकर्मियों द्वारा ड्यूटी करने तथा वास्तविक पुलिसिंग के सम्बंध में जानकारी प्रदान की गई। अपर पुलिस महानिदेशक जोन प्रयागराज भानु भास्कर ने प्रशिक्षण की विशेषता, पुलिसिंग, आपदा एवं भौगोलिक स्थिति की जानकारी दी। इस मौके पर एसएसपी कुम्भ राजेश द्विवेदी ने पुलिसकर्मियों के व्यवहार एवं सॉफ्ट स्किल के सम्बंध में प्रशिक्षण दिया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक एपीटीसी आशुतोष द्विवेदी ने स्वयं के लिए करुणा, महाकुंभ मे पुलिस के सामने आने वाली चुनौतियाँ एवं इन चुनौतियों का सामना करने हेतु शरीरिक व मानसिक रूप से मजबूती तथा करुणापूर्ण व्यवहार के सम्बंध में जानकारी दी। पुलिस उपाधीक्षक विजय प्रताप ने पुलिसकर्मियों के सेवा भाव एवं निस्वार्थ सेवा की भावना से अपने कर्तव्य पर अडिग रहने के सम्बंध में प्रशिक्षण दिया। इसके बाद पुलिस उपाधीक्षक रजनीश कुमार ने आये हुए पुलिसकर्मियों को दूसरो के प्रति सहानुभूति एवं संवेदना के सम्बन्ध में जानकारी दी।

### राम मंदिर में नागपुर की टोली ने किया सुन्दरकाण्ड पाठ

अयोध्या। महाराष्ट्र के नागपुर स्थित 102 वर्ष पुराने पोद्दारेश्वर राम मन्दिर के भक्तों और भजन मंडली ने सोमवार को प्रथम बेला में श्रीराम जन्मभूमि मन्दिर परिसर में तथा द्वितीय बेला में सरयू तट राम की पैड़ी पर स्थित नागेश्वर नाथ मन्दिर में सुन्दरकाण्ड का संगीतमय पाठ किया। इसके पूर्व रविवार को यह टोली नन्दीग्राम और गुप्तारघाट में सुन्दरकाण्ड पाठ कर चुकी है। आयोजकों में से एक पुनीत पोद्दार ने बताया कि पोद्दारेश्वर मन्दिर की टोली प्रतिवर्ष किसी तीर्थ स्थल पर यह कार्यक्रम करती है। इसमें अधिसंख्य वृद्धवय के श्रद्धालु होते हैं, जो तीर्थ यात्रा पर सामान्य रूप से नहीं जा पाते। उन्होंने बताया कि टोली मुं लगभग सौ लोग सम्मिलित हैं। इसके पहले वे काशीपुरी, रामेश्वरम, द्वारिका आदि स्थानों पर सुन्दरकाण्ड का पाठ कर चुके हैं।

# घने कोहरे मे दो स्कूली बस समेत चार वाहन भिड़े, चार बच्चों संग नौ लोग घायल

प्रात: किरण संवाददाता

हसनपुर। घने कोहरे के बीच मंगलवार सुबह गजरौला मार्ग पर कोतवाली क्षेत्र के मनोटा पुल पर दो स्कूल बस समेत चार वाहन भिड़ गए। हादसे में चार स्कूली बच्चों संग नौ लोग घायल हुए हैं। मौके पर काफी देर तक अफरा तफरी मची रही। घायलों को गजरौला के अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। सभी की हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। बताया जा रहा है कि सिहाली जागीर गांव स्थित लिटिल चिल्ड्रन एकेडमी की बस मछरई से 17 बच्चे लेकर आगापुर गांव से स्कूल के लिए बच्चों को लेने आ रही थी। जैसे ही बस मनौटा पुल पर पहुंची कि दृश्यता बेहद कम होने की वजह से सामने से आ रही कार से भिड़ गई। बस में सवार जूनियर कक्षाओं के चार बच्चे घायल हो गए। चालक अकरम को भी चोट लगी। उधर, कार सवार अमरजीत सिरोही उसकी मां कांति और पत्नी नंदा निवासी चंदौसी भी घायल हो गए। दोनों वाहन भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हुए। कोई कुछ समझ पाता इससे पहले ही मुरादाबाद के लोदीपुर स्थित आईएफटीएम यूनिवर्सिटी की बस व एक कार पीछे से दोनों वाहनों में जा टकराए।गनीमत रही कि इन दोनों वाहनों में कोई घायल नहीं हुआ। मौके पर चीख पुकार व अफरातफरी मच गई।हादसे की सूचना पर पहुंचे आसपास के गांव के लोगों ने घायलों को गजरौला के अस्पताल में भर्ती कराया। आरोप है कि पुलिस करीब पौन घंटे बाद मौके पर पहुंची। हादसे के बाद क्षतिग्रस्त वाहनों को मौके से हटाकर रास्ता खुलवाया जा सका। सीओ दीप कुमार पंत ने बताया कि कोहरे की वजह से हादसा हुआ है। कुछ लोगों को मामूली चोट लगी है। घायलों का उपचार कराया जा रहा है।

# जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने किए रामलला के दर्शन

अयोध्या। जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने सोमवार को श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में रामलला के दर्शन किए। इसके पहले उन्होंने हनुमानगढ़ी में बजरंग बली का भी दर्शन पूजन किया। श्रीराम जन्मभूमि मंदिर पहुंचने पर पुजारी ने रामनामा पहनाकर स्वागत किया। हनुमानगढ़ी मंदिर में महंत ज्ञानदास के शिष्य पुजारी हेमंत दास ने उन्हें हनुमान जी का चित्र भेंट किया। सिन्हा दोपहर बाद पड़ोसी जनपद के एक समारोह में सम्मिलित होने के बाद अयोध्या पहुंचे और दर्शन के बाद बाल्मीकि हवाई अड्डे से वापस चले गए।

# उच्च शिक्षा, रिसर्च की पढ़ाई निशुल्क हो : धर्मेन्द्र यादव

बदायूं। आजमगढ़ सांसद धर्मेन्द्र यादव ने अनुपूरक बजट में सभी मदों का विरोध करते हुए कहा कि जिन मुद्दों को लेकर भाजपा की सरकार केंद्र में बनी वह सारे मुद्दे इस अनुपूरक बजट से गायब हैं। उन्होंने कहा कि आपने हर साल दो करोड़ रोजगार देने का वायदा किया था परंतु आजाद भारत मे सबसे ज्यादा बेरोजगारी की दर आज हो गयी है। सौ दिन में स्विस बैंक से काला धन लाने वाले लोग उस चर्चा भी नही करते, स्वामीनाथन कमेटी की सिफारिशों के बावजूद किसान भाईयों को उनकी फसल की लागत का समर्थन मूल्य नहीं मिल रहा है तथा अपनी लागत के समर्थन मूल्य की मांग करने वाले किसानों पर लाठियां चलाकर उन्हें जेल में डाल दिया गया है। किसानों पर ऐसा ताण्डव या तो अंग्रजों के शासन काल मे हुआ या अब भाजपा सरकार में हो रहा है, किसानों को खाद के लिए भी लाठियां खानी पड़ रही हैं, कर्जमाफी के नाम पर देश के बड़े बड़े उद्योगपतियों के लाखों करोड़ों का कर्ज माफ किया जा रहा है परंतु देश के गरीब किसान का 10 20 हजार का कर्ज पुलिस के माध्यम से वसूला जा रहा है। किसानों के लिए समाजवादी पार्टी मांग करती है कि जिस प्रकार उत्तर प्रदेश में समाजवादियों ने पेंशन की व्यवस्था की वैसे ही उन्हें पेंशन दी जाए। नौजवानों के लिये उच्च शिक्षा तथा रिसर्च की पढ़ाई निशुल्क हो। समाजवादियों का नारा है, बेकारों को काम दो या बेकारी का दाम दो, दवा पढ़ाई मुफ्त हो, रोटी कपड़ा सस्ती हो। इलाहाबाद व लखनऊ सहित पूरे प्रदेश में नौजवान नौकरी के लिये लाठियां खा रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज पूरे उत्तर प्रदेश में दो लाख से अधिक शिक्षकों के पद रिक्त हैं, भाजपा सरकार जवाब दे कि इन पदों को कब भरा जाएगा। घरेलू गैस का दाम चार सौ से बारह सौ तथा पेट्रोल सत्तर से सौ रुपये हो गया, इस पर बात करने को भाजपा नेता व मंत्री तैयार नही होते हैं। सांसद धर्मेन्द्र यादव ने मांग करते हुए कहा कि सांसद निधि से गरीबों के इलाज के लिये अधिकतम सीमा 35 से असीमित कर दी जाए, मनरेगा मजदूरों को रोजगार मिले, अग्निवीर की योजना समाप्त की जाए, रोजगार सेवक, आंगनबाड़ी, आशा कार्यकत्रियों, पंचायत सहायक, शिक्षामित्र, अनुदेशक सहित जितने भी संविदाकर्मी हैं उनका मानदेय बढ़ाया जाए।

# वैंकटेश्वरा में विख्यात साहित्यकार डा. मधु चतुर्वेदी कृत महाकाव्य देवयानी का भव्य लोकार्पण

**साहित्य एवं संस्कृति हमारी विरासत होने के साथ-साथ हर भारतीयों की आत्मा हैः सुधीर गिरि**

- मधु चतुर्वेदी को आज के युग की महादेवी वर्मा कहा जाना कोई अतिशयोक्ति नहीः डा. राजीव त्यागी

प्रात: किरण संवाददाता




अमरोहा। श्री वैंकटेश्वरा विश्वविद्यालय /संस्थान में देश की विख्यात कवियत्री/ साहित्यकार डा. मधु चतुर्वेदी द्वारा कृत महाकाव्य देवयानी का शानदार भव्य लोकार्पण हुआ` इसके साथ ही इस शानदार समारोह में देश भर से आये एक सौ छप्पन साहित्यकारों को शॉल, सम्मान पत्र एवं तुलसी पौधा भेंटकर ह्यवैंकटेश्वरा सृजन सम्मान-2024 से सम्मानित किया गया। श्री वैंकटेश्वरा विश्वविद्यालय के रवीन्द्रनाथ टैगोर आडिटोरियम में आयोजित महाकाव्य देवयानी का लोकार्पण समारोह एवं वैंकटेश्वरा सृजन सम्मान-2024 का शुभारम्भ मुख्य अतिथि यू.पी. एस.सी. के पूर्व चेयरमैन डा. प्रदीप जोशी, समूह अध्यक्ष श्री सुधीर गिरि, यू.पी.टी.यू. के पूर्व कुलपति डा. आर. के. खाण्डाल, संस्कृति मंत्रालय के डा. पुष्कर मिश्रा, बिड़ला फाउंडेशन के डा. रितुपर्ण, प्रतिकुलाधिपति डा. राजीव त्यागी, डा. मधु चतुर्वेदी, डा. राहुल अवस्थी, डा. यतीन्द्र कटारिया आदि ने सरस्वती माँ की प्रतिमा के सन्मुख दीप प्रज्वलित करके किया` अपने सम्बोधन में मुख्य वक्ता बिड़ला फाउंडेशन के अध्यक्ष डा. सुरेश रितुपर्ण कहा कि वर्तमान समय में डा. मधु चतुर्वेदी के समकालीन कोई साहित्यकार दूसरा नही दिखाई देता है, जिन्होंने नारी अस्मिता पर इतने बड़े महाकाव्य की रचना की, अगर इनकी तुलना महादेवी वर्मा से की जाये तो कोई अतिशयोक्ति नही होगी` कार्यक्रम का शानदार समापन एवं संचालन करते हुए विख्यात कवि एवं साहित्यकार डा. राहुल अवस्थी ने कहा कि ऐसे महाकाव्य सदियों में एकाध बार समृद्ध होते है, यह हमारा सौभाग्य है कि हम अपनी सदी के इस ऐतिहासिक पल के साक्षी बन रहे है। वैंकटेश्वरा सृजन सम्मान -2024 को संस्कृति मंत्रालय के निदेशक डा. पुष्कर मिश्रा, प्रतिकुलाधिपति डा. राजीव त्यागी, कुलपति प्रो. (डा.) कृष्ण कान्त दवे आदि ने भी सम्बोधित किया। इस अवसर पर कुलसचिव डा. पीयूष पांडेय, डा. राजेश सिंह, डा. मधुसूदन चतुर्वेदी, डा. रवि यादव, डा. आलोक मैत्रेय, डा. हिता मिश्रा, डा. शिवदर्शन दुबे, डा. मधुमुकुल चतुर्वेदी, आदि सम्मानित लोग उपस्थित रहे। इस शानदार कार्यक्रम का संचालन डा. अभिनव एवं धन्यवाद ज्ञापन डा. यतीन्द्र कटारिया ने किया।

# कांग्रेस नेता फिलिस्तीन बैग लेकर घूम रही, हम यूपी के नौजवानों को इजरायल भेज रहे

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को विधानसभा के शीतकालीन सत्र के दौरान कांग्रेस महासचिव और सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा के संसद में फिलिस्तीन हैंडबैग लेकर पहुंचने पर तंज कसा। सीएम योगी ने कहा कि कांग्रेस की नेता फिलिस्तीन बैग लेकर घूम रही हैं, जबकि हम यूपी के नौजवानों को इजरायल भेज रहे हैं। सीएम योगी ने विधानसभा में प्रियंका गांधी का बिना नाम लिए कटाक्ष करते हुए कहा कि कांग्रेस की एक नेता संसद में फिलिस्तीन का बैग लेकर घूम रही थी, जबकि हम यूपी के नौजवानों को इजरायल भेज रहे हैं, यूपी के अब तक लगभग 5,600 से अधिक युवा निर्माण कार्य के लिए इजरायल गए हैं। जहां उन्हें रहने-खाने की फ्री व्यवस्था और डेढ़ लाख महीने की तनख्वाह मिल रही है। साथ ही पूरी सुरक्षा की गारंटी भी है। अभी इजरायल के राजदूत आए थे। उन्होंने कहा कि यूपी के और नौजवानों को हम इजरायल ले जाएंगे, क्योंकि यूपी के नौजवान बहुत अच्छा काम कर रहे हैं। उसके स्किल की ताकत आज पूरी दुनिया मान रही है।

वायनाड से कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा संसद के शीतकालीन के दौरान एक बैग लेकर पहुंची थी, जिसमें फिलिस्तीन लिखा हुआ था। इस बैग पर शांति का प्रतीक सफेद कबूतर और तरबूज भी बना हुआ था। इस बैग के जरिए प्रियंका गांधी ने सीधा मैसेज दिया है कि वह फिलिस्तीन के सपोर्ट में खड़ी हैं। हालांकि, यह पहली बार नहीं है जब प्रियंका गांधी वाड्रा ने फिलिस्तीन का समर्थन किया हो। इससे पहले वह फिलिस्तीन के पक्ष में कई बार आवाज उठा चुकी हैं। इतना ही नहीं प्रियंका गांधी वाड्रा ने भारत सरकार से फिलिस्तीन के साथ खड़े होने की वकालत भी की थी। योगी सरकार ने मंगलवार को विधानसभा में वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए अपना द्वितीय अनुपूरक बजट प्रस्तुत किया। 17,865.72 करोड़ रुपए के इस अनुपूरक बजट में 790.49 करोड़ रुपए के नए प्रस्ताव सम्मिलित किए गए हैं। यह योगी सरकार का इस वित्तीय वर्ष का द्वितीय अनुपूरक बजट है, जो मूल बजट (7 लाख 36 हजार 437.71 करोड़ रुपए) का 2.42 प्रतिशत है। इससे पूर्व योगी सरकार 12,209.93 करोड़ रुपए का अनुपूरक बजट भी प्रस्तुत कर चुकी है। दोनों अनुपूरक बजट को मिलाकर योगी सरकार का वित्तीय वर्ष 2024-25 का कुल बजट अब 7 लाख 66 हजार 513.36 करोड़ रुपए का हो गया है।

# संभल के सरायतरीन इलाके में मिला एक और बंद मंदिर



संभल। उत्तर प्रदेश के संभल जिले के हयातनगर स्थित सरायतरीन इलाके में मंगलवार को एक और बंद मंदिर मिला। यह इलाका भी मुस्लिम बहुल है। जिला प्रशासन और राजस्व विभाग की टीम मौके पर मौजूद है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यहां पर 30-40 हिन्दू परिवार रहते थे, लेकिन दंगे के बाद यहां से पलायन कर गए थे।

वहीं, जिले के खग्गू सराय इलाके में 14 दिसंबर को जो शिव मंदिर मिला था, उसके बगल वाले मकान का छज्जा तोड़ा जा रहा है। मकान मालिक एक मुस्लिम हैं और वे इसे खुद तुड़वा रहे हैं। उन्होंने कहा कि मकान का यह हिस्सा मंदिर को ढक रहा था। यह देखकर बहुत बुरा लग रहा था इसलिए खुद ही अवैध हिस्से को तुड़वा रहे हैं।

मकान मालिक मतीन ने कहा कि वे बिना किसी के दबाव में आए अपनी मर्जी से मकान की छत के एक हिस्से को गिरवा रहे हैं। मंदिर की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए यह फैसला लिया गया है। मंदिर के लिए जो भी जरूरी होगा हम करेंगे। इसमें किसी का कोई दबाव नहीं है। मतीन के बड़े भाई अकील ने कहा कि हम खुद ही अतिक्रमण हटा रहे हैं। प्रशासन से हमारा समझौता हो गया है। मंदिर के आसपास अतिक्रमण देखकर हमें भी बुरा लग रहा है। मकान का 3.5 मीटर अतिक्रमण तोड़ा जा रहा है

हाल ही में संभल में जामा मस्जिद के सर्वे के दौरान हुई हिंसा के बाद जिला प्रशासन ने इलाके में अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाया हुआ है। इसी दौरान 14 दिसंबर को प्रशासन को 46 साल बाद एक मकान में शिव मंदिर मिला। मंदिर की साफ-सफाई के बाद पूजा-अर्चना भी शुरू हो गई। दर्शन के लिए दूर-दूर से श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। मंदिर के आसपास अतिक्रमण के खिलाफ पुलिस प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। प्रशासन की सख्ती के बाद कुछ लोग खुद ही अवैध निर्माण को तोड़ रहे हैं।

# आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को वितरित किये गैस स्टोव सिलेंडर



प्रात: किरण संवाददाता

स्योहारा। नगर पालिका परिषद स्योहारा के द्वारा हॉट कुक्ड योजना के अंतर्गत आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को स्टोव गैस के सिलेंडर वितरित किए। मंगलवार को पालिका के सभागार में चेयरमैन फैसल वारसी एवं अधिशासी अधिकारी विजेंद्र सिंह पाल के संयुक्त तत्वावधान में 30 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को स्टोव गैस सिलेंडर वितरित किए गए। जिसमें से आज 17 दिसम्बर को 18 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को हॉट कुक्ड योजना के अंतर्गत गैस स्टोव के सिलेंडर वितरित किये गये। 12 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को उपरोक्त सामान पहले ही उपलब्ध कराया जा चुका है। इस अवसर पर श्वेत रस्तौगी सभासद, विनोद तोमर , सभासद, नगर पालिका जे.ई सागर, वरिष्ठ लिपिक देवेंद्र कुमार, रईस अहमद महिगीर आदि सहित आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों और नगर पालिका परिषद स्टाफ मौजूद रहा।

# पंचायत में उठाई किसानों की समस्याओं के समाधान की मांग

अमरोहा। भारतीय किसान यूनियन अराजनीतिक पदाधिकारियों की जिला स्तरीय पंचायत में किसानों की समस्याओं के समाधान की मांग उठाई गई। मौके पर पहुंचे जिम्मेदार अफसरों ने जल्द सभी समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया। मंगलवार दोपहर कलक्ट्रेट परिसर में पंचायत के दौरान संगठन के जिला उपाध्यक्ष जितेंद्र सिंह चौहान ने जर्जर बिजली तारों को बदलने, बिजली बिलों की गड़बड़ी सही कराने, छुट्टा पशुओं की समस्या से निजात दिलाने, गन्ना मूल्य 450 रुपये प्रति कुंतल घोषित करने, गन्ना क्रय केंद्रों पर घटौली रोकने समेत अन्य स्थानीय समस्याओं को उठाया। अफसरों से जल्द समस्याओं का समाधान कराए जाने की मांग की। मौके पर पहुंचे उप कृषि निदेशक राम प्रवेश, जिला कृषि अधिकारी बब्लू कुमार, सीवीओ डा. आभा दत्त ने जल्द समस्याओं का समाधान कराने का आश्वासन दिया। पंचायत की अध्यक्षता गजेंद्र सिंह व संचालन जितेंद्र सिंह ने किया। इस दौरान संगठन के ब्लॉक अध्यक्ष योगेंद्र सिंह, केशपाल सिंह, लोकेंद्र सिंह, महेंद्र सिंह, सुरेंद्र सिंह, कर्मवीर सिंह, ऋषिपाल सिंह, राजेंद्र सिंह, कामेंद्र सिंह, गंगाशरण, देवेंद्र सिंह, अरविंद यादव समेत बड़ी संख्या में संगठन कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी मौजूद रहे।

# भाजपा मंडल स्योहारा चुनाव के लिए भरे 13 दावेदारों ने नामंकन पत्र



प्रात: किरण संवाददाता

स्योहारा।नगर की क्षत्रिय धर्मशाला में स्योहारा नगर मंडल भाजपा अध्यक्ष पद के लिए 13 भाजपा कार्यकर्ताओ ने चुनाव अधिकारी अरविंद गहलोत बढ़ापुर क्षेत्र से पर्चे खरीदे। पर्चों का वितरण कार्य दोपहर 12 बजे शुरू किया गया जो 1:30 तक जारी रहा। इस मौके पर भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारी आलोक अग्रवाल, मुकेश रस्तोगी , शशांक बिश्नोई आदि मौजूद रहे। इन 13 दावेदारो में वर्तमान मंडल अध्यक्ष मनोज भटनागर सहित बलराम जोशी, अमित शर्मा ,वीरेंद्र चौहान आदि रहे। स्योहारा मंडल अध्यक्ष भाजपा के पद पर अब तक तीन बार भटनागर बिरादरी के लोगों का कब्जा रहा है। चौहान बिरादरी ओर सर्वण बिरादरी के लोग भी इस पद को सुशोभित कर चुके है। यह पर्चे संगठन और विभाग करवाह,जिला अध्यक्ष की निगरानी में अवलोकित किए जाएंगे। यह भी चर्चा है कि आपसी सहमति से भी भाजपा मंडल अध्यक्ष पद स्योहारा के लिए चुनाव हो सकता है।

# उप्र कांग्रेस नेताओं का आरोप, विधानसभा के घेराव से पहले नजरबंद किया गया

लखनऊ/अमेठी। लखनऊ में कांग्रेस पार्टी के राज्य विधानसभा के ह्यघेरावह्न कार्यक्रम से एक दिन पहले मंगलवार को पार्टी नेताओं ने दावा किया कि उन्हें घर में नजरबंद कर दिया गया है। उत्तर प्रदेश पुलिस ने बुधवार को होने वाले घेराव के मद्देनजर सुरक्षा कड़ी कर दी है। अमेठी में, कांग्रेस के जिला अध्यक्ष प्रदीप सिंघल ने दावा किया कि उन्हें और 100 से अधिक पार्टी नेताओं और पदाधिकारियों को घर में नजरबंद कर दिया गया है। सिंघल ने कहा, जिले के सभी 17 ब्लॉक अध्यक्षों, पदाधिकारियों, अग्रणी संगठनों के नेताओं और समिति के पदाधिकारियों को नजरबंद कर दिया गया है। पुलिस की कार्रवाई को अलोकतांत्रिक और निंदनीय बताते हुए सिंघल ने कहा, लोकतंत्र में हर नागरिक को अपनी बात कहने का अधिकार है। कांग्रेस जनता की आवाज है, जिसे यह अंधी-बहरी सरकार दबाने की कोशिश कर रही है। जब यह सरकार डरती है, तो पुलिस का सहारा लेती है। कथित तौर पर नजरबंदी की कार्रवाई भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 168 (संज्ञेय अपराधों को रोकने के लिए) के तहत लखनऊ में कांग्रेस के महासचिव (संगठन) अनिल यादव को जारी किए गए एक आधिकारिक नोटिस के बाद की गई हैं। नोटिस में कानून-व्यवस्था को बाधित करने के लिए पार्टी कार्यकताओं के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की चेतावनी दी गई है। हुसैनगंज पुलिस थाने द्वारा जारी नोटिस में कहा गया है कि दिनेश कुमार सिंह के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकताओं के एक बड़े समूह ने सरकार की नीतियों के विरोध में बुधवार को लखनऊ में विधानसभा तक मार्च करने का प्रस्ताव रखा था। यादव ने पुलिस नोटिस की तस्वीर के साथ एक्स पर पोस्ट किया, कल हम संभल के पीड़ितों को न्याय दिलाने, किसानों को फसलों की कीमत दिलाने और बेरोजगारी के खिलाफ विधानसभा का घेराव करेंगे। देखिए कैसे तानाशाह सरकार नोटिस जारी करके हमारी आवाज दबाना चाहती है।

# गोवंश हमारी संस्कृति और अर्थव्यवस्था का अभिन्न अंग

लखनऊ। गो सेवा आयोग के तत्वावधान में सोमवार को गो सेवा आयोग सभागार में एक महत्त्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। इस संगोष्ठी की अध्यक्षता गो सेवा आयोग के अध्यक्ष श्याम बिहारी गुप्त ने की, जिसमें उपाध्यक्ष महेश शुक्ल एवं सदस्यों राजेश सिंह सेंगर एवं रमाकांत उपाध्याय भी उपस्थित रहे। संगोष्ठी का विषय गो आधारित उत्पादों का ग्रामीण अर्थव्यवस्था में योगदान अवसर एवं चुनौतियां था। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य गोवंश आधारित उत्पादों एवं पंचगव्य के महत्व को समझना तथा इन उत्पादों की उपयोगिता को जनसाधारण तक पहुंचाना और ग्रामीण अर्थव्यवस्था में इनकी भूमिका को मजबूत करना था।



कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुये अध्यक्ष, गो सेवा आयोग श्री गुप्त ने अपने उदबोधन में कहा कि गोवंश हमारी संस्कृति और अर्थव्यवस्था का अभिन्न अंग है। गो उत्पाद जैसे पंचगव्य, जैविक खाद, औषधियां, और स्वदेशी उत्पाद न केवल ग्रामीण क्षेत्र के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित कर सकते हैं बल्कि हमारी अर्थव्यवस्था को आत्मनिर्भर बनाने में भी सहायक हो सकते हैं। यह संगोष्ठी इस दिशा में सार्थक कदम साबित होगी। अध्यक्ष श्री श्याम बिहारी गुप्त जी ने कार्यक्रम के अंत में सभी अतिथियों और प्रतिभागियों को धन्यवाद दिया और कहा कि पंचगव्य आधारित उत्पाद गो आधारित प्राकृतिक कृषि के प्रशिक्षण केंद्र से समस्त गोशालाओं को बनाया जाएगा और उनको किसानों से जोड़ा जाएगा और युवाओं एवं एनआरएलएम की महिलाओं को स्किल डेवलपमेंट और स्टार्ट-अप से जोड़ा जाएगा। प्रदेश के 75 जिलों में पायलट प्रोजेक्ट के अंतर्गत गोशालाओं को आयोग द्वारा चिन्हित कर लिया गया है जहां पर प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किया जाएगा। प्रशिक्षण के पश्चात उन व्यक्तियों द्वारा गो आधारित उत्पादों एवं पंचगव्य औषधियों के उत्पादन हेतु जगह जगह जाकर प्रशिक्षण दिया जाएगा। श्याम बिहारी जी ने बताया की जल्द ही प्रति 100 गोवंशों पर 15 एकड़ गोचर भूमि उपलब्ध कराकर उस पर एक दलीय एवं दो दलीय हरा चारा पैदा किया जाएगा।

डॉ. कमल टावरी (पूर्व आईएएस अधिकारी) ने कहा कि गो आधारित उत्पादों का सही तरीके से प्रचार और प्रसार होने से ग्रामीण विकास के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण को भी बढ़ावा मिलेगा। यह समय की मांग है कि हम गो आधारित उत्पादों के व्यापक उत्पादन और उपभोग को प्रोत्साहित करें। जिससे गोशालाएँ स्वावलंबी हो सकेंगी एवं अनुदान पर आश्रित नहीं रहेंगी। श्री निरंजन गुरु जी (कुलपति, पंचगव्य विद्यापीठम विश्वविद्यालय, चेन्नई) ने पंचगव्य के औषधीय गुणों और इसके आर्थिक महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि गो आधारित उत्पाद केवल धार्मिक

राष्ट्रीय दैनिक प्रातःकिरण
नई दिल्ली, बुधवार, 18 दिसंबर, 2024





# मर्दानी बनकर लौट रहीं रानी मुखर्जी, तीसरी किस्त का हुआ एलान

अभिनेत्री रानी मुखर्जी एक बार फिर मर्दानी बनकर बड़े परदे पर लौट रही हैं। खाकी वर्दी में एक बार फिर वह धाक जमाती नजर आएंगी। अभिनेत्री की लोकप्रिय फ्रेंचाइजी मर्दानी की तीसरी किस्त का आज एलान हो गया है। अभिराज मीनावाला के कंधों पर इस फिल्म के निर्देशन की जिम्मेदारी है। यश राज फिल्म्स के बैनर तले आदित्य चोपड़ा यानी रानी मुखर्जी के पति इस फिल्म का निर्माण कर रहे हैं।

## खाकी वर्दी में जमाएंगी धाक

यश राज फिल्म्स के इंस्टाग्राम पेज से आज फिल्म का एलान करते हुए एक पोस्ट साझा किया गया है। इसमें फिल्म की रिलीज डेट को लेकर भी हिंट दिया गया है। यह फिल्म साल 2026 में सिनेमाघरों में दस्तक देगी। अनाउंसमेंट पोस्टर के साथ कैप्शन लिखा है, इंतजार आखिर खत्म हुआ! रानी मखर्जी एक बार फिर शिवानी शिवाजी रॉय के रूप में मर्दानी 3 में वापसी कर रही हैं।

## सबसे बड़ी महिला आधारित फ्रेंचाइजी है मर्दानी

मर्दानी बॉलीवुड की सबसे बड़ी महिला आधारित फ्रेंचाइजी है। दर्शकों का इस फिल्म को खूब प्यार मिला। साल 2014 में आई मर्दानी के बाद साल 2019 में मर्दानी 2 रिलीज हुई। दोनों फिल्मों में रानी मुखर्जी का अंदाज दर्शकों को पसंद आया। फैंस को इसकी तीसरी किस्त का इंतजार था, जो आज पूरा हुआ।

## फैंस टाइगर वर्सेज पठान पर मांग रहे अपडेट

बॉलीवुड हंगामा की रिपोर्ट के मुताबिक फिल्म मर्दानी ने बॉक्स ऑफिस पर 35.82 करोड़ रुपये का लाइफ टाइम कलेक्शन किया था। वहीं, मर्दानी 2 ने 47.57 करोड़ रुपये कमाए थे। अब तीसरी फिल्म का एलान होने पर रानी मुखर्जी के फैंस खुशी जता रहे हैं। इसके अलावा कुछ यूजर्स आदित्य चोपड़ा से टाइगर वर्सेज पठान पर भी अपडेट मांग रहे हैं।

## शुरू हुआ प्री-प्रोडक्शन काम

फिल्म मर्दानी 3 के प्री-प्रोडक्शन का काम शुरू हो चुका है। रानी मुखर्जी को पिछली बार फिल्म मिसेज चटर्जी वर्सेज नॉर्वे में नजर आईं। बॉक्स ऑफिस पर फिल्म खास प्रदर्शन नहीं कर पाई, लेकिन रानी की अदाकारी ने दर्शकों का दिल जीत लिया।



# इंडियन वीमेन आर्टिस्ट पर फिल्म बनाना चाहती हैं शालिनी पासी

बिग बॉस 18 कंटेस्टेंट और इंटरनेट सेंसेशन शालिनी पासी वीमेन आर्टिस्ट पर फिल्म बनाने की ख्वाहिश रखती हैं। हाल ही में बातचीत के दौरान, उन्होंने इंडियन वीमेन आर्टिस्ट्स पर - जैसे पेंटर अमृता शेरगिल और मूर्तिकार मृणालिनी मुखर्जी - पर फिल्म बनाने की ख्वाहिश जाहिर की। शालिनी ने कहा, मेरी पूरी टीम में महिलाएं ही हैं। मुझे हमेशा महिलाओं के साथ एक कनेक्शन महसूस होता है। हमेशा महिलाओं की कंपनी अच्छी लगती है। एक कंफर्ट लेवल और सिस्टरहुड की भावना होती है। ये वही चीजें हैं जो मुझे हर जगह खींचती हैं - चाहे वो दोस्त हों, सहकर्मी हों या वो महिलाएं जो मेरे लिए काम कर रही हैं। महिलाओं के प्रति मेरा झुकाव हमेशा ईमानदार और पक्षपाती रहा है। दूसरों की खुशी में मुझे खुशी मिलती है। मेरा मानना है कि महिलाओं को हमेशा सही मौके मिलने चाहिए। बातचीत के दौरान, शालिनी ने वीमेन आर्टिस्ट पर एक फिल्म बनाने की अपनी इच्छा जाहिर की। उन्होंने कहा, मैं एक वीमेन आर्टिस्ट पर फिल्म बनाना चाहती हूं - जैसे पेंटर अमृता शेरगिल और मूर्तिकार मृणालिनी मुखर्जी। मैं एक ऐसी फिल्म या सीरीज बनाना चाहती हूं। लेकिन पहले मुझे माध्यम को समझना होगा। हालांकि, ये ख्वाहिश जरूर रखती हूं। शालिनी ने ट्रेवल शो करने की भी इच्छा व्यक्त की। उन्होंने कहा, मैं ट्रैवल शो करना चाहती थी, क्योंकि इतने मजेदार इंसिडेंट्स होते हैं वाराणसी में और हैदराबाद जैसी जगहों पर। हमारी देश में इतनी खूबसूरत जगहें हैं, जिन्हें मैं दुनिया को दिखाना चाहती हूं। यह मेरा बहुत बड़ा सपना है। बता दें, शालिनी बिग बॉस 18 के जरिए अपने अंदर के ईगो को खत्म करना चाहती हैं। उन्होंने कहा, मेरे अंदर थोड़ा सा ईगो है। मैं चाहती हूं कि वो खत्म हो जाए। मैं हमेशा खुद को सुधारने वाला इंसान मानती हूं। इस शो के जरिए मैं खुद को और बेहतर बनाना चाहती हूं। बिग बॉस में आने का मतलब सिर्फ मनोरंजन नहीं है, यह एक बड़ा मौका है खुद को बदलने और सीखने का।

# फिल्म इंडस्ट्री अनाथ है, इसे गाइडेंस की काफी जरूरत है



बॉलीवुड अभिनेत्री कंगना रनौत ने पीएम मोदी को लेकर अपनी टिप्पणी दी है। कंगना ने पीएम मोदी के बॉलीवुड सेलेब्स से मिलने और उनसे बात करने की बात पर अपनी राय रखी है। उन्होंने पीएम मोदी से सितारों की मुलाकात और बातचीत पर भी अपनी टिप्पणी दी है। कंगना ने दाऊद से सितारों के कनेक्शन के बारे में भी बात की है।

## कंगना ने सिनेमा के लिए कही ये बात

कंगना ने एक मीडिया हाउस से बातचीत में कहा, मुझे लगता है कि हमारी फिल्म इंडस्ट्री है, इसे गाइडेंस की जरूरत है। ये सॉफ्ट पावर है और ये अंडर यूटिलाइज्ड है। पीएम मोदी हमारे मार्गदर्शक हैं या फिर इनफॉर्मेशन ब्रॉडकास्ट मिनिस्ट्री हो और कार्यक्रम हो। मैं बीस साल से इंडस्ट्री का हिस्सा बनी हूं। ये इंडस्ट्री एक दम अनाथा है, इसके पास गाइडेंस नहीं है। चाहे वो जिहादी एजेंडा हो, फिलिस्तानी एजेंडा हो, उन्हें कोई भी कैप्चर कर लेता है।

## पीएम मोदी के लिए कही ये बात

कंगना रनौत ने कहा, थोड़े पैसे दिए, उनसे कहीं भी कुछ बुलवा दिया, उनको दाऊद ले जाता है अपनी पार्टियों में। उनको कई बार हवाला ड्रग्स के निशाने पर रखा जाता है। हमें जब प्रधानमंत्री जी मिलते हैं, हमारा काम देखते हैं, हमारे बारे में सोचते हैं, वहां पर इस तरह की बातें नहीं होती। उनको लगता है कि हम कुछ भी करेंगे, हम लोग जाकर गैंगस्टर की पार्टियों में डांस करेंगे।

## फिल्म इमरजेंसी को लेकर चर्चा में कंगना

कंगना रनौत ने हाल ही में एक पॉडकास्ट में अपनी फिल्म इमरजेंसी को लेकर निराशा जताई। उन्होंने कहा कि बार-बार फिल्म की रिलीज डेट बदल जाती है। मेरी फिल्म इमरजेंसी पर ही इमरजेंसी लगी है।



# सलमान के जन्मदिन पर जारी होगा सिकंदर का टीजर

सलमान खान अपने 59वें जन्मदिन पर एक भव्य जश्न की तैयारी कर रहे हैं। अभिनेता इन दिनों अपनी आगामी फिल्म सिकंदर को लेकर सुर्खियां बटोर रहे हैं। साजिद नाडियाडवाला द्वारा निर्मित और एआर मुरुगादॉस द्वारा निर्देशित यह फिल्म अपने एलान के बाद से ही लाइमलाइट में है। इसी बीच फिल्म का इंतजार कर रहे प्रशंसकों के लिए एक बड़ी खुशखबरी सामने आई है। निर्माता इसका पहला टीजर और पोस्टर जारी करने वाले हैं। वहीं, उन्होंने इसके लिए एक खास तारीख भी सोच रखी है। सिकंदर में सलमान खान के अपोजिट रश्मिका मंदाना नजर आने वाली हैं। फिल्म की शूटिंग अंतिम चरण में है। टीम का लक्ष्य जनवरी 2025 तक शूटिंग पूरी करना है। इसी बीच निर्माताओं ने सलमान खान के 59वें जन्मदिन पर यानी कि 27 दिसंबर को सिकंदर का पहला टीजर और पोस्टर जारी करने की योजना बनाई है। जानकारी के अनुसार, टीजर को विशेष रूप से सलमान खान के जन्मदिन के लिए कट किया गया है और यह भव्यता, रोमांचक एक्शन और फुल टू एंटरटेनमेंट का वादा करता है। संपादन पूरे जोरों पर है और प्रशंसक एक पावर-पैक टीजर की उम्मीद कर सकते हैं, जो इस मेगा रिलीज के लिए माहौल तैयार करेगा।

## ईद 2025 पर दस्तक देगी फिल्म

टीजर का बैकग्राउंड स्कोर संतोष नारायणन द्वारा बनाया गया है, जिन्हें कल्कि 2898 एडी में अपने काम के लिए जाना जाता है। टीजर न केवल प्रशंसकों को फिल्म की एक झलक देगा बल्कि एक भव्य प्रचार अभियान की शुरुआत भी करेगा। ईद 2025 की रिलीज के साथ, टीम के पास बड़ी योजनाएं हैं, जिनमें कुछ बेहतरीन गाने और एक दिलचस्प ट्रेलर शामिल है।

सिकंदर 2014 की ब्लॉकबस्टर किक के बाद सलमान खान और साजिद नाडियाडवाला के नए सहयोग का प्रतीक है। एक बार सिकंदर की शूटिंग पूरी हो जाने के बाद बाद, सलमान एटली द्वारा निर्देशित ए6 पर काम शुरू करेंगे, जिसका फिल्मांकन 2025 की गर्मियों में होगा। इस बीच, साजिद नाडियाडवाला अगले साल अन्य प्रमुख रिलीज में भी व्यस्त हैं, जिसमें अक्षय कुमार के साथ हाउसफुल 5 और टाइगर श्रॉफ के साथ बागी 4 शामिल है।

# वाईआरएफ-पोशम पा के सहयोग की पहली फिल्म का हिस्सा बने आयुष्मान



भारत के टॉप प्रोडक्शन हाउस में से एक यशराज फिल्म्स (वाईआरएफ) ने हाल ही में पोशम पा पिक्चर्स के साथ एक रचनात्मक सहयोग की घोषणा की। यह साझेदारी सिनेमा के लिए नवीन और व्यापक कंटेंट तैयार करेगी। अब, यह बताया गया है कि इस सहयोग की पहली थ्रिलर फिल्म में अभिनेता आयुष्मान खुराना अभिनय करेंगे। हालांकि, फिल्म का शीर्षक अभी तक तय नहीं हो सका है।

## फिल्म पर कब शुरू होगा काम?

फिल्म अपने प्री-प्रोडक्शन चरण में है और 2025 की पहली छमाही में फिल्मांकन शुरू हो जाएगा। प्रोजेक्ट से जुड़े अंदरूनी सूत्रों के अनुसार, ऐसे प्रोजेक्ट का नेतृत्व करने के लिए आयुष्मान से बेहतर कोई विकल्प नहीं है, जिसका उद्देश्य दर्शकों को शुरुआत से ही बांधे रखना है। उन्होंने पहले भी इस जॉनर में सफलता देखी है, और जैसा कि सिनेमा के आधुनिक युग में कंटेंट का स्तर बढ़ रहा है, निर्माता दर्शकों के बीच अपनी छाप छोड़ने के लिए तैयार हैं।

समीर सक्सेना संभालेंगे निर्देशन की कमान आगामी थ्रिलर का निर्देशन समीर सक्सेना द्वारा किया जाएगा, जिन्होंने काला पानी और मामला लीगल है जैसी प्रशंसित फिल्में बनाई हैं। यह फिल्म सीईओ अक्षय विधानी के नेतृत्व में यशराज फिल्म्स के लिए एक नए रचनात्मक व्यवसाय मॉडल का भी प्रतीक है। एक निर्माता के रूप में, विधानी यशराज फिल्म्स के भीतर एक स्टूडियो मॉडल स्थापित करने की कोशिश कर रहे हैं।

## आयुष्मान खुराना का वर्कफ्रंट

मोहित सूरी द्वारा निर्देशित, अहान पांडे और अनीत पड्डा अभिनीत एक युवा प्रेम कहानी के बाद यह उनका दूसरा प्रोडक्शन वेंचर होगा। वर्तमान में, आयुष्मान खुराना अपनी अगली फिल्म थामा की शूटिंग कर रहे हैं, जो मैडॉक फिल्म्स प्रोडक्शन की फिल्म है। यह आदित्य सरपोतदार (मुंज्या फेम) द्वारा निर्देशित और अमर कौशिक द्वारा सह-निर्मित है।

## कब दस्तक देगी थामा?

फिल्म में रश्मिका मंदाना, परेश रावल और नवाजुद्दीन सिद्दीकी भी हैं। मूवी दिवाली 2025 के अवसर पर सिनेमाघरों में दस्तक देगी। थामा को कॉमेडी के तड़के के साथ एक खूनी प्रेम कहानी बताया जा रहा है। यह अनूठा संयोजन स्त्री, भेड़िया और मुंज्या जैसी पिछली सफल मैडॉक फिल्मों की याद दिलाता है।



# अब भारत में कॉन्सर्ट नहीं करेंगे दिलजीत दोसांझ, चंडीगढ़ में की ये घोषणा

पंजाबी गायक दिलजीत दोसांझ ने शनिवार को चंडीगढ़ में अपना कॉन्सर्ट पूरा किया। इस दौरान उन्होंने घोषणा भी की, कि वे भारत में परफॉर्मेंस नहीं देंगे। इस निर्णय का कारण दिलजीत ने साफ किया है। उन्होंने कहा कि बुनियादी सुविधाओं की व्यवस्था ठीक नहीं है।

## अधिकारियों से कही ऐसी बात

दिलजीत ने अधिकारियों को संबोधित कर कहा कि उन्हें संगीत कार्यक्रमों के लिए बुनियादी ढांचे में सुधार पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। देश में अब उद्योग बढ़ रहा है। उन्होंने कहा, मैं अधिकारियों को बताना चाहता हूं कि हमारे पास यहां लाइव शो के लिए बुनियादी ढांचा नहीं है। यह एक बहुत बड़ा राजस्व पैदा करने वाला सिस्टम है और यहां बहुत से लोग काम कर रहे हैं। कृपया इस पर गौर करें।

## वायरल हो रहा है ये वीडियो

दिलजीत का ये वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इसमें वे पंजाबी में कहते हैं कि लाइव शो के हिसाब से उनका सेट डिजाइन नहीं किया गया। वे चाहते हैं कि उनका सेट बीच में हो और उनके फैंस उनके चारों तरफ हों। ऐसा नहीं होगा तब तक वे भारत में कॉन्सर्ट नहीं करेंगे।

## इम्तियाज अली ने साझा किया वीडियो

इससे पहले फिल्ममेकर इम्तियाज अली ने वीडियो साझा किया था, इसमें लोग पेड़ पर चढ़कर चंडीगढ़ में सिंगर का शो देख रहे थे। इतना ही नहीं फैंस कॉन्सर्ट के बाहर सड़कों पर भी नाच रहे थे। इसके साथ उन्होंने लिखा, चमकीला इफेक्ट।

## विवादों में रहें दिलजीत दोसांझ

दिलजीत दोसांझ अपने कॉन्सर्ट को लेकर काफी विवादों में घिरे रहे। धूम्रपान और कुछ शब्दों से भरे दिलजीत के गानों को लेकर उनके कॉन्सर्ट पर सवाल उठ रहे हैं। दिलजीत दोसांझ को इसे लेकर नोटिस भेजा गया है। नोटिस में उन्हें हैदराबाद में अपने आगामी कॉन्सर्ट के दौरान शराब, ड्रग्स या हिंसा को बढ़ावा देने वाले गाने नहीं बजाने की चेतावनी दी गई थी।

# विवादों में रहने के बाद छवि सुधारेंगे एल्विश इस शो का बनेंगे हिस्सा?



एल्विश यादव अपनी प्रोफेशनल लाइफ कम अपनी निजी जिंदगी को लेकर ज्यादा चर्चा में रहते हैं। यह भी कहना गलत नहीं होगा कि एल्विश का विवादों से गहरा नाता भी रहा है। बिग बॉस ओटीटी 2 जीतने के बाद एल्विश की फैन फॉलोइंग में काफी इजाफा हुआ है और फैंस उन्हें एक बार फिर स्क्रीन पर देखना चाहते हैं। अब खबर आ रही है कि एल्विश जल्द ही फेमस कुकिंग शो का हिस्सा बनने वाले हैं और एक बार फिर दर्शकों का मनोरंजन करने वाले हैं। बता दें कि शो कि तरफ से अभी तक इस बात की कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है वही, दूसरी ओर एल्विश यूट्यूब के जरिए अपने फैंस का भरपूर मनोरंजन करते नजर आते हैं।




## संक्षिप्त समाचार

### शार्क टैंक इंडिया 4 : रितेश अग्रवाल ने बताया अपनी सफलता का राज़

**मुंबई, एजेंसी।** शार्क टैंक इंडिया सीजन 4 का दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं और इसका प्रीमियर सोनी लिव पर 6 जनवरी 2025 को होगा। यह शो कई इनोवेटिव आइडियाज़ और बिजनेस का लॉन्चपैड रहा है और अब एक नये सीजन, नये शार्क्स एवं नये होस्ट के साथ यह लौट आया है। इस शो के शार्क्स में ओयो के फाउंडर और ग्रुप सीईओ रितेश अग्रवाल भी शामिल हैं, जोकि अपने पैशन को फॉलो करने के पक्षधर रहे हैं। रितेश ने अपने सक्सेस मंत्रा के बारे में बताते हुये कहा, ''3 इडियट्स ने मेरी जिंदगी बदल दी। फिल्म का संदेश 'पैशन के पीछे भागो, पैसा आ जायेगा' वाकई में मेरे दिल से जुड़ता है। मेरा मानना है कि यदि आप अपने पैशन को फॉलो करते हैं, तो कामयाबी अपने आप मिल जायेगी। मेरे साथ भी बिल्कुल ऐसा ही हुआ है। फिल्म से प्रेरित होकर मैंने अपने दिल की बात सुनी और इस तरह ओयो का जन्म हुआ। इन सबकी शुरूआत कुछ नया और इनोवेटिव करने की इच्छा के साथ हुई। एन्टप्रेन्योर्स को मेरी यही सलाह है कि 'सिर्फ पैसा कमाने पर फोकस मत कीजिये। अपने पैशन के पीछे भागिये, पैसा अपने आप आ जायेगा।'' यही सोच शार्क टैंक इंडिया की पहचान है, जहां देशभर से हर उम्र और अलग-अलग पृष्ठभूमि के लोग अपने नए और अनोखे आइडिया पेश करते हैं। यह शो सिर्फ बिज़नेस में निवेश तक सीमित नहीं है, बल्कि उद्यमियों को उनका जुनून एक सफल कारोबार में बदलने के लिए सही दिशा और मदद देने का भी मंच है।

### 3 के शेयर वाली कंपनी करने वाली है बड़ा मर्जर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सप्ताह के दूसरे कारोबारी दिन शेयर बाजार में बड़ी गिरावट देखी गई। इस गिरावट के बीच दो पेनी शेयर वाली कंपनियों ने मर्जर को लेकर एक बड़ा ऐलान किया है। ये दो कंपनियां- इंटेग्रा एसेंशिया लिमिटेड और जीजी इंजीनियरिंग लिमिटेड हैं। दरअसल, जीजी इंजीनियरिंग लिमिटेड को इंटेग्रा एसेंशिया लिमिटेड के साथ मर्ज करने की योजना है। इसका लक्ष्य दोनों कंपनियों के संचालन को रिजर्व करना और उनकी नींव को मजबूत करना है। इसके अलावा मर्जर के जरिए कंपनियों का मकसद बाजार प्रतिस्पर्धात्मकता को बढ़ाने के अलावा वित्तीय स्थिरता और प्रदर्शन में सुधार करना है।

इंटेग्रा एसेंशिया लिमिटेड के शेयर की बात करें तो 3.51 रुपये पर है। एक दिन पहले के मुकाबले यह शेयर 1.45त्न बढ़कर बंद हुआ। जनवरी 2024 में यह शेयर 7.69 रुपये के स्तर तक पहुंच गया था। यह शेयर के 52 हफ्ते का हाई है। दिसंबर 2023 में शेयर की कीमत 2.68 रुपये के निचले स्तर पर आ गई। यह शेयर के 52 हफ्ते का लो है। यह कंपनी चार प्रमुख व्यावसायिक क्षेत्रों में लगी हुई है- कृषि उत्पाद, कपड़े, इंफ्रा और एनर्जी। बता दें कि इंटेग्रा ने पिछले तीन वर्षों में 458 प्रतिशत का मजबूत रिटर्न दिया है।

#### जीजी इंजीनियरिंग

जीजी इंजीनियरिंग का शेयर मूल्य 1.72 पर कारोबार कर रहा है। बता दें कि साल 2006 में स्थापित कंपनी जीजी इंजीनियरिंग इंफ्रा के क्षेत्र में काम करती है। यह कंपनी मुख्य रूप से विभिन्न उद्योगों के लिए इस्पात उत्पादों का निर्माण करती है। इसकी अधिकृत पूंजी 165 करोड़ है और 1.58 बिलियन इक्विटी शेयर 1 रुपये प्रति शेयर पर जारी किए गए हैं। इसके अतिरिक्त, विलय की रिकॉर्ड तिथि से पहले 4.5 करोड़ बकाया परिवर्तनीय वारंट को इक्विटी शेयरों में परिवर्तित करने की तैयारी है। विलय की प्रभावी तिथि के बाद जीजी इंजीनियरिंग की संपत्ति, देनदारियां, अनुबंध और कर्मचारी दायित्व इंटेग्रा को हस्तांतरित कर दिए जाएंगे।

### ऑर्डर मिलने के बाद इस स्टॉक में लगा अपर सर्किट, 3 साल में दिया 7460 प्रतिशत का शानदार रिटर्न

**नई दिल्ली, एजेंसी।** इलेक्ट्रिकल इक्विपमेंट बनाने वाली कंपनी आरएमसी स्विचगियर्स के शेयर में 17 दिसंबर को 5 प्रतिशत अपर सर्किट लगा, जिसके बाद कंपनी के शेयर 1159.65 रुपए के ऑल टाइम हाई पर पहुंच गए। यह उछाल कंपनी को महाराष्ट्र में 5000 सोलर सप्लाई का कॉन्ट्रैक्ट मिलने की खबर के बाद आया। 6 महीने के भीतर, आरएमसी स्विचगियर्स के शेयर ने निवेशकों का पैसा डबल किया है। एक्सचेंज फाइलिंग में आरएमसी स्विचगियर्स ने कहा कि कंपनी को उसे महाराष्ट्र में 5,000 सोलर पंपों की आपूर्ति, स्थापना और कमीशनिंग के लिए एक प्रतिष्ठित सिस्टम इंटीग्रेटर से ख्न मिला है। 90 करोड़ रुपए के इस ऑर्डर में 3 एचपी, 5 एचपी और 7 एचपी सोलर पंप सिस्टम शामिल हैं और इसे वित्त वर्ष 25-26 में पूरा करने की योजना है।

# अंबानी-अदाणी की संपत्ति 100 अरब डॉलर के नीचे खिसकी

### टॉप 20 कारोबारियों की संपत्ति का हुआ ये हाल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** देश के दो सबसे अमीर उद्यमियों मुकेश अंबानी और गौतम अदाणी की संपत्ति में बीते कुछ महीनों के दौरान खासी गिरावट दिखी है। ब्लूमबर्ग की एक रिपोर्ट के अनुसार मुकेश अंबानी और गौतम अदाणी की संपत्ति हाल के महीनों में 100 अरब डॉलर से नीचे आ गई है। रिपोर्ट के अनुसार रिलायंस के चेयरमैन मुकेश अंबानी और अदाणी समूह के संस्थापक गौतम अदाणी इन दिनों कारोबार के मोर्चे पर कुछ चुनौतियों का सामना कर रहे हैं, जिससे उनके नेटवर्थ और संपत्ति पर खासा असर पड़ा है।

ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के अनुसार अंबानी और अदाणी की संपत्ति में गिरावट के बावजूद भारत के टॉप 20 अरबपतियों की संपत्ति की बात करें तो सामूहिक रूप से उनकी संपत्ति में इस वर्ष 67.2 अरब डॉलर का इजाफा हुआ है। यह देश के अभिजात्य वर्ग में आर्थिक लचीलेपन को दर्शाता है। इस अवधि के दौरान





एचसीएल समूह के संस्थापक शिव नादर और स्टील कारोबार की दिग्गज सावित्री जिंदल की कुल संपत्ति में क्रमश- 10.8 अरब डॉलर और 10.1 अरब डॉलर का इजाफा हुआ।

#### अंबानी की संपत्ति कितनी कम हुई

ब्लूमबर्ग बिलियनेयर्स इंडेक्स के अनुसार, मुकेश अंबानी की कुल संपत्ति, जो जुलाई में उनके बेटे अनंत की भव्य शादी के दौरान 120.8 बिलियन डॉलर थी, 13 दिसंबर तक घटकर 96.7 बिलियन डॉलर रह गई। यह गिरावट रिलायंस के मुख्य व्यवसायों, विशेष रूप से ऊर्जा और खुदरा क्षेत्रों में चुनौतियों को दर्शाती है। हाल के महीनों में इन क्षेत्रों का प्रदर्शन कमतर रहा है। निवेशकों ने कंपनी के बढ़ते ऋष्ण स्तरों पर चिंता जताई है, जिससे के शेयर पर दबाव बढ़ा दिया है। तेल-से-रसायन प्रभाग में घटती मांग, चीनी निर्यात से प्रतिस्पर्धा और खुदरा परिचालन में उपभोक्ता खर्च में कमी से मंदी को बढ़ावा मिला है।

#### अंबानी की संपत्ति कितनी कम हुई

ब्लूमबर्ग बिलियनेयर्स इंडेक्स के अनुसार, मुकेश अंबानी की कुल संपत्ति, जो जुलाई में उनके बेटे अनंत की भव्य शादी के दौरान 120.8 बिलियन डॉलर थी, 13 दिसंबर तक घटकर 96.7 बिलियन डॉलर रह गई। यह गिरावट रिलायंस के मुख्य व्यवसायों, विशेष रूप से ऊर्जा और खुदरा क्षेत्रों में चुनौतियों को दर्शाती है। हाल के महीनों में इन क्षेत्रों का प्रदर्शन कमतर रहा है। निवेशकों ने कंपनी के बढ़ते ऋष्ण स्तरों पर चिंता जताई है, जिससे के शेयर पर दबाव बढ़ा दिया है। तेल-से-रसायन प्रभाग में घटती मांग, चीनी निर्यात से प्रतिस्पर्धा और खुदरा परिचालन में उपभोक्ता खर्च में कमी से मंदी को बढ़ावा मिला है।

### गौतम अदाणी की संपत्ति भी 100 अरब डॉलर से फिसली

गौतम अदाणी की कुल संपत्ति और बढ़ती परेशानियां कभी दुनिया के दूसरे सबसे अमीर व्यक्ति रहे गौतम अदाणी को कारोबार के मार्चे पर और भी गंभीर चुनौतियों का सामना करना पड़ा है। ब्लूमबर्ग के मुताबिक, उनकी कुल संपत्ति जून में 122.3 अरब डॉलर से गिरकर दिसंबर में 82.1 अरब डॉलर रह गई है। यह भारी गिरावट आरोपों और जांचों की एक श्रृंखला शुरू के बाद हुई है। इन घटनाक्रमों से अदाणी समूह में निवेशकों का विश्वास प्रभावित हुआ है। अमेरिकी न्याय विभाग (डीओजे) ने अदाणी समूह से जुड़े कथित रिश्वतखोरी के मामले में नवंबर में एक जांच शुरू की, इसमें पिछले साल प्रकाशित हिंडनबर्ग रिसर्च रिपोर्ट के खुलासे भी शामिल हैं। हिंडनबर्ग की रिपोर्ट में समूह पर धोखाधड़ी करने का आरोप लगाया गया था, हालांकि उन दावों का अदाणी समूह ने लगातार खंडन किया है।

# सोना आयात में रिकॉर्ड तेजी, व्यापार घाटा 37.84 अरब डॉलर के सार्वकालिक उच्च स्तर पर; निर्यात 4.85 प्रतिशत घटा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** देश से वस्तुओं का निर्यात अक्तूबर में दहाई अंकों में बढ़ने के बाद नवंबर, 2024 में सालाना आधार पर 4.85 फीसदी घटकर 32.11 अरब डॉलर रह गया। सोने के आयात में रिकॉर्ड तेजी से व्यापार घाटा एक साल पहले की तुलना में 77.56 फीसदी बढ़कर 37.84 अरब डॉलर के सार्वकालिक उच्चतम स्तर पर पहुंच गया।

वाणिज्य मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक, पिछले महीने वनस्पति तेल, खाद और चांदी की अधिक खरीदारी से आयात सालाना आधार पर 27 फीसदी बढ़कर 69.95 अरब डॉलर के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। इस अवधि में अब तक का



सर्वाधिक 14.8 अरब डॉलर का सोना आयात किया गया, जो सालाना आधार पर 331 फीसदी अधिक है। नवंबर, 2023 में 3.5 अरब डॉलर का सोना खरीदा गया था। वाणिज्य सचिव सुनील बर्थवाल ने कहा, पेट्रोलियम कीमतों में उतार-चढ़ाव से निर्यात पर असर देखा जा रहा है। पिछले महीने पेट्रोलियम उत्पादों का निर्यात करीब 50 फीसदी गिरकर 3.71 अरब डॉलर रह गया। हालांकि, गैर-तेल निर्यात में अब भी अच्छी वृद्धि दर्ज की जा रही है।

#### सेवाओं का निर्यात बढ़ा

आंकड़ों के मुताबिक, पिछले महीने देश से सेवाओं का निर्यात बढ़कर 35.67 अरब डॉलर पहुंच गया। नवंबर, 2023 में यह 28.11 अरब डॉलर था। अक्तूबर, 2024 में सेवाओं का निर्यात 34.31 अरब डॉलर के सार्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था।

### नवंबर में भारत का निर्यात 4.85 प्रतिशत घटकर 32.11 अरब डॉलर रहा, व्यापार घाटे में इजाफा



**नई दिल्ली, एजेंसी।** सरकारी आंकड़ों के अनुसार, नवंबर में भारत का वस्तु निर्यात 4.85 प्रतिशत घटकर 32.11 अरब डॉलर रह गया, जो एक साल पहले इसी महीने में 33.75 अरब डॉलर था। नवंबर माह में आयात 27 प्रतिशत बढ़कर 69.95 अरब डॉलर हो गया, जबकि एक साल पहले इसी माह में यह 55.06 अरब डॉलर था। समीक्षाधीन माह के दौरान व्यापार घाटा यानी आयात और निर्यात के बीच का अंतर बढ़कर 37.84 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया।

# अमेरिका और चीन ने डुबोई शेयर मार्केट की लुटिया !

### 5 कारणों से बाजार में आई बड़ी गिरावट



**नई दिल्ली, एजेंसी।** शेयर मार्केट में बड़ी गिरावट आई। दोपहर दो बजे तक सेंसेक्स एक हजार से ज्यादा अंक तक गिर गया। वहीं निफ्टी में भी 300 अंकों से ज्यादा की गिरावट आई। शेयर मार्केट की इस गिरावट के कारण निवेशकों के दो लाख करोड़ रुपये से ज्यादा डूब गए। मार्केट में गिरावट के कई कारण रहे। इसमें सबसे बड़ा कारण अमेरिका और चीन है।

#### गिरावट के 5 बड़े कारण

1. फेड मीटिंग से पहले घबराहट

अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व की कल नीति बैठक होगी। इस बैठक से पहले ही निवेशक सतर्क हो गए हैं। इस बैठक में केंद्रीय बैंक की ब्याज दरों में कटौती कर सकता है। हालांकि लंबे समय में इसका असर भारतीय शेयर मार्केट के लिए अच्छा संकेत हो सकता है।

2. डॉलर का मजबूत होना

रुपये की तुलना में अमेरिकी डॉलर की कीमत लगातार बढ़ रही है। डॉलर इंडेक्स 106.77 पर स्थिर है, लेकिन इस साल इसमें 5 प्रतिशत की तेजी आ चुकी है। मजबूत डॉलर भारतीय शेयर मार्केट के लिए विदेशी निवेशकों की रुचि को कम करता है। ऐसा इसलिए क्योंकि यह उभरते बाजारों में निवेश को कम आकर्षक बनाता है।

3. चीन की अर्थव्यवस्था में कमजोरी

नवंबर में चीन की खपत उम्मीद से कहीं ज्यादा कम रही है। खुदरा बिक्री में सिर्फ 3 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जो अक्टूबर के 4.8 प्रतिशत की वृद्धि से काफी कम है। वहीं दूसरी ओर औद्योगिक उत्पादन में साल-दर-साल 5.4 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जो अक्टूबर के अनुरूप है। यह मंदी वैश्विक कमोडिटी मांग को प्रभावित कर सकती है। इससे भारत में मेटल, एनर्जी और ऑटो सेक्टर के लिए जोखिम पैदा हो सकता है। आज के कारोबार में निफ्टी मेटल और ऑटो सेक्टर में बड़ी गिरावट आई।

4. व्यापार घाटा बढ़ना

भारत का व्यापारिक व्यापार घाटा नवंबर में बढ़कर 37.84 बिलियन डॉलर के अब तक के हाई लेवल पर पहुंच गया है। यह अक्टूबर में 27.1 बिलियन डॉलर था। ऐसा इसलिए हुआ क्योंकि देश का आयात बिल बढ़ गया और निर्यात में गिरावट आई। व्यापारिक घाटा बढ़ने से रुपये पर दबाव पड़ेगा जिससे यह डॉलर के मुकाबले 85 डॉलर पर पहुंच जाएगा। इससे आईटी और फार्मा जैसे निर्यातकों को रुपये में गिरावट से लाभ होगा ।

# मैगी लवर को नए साल में मिल सकता है झटका, कंपनी लेगी बड़ा फैसला!

**नई दिल्ली, एजेंसी।** मैगी...एक ऐसी चीज जो लगभग हर घर में खाई जाती है। क्या बच्चा क्या बड़े, क्या बूढ़े। सभी इसका लुत्फ उठाते हैं। हल्की सी भूख लगने पर खाने के लिए मैगी बाजार में आसानी से मिल जाती है। तैयार भी जल्दी जाती है। अगर आप मैगी खाने के शौकीन हैं तो एक खबर आपको कुछ परेशानी में डाल सकती है। मैगी बनाने वाली कंपनी नेस्ले जल्द ही एक बड़ा निर्णय ले सकती है। यह निर्णय एक जनवरी से लागू हो सकता है। इसका असर मैगी खाने वाले हर शख्स पर पड़ेगा। दरअसल, मैगी की कीमत बढ़ सकती है। कंपनी जल्द ही इस पर कोई निर्णय लेगी। माना जा रहा है कि बढ़ी हुई कीमत एक जनवरी से लागू हो सकती है। अगर ऐसा होता है तो मैगी लवर के लिए कंपनी का यह निर्णय निराशाजनक हो सकता है। कंपनी कितने रुपये बढ़ाने का निर्णय लेगी, अभी इस पर कोई जानकारी सामने नहीं आई है।

#### आखिर क्यों बढ़ेगी कीमत

यह मामला स्विट्जरलैंड की ओर से भारत का फेवरेट दर्जा छीने जाने के बाद पैदा हुआ है। दरअसल, स्विट्जरलैंड ने नेस्ले के खिलाफ अदालती फैसले के बाद भारत का सर्वाधिक तरजीही राष्ट (एमएफएन) का दर्जा नलिंबति कर दिया है। इससे स्विट्जरलैंड में काम करने वाली भारतीय कंपनियों पर टैक्स का बोझ बेगा। एक जनवरी 2025 से उन्हें ज्यादा टैक्स देना होगा।




यह फैसला भारत और स्विट्जरलैंड के बीच हुए दोहरे कराधान समझौते (डीटीएए) के एमएफएन प्रावधान को निलंबित करता है। इस दर्जे के तहत देश एक-दूसरे को व्यापार में विशेष छूट देते हैं। इस दर्जे के रद्द होने से भारतीय कंपनियों को स्विट्जरलैंड में अब ज्यादा टैक्स चुकाना होगा।

#### भारत में स्विस कंपनियों पर भी पड़ेगा असर

एमएफएन का दर्जा रद्द होने से स्विट्जरलैंड की कंपनियों को भी भारत में ज्यादा टैक्स देना होगा। मैगी की पेरेंट कंपनी नेस्ले स्विट्जरलैंड की है। जब नेस्ले ज्यादा टैक्स देगी तो इसका अगर मैगी पर भी पड़ेगा। नतीजन कंपनी को मैगी की कीमत बढ़ानी पड़ सकती है। बात सिर्फ मैगी पर ही खत्म नहीं होगी। भारत में बिकने वाले नेस्ले के दूसरे प्रोडक्ट भी महंगे हो सकते हैं। इसमें नेस्ले के डेयरी प्रोडक्ट, किट कैट चॉकलेट, आइसक्रीम, बेबी फूड आदि शामिल हैं। इन प्रोडक्ट की भी कीमत बढ़ सकती है।

#### कितनी बढ़ेगी कीमत

एमएफएन का दर्जा खत्म होने के बाद स्विट्जरलैंड की कंपनियों को भारत में 10 फीसदी तक का डिविडेंड टैक्स देना होगा। अभी तक यह टैक्स दर 5 फीसदी थी। टैक्स की इस रकम को चुकाने के लिए कंपनियों को अपना प्रॉफिट कम करना पड़ सकता है। साथ ही वे मैगी समेत दूसरे प्रोडक्ट की कीमत बढ़ा सकती हैं। हालांकि कीमत कितनी बढ़ेगी, इसके बारे में अभी कोई फैसला नहीं हुआ है।

# टाटा मोटर्स ने बॉमाकॉनएक्सपो 2024 में अपनी नई तकनीक का प्रदर्शन किया

### प्रदर्शनी में विभिन्न उद्योगों के लिए नये जमाने के जेनसेट्स, इंडस्ट्रियल इंजन और एक्सल्सकी बड़ी श्रृंखला को दिखाया गया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत की सबसे बड़ी कमर्शियल व्हीकल निर्माता कंपनी, टाटा मोटर्स ने बॉमाकॉनएक्सपो2024 कई उन्नतप्रॉडक्ट्स का प्रदर्शन किया। प्रदर्शनी में टाटा मोटर्स ने सीपीसीबी आइवी+कॉम्प्लाएंटटाटा मोटर्स जेनसेट्स का प्रदर्शन किया,जो 25 केवीएसे लेकर 125केवीएतक की पावर रेंज में उपलब्ध हैं। इसके अलावा सीईवीबीएस उत्सर्जन कॉम्प्ला एंट




इंडस्ट्रियल इंजन भी पेश किए गए, जो 55 से 138 हॉर्सपावर तक के पावर नोड्स में आते हैं। कंपनी ने प्रदर्शनी में लाइव एक्सल्स, ट्रेलर एक्सल्स और दूसरे कलपुर्जों का भी प्रदर्शन किया। ये सोल्यूशंस तरह-तरह की इंडस्ट्रीज में मटीरियलहैंडलिंग,निर्माण उपकरण, इंडस्ट्रीज और लॉजिस्टिक्स क्षेत्र की बदलती जरूरतों को पूरा करने के लिए डिजाइन किए गए हैं। इन प्रॉडक्ट्स को काम करने में बेहतरीन दक्षता और सालों साल चलते रहने के लिहाज से बनाया गया है। टाटा मोटर्स कमर्शियल व्हीकल्स में स्पेयर्स और नॉन-व्हीक्युलर बिजनेस के हेड श्री विक्रम अग्रवाल ने बॉमाकॉनएक्सपो 2024 में टाटा मोटर्स के पविलियन का उद्घाटन किया। श्री विक्रम अग्रवाल ने कहा, बॉमाकॉनएक्सपो एक बेहतरीन प्लेटफॉर्म हैं, जहां पर टाटा मोटर्स ने अपने नए-नए तकनीकी उपकरणों और सोल्यूशंस को मजबूत और भरोसेमंद तकनीक की तलाश करने वाले ग्राहकों के लिएपेश किया है। कंपनी के नए प्रॉडक्ट्सग्राहकों की जरूरतों और फीडबैक पर आधारित हैंजिन्हेंउपभोक्ताओं से बड़े पैमाने पर प्राप्त फीडबैक के आधार पर विकसित किया गया है। कंपनी देश के लोगों की बदलती जरूरतों को पूरा करने के लिए अपने प्रॉडक्ट्स और सर्विसेज का दायरा बढ़ा रही है।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com
राष्ट्रीय दैनिक प्रातःकिरण
नई दिल्ली, बुधवार, 18 दिसंबर, 2024



## संक्षिप्त खबरें

### ऑस्ट्रेलिया को लगा बड़ा झटका, चोट के चलते मैदान से बाहर हुए हेजलवुड

ब्रिसबेन। भारत के खिलाफ गाबा में चल रहे तीसरे टेस्ट के चौथे दिन मंगलवार को ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड चोटिल होकर मैदान से बाहर चले गए हैं। हेजलवुड को वापस मैदान पर बुलाने का ऑस्ट्रेलिया का फैसला पूरी तरह से गलत साबित हुआ, क्योंकि ड्रिंक्स ब्रेक के बाद उन्हें चोट लगने का संदेह था। हेजलवुड अपनी लय से बाहर दिखे और तीसरे दिन अपनी लाइन और लेंथ को देखते हुए अपनी लय हासिल करने के लिए संघर्ष करते दिखे। उन्होंने सिर्फ एक ओवर फेंका और खास तौर पर पहली गेंद के बाद संघर्ष करते दिखे।हेजलवुड ने असामान्य रूप से कम गति से शॉर्ट और वाइड गेंद फेंकी, जिसकी स्पीड गन 128 किमी प्रति घंटे की थी। हेजलवुड ने ओवर पूरा करने के बाद ड्रिंक्स ब्रेक के दौरान कप्तान पैट कमिंस, स्टीवन स्मिथ और फिजियोथेरेपिस्ट निक जोन्स के साथ चर्चा की।उल्लेखनीय रूप से, साइड स्ट्रेन के कारण हेजलवुड एडिलेड में दूसरे टेस्ट से बाहर हो गए थे। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने एक बयान में हेजलवुड की चोट की गंभीरता को रेखांकित किया। ऑस्ट्रेलियाई बोर्ड ने पुष्टि की कि अनुभवी पेस-गन को कम-ग्रेड की बाईं ओर चोट लगी है। टेस्ट के दौरान, हेजलवुड अपनी रिकवरी से उबरने के लिए एडिलेड में टीम के साथ रहे। जैसे ही श्रृंखला एडिलेड से ब्रिस्बेन में स्थानांतरित हुई, उनकी उपलब्धता को लेकर चिंताएँ थीं। हालाँकि, ऑस्ट्रेलियाई प्रबंधन ने हेजलवुड को वापस लाने का फैसला किया और उनके सीमित ओवरों में सफलता हासिल की। हेजलवुड ने छह ओवर फेंके, 3.70 की इकॉनमी से 22 रन दिए और चेस मास्टर विराट कोहली का सबसे महत्वपूर्ण विकेट लिया।

### अंतरराष्ट्रीय टूनार्मेंट में भारत का प्रतिनिधित्व करने वाली महाराष्ट्र की सबसे कम उम्र की खिलाड़ी बनीं अनिका

नई दिल्ली। महज 14 साल की उम्र में, गोल्डन गर्ल ऑफ पुणे के नाम से मशहूर अनिका दुबे ने एक असाधारण उपलब्धि हासिल की हैः उन्होंने एशियाई स्क्वैश टीम चैंपियनशिप के लिए भारतीय टीम में जगह बनाई है, जो फरवरी 2025 में हांगकांग में होने वाली है। यह उपलब्धि उन्हें इस तरह के प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय टूनार्मेंट में भारत का प्रतिनिधित्व करने वाली महाराष्ट्र की सबसे कम उम्र की खिलाड़ी बनाती है।अनिका का इस मुकाम तक पहुंचना किसी प्रेरणा से कम नहीं है। अपने नाम तीन राष्ट्रीय खिताब के साथ, वह महाराष्ट्र के पुणे की सबसे सफल जूनियर स्क्वैश खिलाड़ी बन गई हैं, उन्होंने नए रिकॉर्ड बनाए हैं और दूसरों के लिए एक राह बनाई है। खेल के प्रति उनका समर्पण, अनुशासन और प्यार उनके द्वारा खेले गए हर मैच में स्पष्ट दिखाई देता है, जिसने उन्हें भारत की सबसे प्रतिभाशाली युवा प्रतिभाओं में से एक के रूप में स्थापित किया है। अनिका ने कहा, भारत के लिए खेलना एक सपने के सच होने जैसा है। अपने देश का प्रतिनिधित्व करना और वर्षों से की गई कड़ी मेहनत को प्रदर्शित करना मेरे लिए सम्मान की बात है। उनके कोच अभिनव सिन्हा उनकी यात्रा में मार्गदर्शक शक्ति रहे हैं। अपने शांत व्यवहार और तीक्ष्ण सामरिक अंतर्दृष्टि के लिए जाने जाने वाले अभिनव ने अनिका को विश्व मंच पर उतरने के लिए तैयार एक अच्छी तरह से तैयार खिलाड़ी के रूप में आकार दिया है। अभिनव ने कहा, अनिका की सफलता उसकी कड़ी मेहनत और प्रतिबद्धता का प्रमाण है। वह केंद्रित, निडर और हमेशा सीखने के लिए उत्सुक है। हांगकांग की ओर देखते हुए फरवरी 2025 के करीब आते ही, अनिका एशियाई टीम चैम्पियनशिप के लिए कड़ी मेहनत कर रही है। वह अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारत का प्रतिनिधित्व करने की जिम्मेदारी को गंभीरता से लेती है और अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन देने के लिए दृढ़ संकल्पित है।

### एसए 20 के तीसरे सत्र में कमेंट्री करेंगे उथप्पा

जोहानिसबर्ग। भारत के पूर्व क्रिकेटर और 2007 टी20 विश्व कप विजेता रॉबिन उथप्पा नौ जनवरी से शुरू हो रहे बेतवे एसए 20 लीग के तीसरे सत्र में कमेंट्री करेंगे। नौ जनवरी से आठ फरवरी तक चलने वाली इस टी20 लीग का सीधा प्रसारण भारत में वायकॉम 18 के चैनलों और डिजिटल प्लेटफॉर्म स्पोटर्स 18 और जियो सिनेमा पर किया जायेगा। आयोजकों द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार उथप्पा के साथ कमेंट्री टीम में महान बल्लेबाज केविन पीटरसन, शॉन पोलाक, स्टुअर्ट ब्रॉड और क्रेस मौरिस भी होंगे। इनके अलावा आक्रामक बल्लेबाज एबी डिविलियर्स और मशहूर क्रिकेट कमेंटेटर एम एमबांग्वा भी कमेंट्री टीम का हिस्सा होंगे।

### दर्शकों के लिए एचआईएल 2024-25 मैचों के टिकट होंगे फ्री, हॉकी इंडिया ने की घोषणा

नई दिल्ली। हॉकी प्रशंसक रांची और राउरकेला में होने वाले आगामी हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) 2024-25 मैचों का लुत्फ अब स्टेडियम में जाकर फ्री में उठा सकेंगे। हॉकी इंडिया ने मंगलवार को एचआईएल 2024-25 मैचों के लिए मुफ्त टिकटों की घोषणा की। एचआईएल गवर्निंग कमेटी के अध्यक्ष दिलीप तिर्की ने बताया, यह कदम हॉकी इंडिया के उस दृष्टिकोण का हिस्सा है, जिसके तहत खेल को उसके समर्थकों के लिए और अधिक सुलभ बनाया जाएगा। उन्होंने कहा, यह भारत में हॉकी के लिए एक ऐतिहासिक क्षण है। मुफ़्त टिकट देकर, हम यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि वित्तीय स्थिति की परवाह किए बिना, हर किसी को हॉकी का बेहतरीन अनुभव करने का अवसर मिले। हमारा लक्ष्य खेल को प्रशंसकों के और करीब लाना और खिलाड़ियों और समर्थकों की नई पीढ़ी को प्रेरित करना है। रांची और राउरकेला हॉकी की समृद्ध विरासत वाले शहर हैं, और हम स्टेडियमों को उनकी ऊर्जा और जुनून से भरना चाहते हैं। एचआईएल गवर्निंग कमेटी के सदस्य भोला नाथ सिंह ने कहा, हमारे प्रशंसक हमारे हर काम के केंद्र में हैं। मुफ़्त टिकट देने की यह पहल उनके अटूट समर्थन के लिए आभार व्यक्त करने का हमारा तरीका है। हम यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि रांची और राउरकेला की हर सीट अपने पसंदीदा टीमों के लिए चीयर करने वाले प्रशंसकों से भरी हो।

### सीबीएफ अध्यक्ष पद का चुनाव लड़ेंगे ब्राजील के पूर्व स्ट्राइकर रोनाल्डो

नई दिल्ली। ब्राजील के पूर्व स्ट्राइकर रोनाल्डो देश के फुटबॉल परिसंघ (सीबीएफ) के अध्यक्ष पद के लिए चुनाव लड़ेंगे, 48 वर्षीय रोनाल्डो ने सोमवार को यह जानकारी दी। 1994 और 2002 में ब्राजील के साथ विश्व कप जीतने वाले रोनाल्डो, 2026 में वर्तमान अध्यक्ष एडनाल्डो रोड्रिग्स की जगह लेने के लिए सीबीएफ चुनावों में उम्मीदवार के रूप में भाग लेंगे।ग्लोबो एस्पोर्टे से बात करते हुए उन्होंने कहा, सीबीएफ के अध्यक्ष पद के लिए उम्मीदवार बनने के लिए मुझे प्रेरित करने वाली सैकड़ों चीजों में से, मैं उस प्रतिष्ठा और सम्मान को पुनः प्राप्त करना चाहता हूँ जो सेलेकाओ (ब्राजील की राष्ट्रीय टीम) के पास हमेशा से था और आज किसी और के पास नहीं है। बार्सिलोना, इंटर मिलान और रियल मैड्रिड के पूर्व फॉरवर्ड ने यह भी कहा कि उन्हें स्पेनिश शीर्ष-स्तरीय टीम रियल वलाडोलिड में अपनी हिस्सेदारी बेचने की उम्मीद है। उन्होंने कहा, हम बहुत जल्द संभावित बिक्री पर बातचीत कर रहे हैं और हमें सौदा पूरा कर लेना चाहिए।

# पीएम मोदी ने एशिया कप जीतने पर दी भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम को बधाई






**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम को एशिया कप जीतने पर बधाई दी है। उन्होंने अपने एक्स अकाउंट पर एक पोस्ट भी शेयर किया है।

पीएम मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट शेयर करते हुए लिखा, भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम को एशिया कप खिताब जीतने पर बधाई। टीम ने बहुत धैर्य और दृढ़ संकल्प दिखाया। यह सफलता हॉकी के प्रति बढ़ते जुनून को भी दर्शाती है, खासकर युवाओं में। मैं टीम को उनके भविष्य के प्रयासों के लिए शुभकामनाएं देता हूं। इसके अलावा केंद्रीय खेल मंत्री डॉ. मनसुख मंडाविया ने भी टीम को बधाई दी। उन्होंने एक्स पर फोटो शेयर करते हुए लिखा, चक दे इंडिया! भारतीय हॉकी टीम ने रविवार को महिला जूनियर एशिया कप के फाइनल में चीन को पेनल्टी शूटआउट में 3-2 से हराकर लगातार दूसरी बार खिताब अपने नाम किया। तय समय में 1-1 से बराबरी के बाद खिताबी मुकाबला शूटआउट तक गया, जिसमें गत चैंपियन टीम विजयी रही।

इस अवसर पर हॉकी इंडिया (एचआई) ने टीम को नकद पुरस्कार देने की घोषणा की। एचआई ने एक्स पर लिखा, टीम इंडिया ने जूनियर महिला एशिया कप 2024 के फाइनल में चीन पर रोमांचक पेनल्टी शूटआउट जीतकर शानदार जीत हासिल की। उनके शानदार प्रदर्शन के लिए हॉकी इंडिया ने प्रत्येक खिलाड़ी को 2 लाख रुपये और सहयोगी स्टाफ को 1 लाख रुपये का नकद पुरस्कार देने की घोषणा की है। पेनल्टी शूटआउट में साक्षी राणा, इशिका और सुनीता टोप्पो ने भारत के लिए गोल किए। गोलकीपर निधि ने लिहांग वांग, जिंगी ली और डंडन जूओ के खिलाफ तीन शानदार बचाव किए और सुनिश्चित किया कि भारत अपना खिताब बचाए।

# जोश हेजलवुड के लगी चोट, भारत के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला से हो सकते हैं बाहर

**ब्रिसबेन, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड को तीसरे टेस्ट के दौरान दाहिनी पिंडली में लगी चोट के कारण भारत के खिलाफ बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के बाकी मैचों से बाहर रहना पड़ सकता है। चोट के कारण हेजलवुड ब्रिसबेन टेस्ट में अब आगे नहीं खेल सकेंगे। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने एक बयान में कहा, 'जोश हेजलवुड की दाहिनी पिंडली में खिंचाव आ गया है जिससे वह भारत के खिलाफ ब्रिसबेन टेस्ट में आगे नहीं खेल पाएंगे। उन्हें टेस्ट श्रृंखला के बाकी मैचों से बाहर रहना पड़ सकता है। 33 साल के हेजलवुड चौथे दिन एक ही ओवर डाल पाए थे जब उन्हें मैदान से जाना पड़ा। उन्होंने मैदान से बाहर जाने से पहले कप्तान पैट कमिंस, स्टीव स्मिथ और फिजियो निक जोनेस से बात की। हेजलवुड बाजू में खिंचाव के कारण एडीलेड में दूसरे टेस्ट से बाहर रहे थे। हेजलवुड की जगह तेज गेंदबाज स्कॉट बोलैंड ने ली जो एडीलेड टेस्ट में आस्ट्रेलियाई एकादश में थे।



# इस स्टार भारतीय क्रिकेटर से मिलना चाहती हैं डब्ल्यूपीएल की सबसे महंगी प्लेयर सिमरन शेख

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अनकैप्ड बल्लेबाज सिमरन शेख ने भारत के दिग्गज विराट कोहली से मिलने की इच्छा जताई और भारतीय राष्ट्रीय टीम का प्रतिनिधित्व करने के अपने लक्ष्य को रेखांकित किया। हाल ही में महिला प्रीमियर लीग 2025 की नीलामी में गुजरात जायंट्स द्वारा 1.9 करोड़ रुपए में खरीदे जाने के बाद सिमरन सुर्खियों में आईं।

युवा बल्लेबाज ने खुलासा किया कि विराट उनके पसंदीदा खिलाड़ी हैं और उनका लक्ष्य भारत का प्रतिनिधित्व करना है, जिसके लिए वह हर संभव प्रयास कर रही हैं। सिमरन ने कहा, मेरा सपना एक बार विराट कोहली से मिलना है। मुझे बस भारत की जर्सी चाहिए और इसलिए मैं ये सब प्रयास कर रही हूं। अनकैप्ड बल्लेबाज के लिए दिल्ली कैपिटल्स और गुजरात स्थित फ्रैंचाइजी बोली लगाने की होड़ में शामिल हुईं। उनका बेस प्राइस 5 लाख रुपए था और जायंट्स ने उन्हें 1.9 करोड़ रुपए की भारी भरकम राशि में खरीदा। टूर्नामेंट के पहले सीजन में सिमरन ने गुजरात स्थित फ्रैंचाइजी के लिए खेला और 9 मैचों में हिस्सा लिया।



सिमरन को लगता है कि फ्रैंचाइजी में योगदान देना उनकी जिम्मेदारी है और उन्होंने कहा, मैं जीजी (गुजरात जायंट्स) परिवार का शुक्रिया अदा करती हूं। इतनी बड़ी रकम मिलने के बाद अब उनके लिए प्रदर्शन करना मेरी जिम्मेदारी है। मैं अपने माता-पिता का शुक्रिया अदा करती हूं क्योंकि मेरे समुदाय में ऐसी चीजों के लिए ज़्यादा समर्थन नहीं है, लेकिन उन्होंने हमेशा मेरा साथ दिया।

नीलामी पर बोलते हुए मुख्य कोच माइकल क्लिंगर ने कहा कि टीम की प्राथमिकता ऐसे खिलाड़ियों को हासिल करना है जो प्लेइंग 11 में प्रभाव डाल सकें और सिमरन टीम के लिए एक मूल्यवान खिलाड़ी हैं। उन्होंने कहा, सिमरन शेख टीम के लिए एक और मूल्यवान खिलाड़ी हैं। वह बहुत ताकत लेकर आती हैं और उनका स्ट्राइक रेट भी शानदार है। महिला क्रिकेट में ऐसी मुट्ठी भर खिलाड़ी ही हैं जो ऐसा कर सकती हैं। मुझे लगता है कि वह टीम में जगह बनाने के लिए भारतीय बल्लेबाजों के बीच स्वस्थ प्रतिस्पर्धा पैदा करेंगी, जो कि एक टीम में आप चाहते हैं।

**डब्ल्यूपीएल 2025 के लिए गुजरात जायंट्स की टीमः** - एशले गार्डनर, बेथ मूनी, दयालन हेमलता, हरलीन देयोल, लौरा वोल्वाईट, शबनम शकील, तनुजा कंवर, फोएबे लिचफील्ड, मेघना सिंह, काशवी गौतम, प्रिया मिश्रा, मन्नत कश्यप, भारती फुलमाली, सयाली सतघरे, डींड्रा डॉटिन, सिमरन शेख, डेनिएल गिब्सन और प्रकाशिका नाइक।

इंडिया-ऑस्ट्रेलिया टेस्टः

# 8 टेस्ट मैच में फेल... शुभमन गिल पर आकाश चोपड़ा ने खड़ा किया बड़ा सवाल

**नईदिल्ली, एजेंसी।** चोट के चलते पर्थ टेस्ट से बाहर रहे शुभमन गिल एडिलेड में अच्छी लय में दिखे थे. लेकिन बड़े स्कोर बनाने में नाकाम रहे. पहली पारी में 31 और दूसरी पारी में उनके बल्ले से 28 रन निकले थे. उनका यह फ्लॉप प्रदर्शन गाबा में भी जारी रहा. गाबा में पहली पारी में गिल महज 1 रन बना पाए. इसके बाद भारत के पूर्व क्रिकेटर आकाश चोपड़ा ने गिल की पोल खोल दी. उन्होंने बताया कि गिल एशिया के बाहर 16 पारियों में 40 से ज्यादा का स्कोर नहीं बना पाए हैं. गिल की नाकामी के बाद आकाश चोपड़ा ने उनकी फॉर्म को लेकर चिंता जाहिर की है. उन्होंने अपने यूट्यूब चैनल पर कहा, 'हमें शुभमन गिल के बारे में बात करनी होगी. एशिया के बाहर ऐसी 16 पारियां हो गई हैं जहां आप 40 का आंकड़ा पार नहीं कर पाए हैं. आप कई बार सिंगल डिजिट या शुरुआती डबल डिजिट पर आउट हुए हैं. अगर आप टेस्ट में नंबर 3 पर बल्लेबाजी करते हैं और आपका स्कोर ऐसा है तो यह एक समस्या है, और इस पर भी चर्चा की जाएगी'.






**8 टेस्ट में 36 है हाई स्कोर** - शुभमन गिल को टीम इंडिया के फ्यूचर स्टार के रूप में देखा जाता है और उन्होंने खुद को साबित भी किया है. हालांकि शुभमन गिल पिछले आठ टेस्ट मैचों में एशिया के बाहर शानदार प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं. उन्होंने एशिया के बाहर 2020-21 के ऑस्ट्रेलियाई दौरे के बाद आठ टेस्ट खेले हैं. इस दौरान उन्होंने 16 पारियों में सिर्फ 200 रन बनाए. शतक तो दूर की बात है वे हाफ सेंचुरी तक नहीं लगा पाए. उनका हाई स्कोर 36 रन है.

**पिछली बार गाबा में खेली थी 91 रनों की पारी** - 2021 में टीम इंडिया ने जब ऑस्ट्रेलिया को टेस्ट में पहली बार गाबा मैदान पर हराया था तब जीत के हीरो शुभमन गिल भी थे. ऑस्ट्रेलिया के पहली पारी में 369 रनों के जवाब में टीम इंडिया 336 रनों पर सिमट गई थी. तब गिल ने महज 7 रन बनाए थे. लेकिन दूसरी पारी में उन्होंने अपने बल्ले से टीम इंडिया की जीत की नींव रख दी थी. टीम इंडिया को जीत के लिए 328 रनों का लक्ष्य मिला था तब ऋषभ पंत ने नाबाद 89 रनों की पारी खेली थी. हालांकि पंत से पहले गिल ने 91 रनों का महत्वपूर्ण योगदान दिया था.

# न्यूजीलैंड ने 423 रन से जीता हैमिल्टन टेस्ट

**रन के अंतर से इंग्लैंड पर सबसे बड़ी जीत, इंग्लिश टीम ने 2-1 से सीरीज जीती**

**नईदिल्ली, एजेंसी।** न्यूजीलैंड ने हैमिल्टन टेस्ट में इंग्लैंड को 423 रन से हरा दिया है। यह कीवियों की इंग्लैंड पर रन के अंतर से सबसे बड़ी जीत है। तीसरे टेस्ट में 658 रन का टारगेट चेज कर रही इंग्लिश टीम 234 रन ही बना सकी। हालांकि, इंग्लैंड ने 3 मैचों की टेस्ट सीरीज 2-1 से जीत ली। टीम ने पहला मैच 8 विकेट और दूसरा मैच 323 रन से जीता था। सेडॉन पार्क में मैच के चौथे दिन मंगलवार को इंग्लैंड ने 18/2 के स्कोर से खेलना शुरू किया था। जैकब बिथेल ने 76 और जो रूट ने 54 रनों की पारियां खेलीं, जबकि गस एटकिंसन ने 43 रन का योगदान दिया।

न्यूजीलैंड के मिचेल सैंटनर ने पहली पारी में 76 रन बनाए और 3 विकेट लिए। उन्होंने दूसरी पारी में 49 रन बनाए और 4 विकेट लिए। इस प्रदर्शन के लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच का अवॉर्ड मिला। इंग्लैंड के ऑलराउंडर हैरी ब्रुक को प्लेयर ऑफ द सीरीज चुना गया।

शनिवार को इंग्लैंड ने टॉस जीतकर पहले बॉलिंग चुनी। पहली पारी में न्यूजीलैंड ने 347 और इंग्लैंड ने 143 रन बनाए। न्यूजीलैंड ने दूसरी पारी 453 रन बनाए और इंग्लैंड 658 रन का टारगेट दिया।




न्यूजीलैंड की संयुक्त रूप से सबसे बड़ी जीत न्यूजीलैंड ने 423 रन से इंग्लैंड को हराया। रन के अंतर से यह टीम की संयुक्त रूप से सबसे बड़ी जीत रही। इससे पहले टीम ने 2018 में क्राइस्टचर्च में श्रीलंका को भी 423 रन से हराया था। इंग्लैंड के खिलाफ यह टीम की सबसे बड़ी जीत है। टिम साउदी का आखिरी टेस्ट मैच न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज टिम साउदी का यह आखिरी टेस्ट मैच रहा। उन्होंने सीरीज शुरू होने से पहले ही टेस्ट क्रिकेट से संन्यास का ऐलान कर दिया था। 35 साल के साउदी ने संन्यास का ऐलान करते हुए कहा था- यदि हमारी टीम डब्ल्यूटीसी फाइनल के लिए क्वालिफाई करती है, तो मैं उपलब्ध रहूंगा। तीसरे दिन न्यूजीलैंड दूसरी पारी में 453 पर ऑलआउट न्यूजीलैंड टीम दूसरी पारी में 453 रन पर ऑलआउट हुई। न्यूजीलैंड के स्टार बैटर केन विलियम्सन ने शतक लगाया। उन्होंने 204 बॉल पर 156 रन बनाए। उनके अलावा विल यंग और डेरिल मिचेल ने 60-60 रन बनाए। मिचेल सैंटनर ने 49 और रचिन रवींद्र ने 44 रन की पारी खेली। टॉम ब्लंडेल 44 रन बनाकर नाबाद रहे। इंग्लैंड के लिए जैकब बेथेल ने सबसे ज्यादा 3 विकेट झटके। बेन स्टोक्स और शोएब बशीर ने 2-2 विकेट लिए। थ्यू पॉट्स, गस एटकिंसन और जो रूट को 1-1 विकेट मिला।



# कमेंट्री करते नजर आएंगे रॉबिन उथप्पा, इस टूर्नामेंट में निभाएंगे भूमिका

**जोहानिसबर्ग, एजेंसी।** भारत के पूर्व क्रिकेटर और 2007 टी20 विश्व कप विजेता रॉबिन उथप्पा 9 जनवरी से शुरू हो रहे बेतवे एसए 20 लीग के तीसरे सत्र में कमेंट्री करेंगे। 9 जनवरी से आठ फरवरी तक चलने वाली इस टी20 लीग का सीधा प्रसारण भारत में वायकॉम 18 के चैनलों और डिजिटल प्लेटफॉर्म स्पोर्ट्स 18 और जियो सिनेमा पर किया जाएगा। आयोजकों द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार उथप्पा के साथ कमेंट्री टीम में महान बल्लेबाज केविन पीटरसन, शॉन पोलाक, स्टुअर्ट ब्रॉड और क्रेस मौरिस भी होंगे। इनके अलावा आक्रामक बल्लेबाज एबी डिविलियर्स और मशहूर क्रिकेट कमेंटेटर एम एमबांग्वा भी कमेंट्री टीम का हिस्सा होंगे।

**रैंकिंग** | मंधाना वनडे रैंकिंग में तीन पायदान ऊपर दूसरे और पिछले सप्ताह ऑस्ट्रेलिया और वेस्टइंडीज के खिलाफ शानदार प्रदर्शन के बाद टी20आई रैंकिंग ...

# आईसीसी वनडे और टी20 रैंकिंग में शीर्ष तीन में पहुंची स्मृति मंधाना

प्रात : किरण/ एजेंसी

नई दिल्ली। भारत की स्टाइलिश ओपनर स्मृति मंधाना आईसीसी महिला वनडे और टी-20 बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष तीन में पहुंच गई हैं। मंधाना वनडे रैंकिंग में तीन पायदान ऊपर दूसरे और पिछले सप्ताह ऑस्ट्रेलिया और वेस्टइंडीज के खिलाफ शानदार प्रदर्शन के बाद टी20आई रैंकिंग में एक पायदान ऊपर तीसरे स्थान पर पहुंच गई हैं। वनडे रैंकिंग में दक्षिण अफ्रीका की लौरा वोल्वाड्ट और टी-20 में ऑस्ट्रेलिया की बेथ मूनी शीर्ष पर हैं। बाएं हाथ की बल्लेबाज मंधाना ने पर्थ में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ आईसीसी महिला चैंपियनशिप सीरीज के अंतिम मैच में 105 और मुंबई में वेस्टइंडीज के खिलाफ टी20आई सीरीज के पहले मैच में 54 रन बनाए, जो नवीनतम रैंकिंग अपडेट का मुख्य आकर्षण है, जिसमें पोटचेफस्ट्रूम में दक्षिण अफ्रीका और इंग्लैंड के बीच अंतिम वनडे में प्रदर्शन को भी ध्यान में रखा गया है।

वनडे बल्लेबाजी रैंकिंग में इंग्लैंड की ओपनर टैमी ब्यूमोंट दो पायदान ऊपर 11वें स्थान पर पहुंच गई हैं, जिन्होंने नाबाद 65 रन बनाकर दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सीरीज 2-1 से जीती थी, और भारत की हरलीन देओल नौ पायदान ऊपर 64वें स्थान पर पहुंच गई हैं, जबकि ऑस्ट्रेलिया की तीन खिलाड़ियों ने अपनी टीम की 3-0 की जीत के बाद उल्लेखनीय बढ़त हासिल की है। एश्ले गार्डनर पर्थ में 50 रन बनाकर एक स्थान ऊपर चढ़कर 16वें स्थान पर पहुंच गई हैं, ताहलिया मैकग्राथ नाबाद 56 रन बनाकर 32वें स्थान से 24वें स्थान पर पहुंच गई हैं और एनाबेल सदरलैंड मैच जीतने वाली 110 रन की पारी के बाद 15 स्थान ऊपर चढ़कर 29वें स्थान पर पहुंच गई हैं। गार्डनर 30 रन देकर पांच विकेट लेकर गेंदबाजी रैंकिंग में भी दो स्थान ऊपर चढ़कर अपने करियर के सर्वश्रेष्ठ तीसरे स्थान पर पहुंच गई हैं और ऑलराउंडरों की सूची में चौथे स्थान से दूसरे स्थान पर पहुंच गई हैं। सदरलैंड गेंदबाजी रैंकिंग में शीर्ष 20 में शामिल हैं। इस सूची में ऊपर आने वाले अन्य खिलाड़ियों में दक्षिण अफ्रीका की मारिजान कैप शामिल हैं, जिन्होंने 24 रन देकर तीन विकेट लिया और दो पायदान ऊपर चौथे स्थान पर पहुंच गईं। इंग्लैंड की तिकड़ी चार्ली डीन (दो स्थान ऊपर चढ़कर सातवें स्थान पर), नैट साइवर ब्रंट (एक स्थान ऊपर चढ़कर 16वें स्थान पर) और लॉरेन बेल (चार स्थान ऊपर चढ़कर 21वें स्थान पर) ने भी रैंकिंग में बढ़त हासिल की है। भारतीय तेज गेंदबाज अरुंधति रेड्डी 26 रन देकर चार विकेट लेने के बाद 48 पायदान ऊपर चढ़कर 51वें स्थान पर पहुंच गई हैं, जबकि रेणुका ठाकुर 28वें स्थान से संयुक्त 26वें स्थान पर पहुंच गई हैं। टी20 रैंकिंग में कप्तान हरमनप्रीत कौर शीर्ष 10 में हैं और जेमिमा रोड्रिग्स 73 रन की शानदार पारी के बाद छह पायदान ऊपर चढ़कर 15वें स्थान पर पहुंच गई हैं। गेंदबाजी रैंकिंग में दीप्ति शर्मा दो पायदान ऊपर चढ़कर दूसरे स्थान पर पहुंच गई हैं और तीतास साधु 52वें स्थान पर पहुंच गई हैं। वेस्टइंडीज के लिए हरफनमौला खिलाड़ी डिएंड्रा डॉटिन अर्धशतक के बाद 21 पायदान ऊपर चढ़कर 59वें स्थान पर पहुंच गई हैं, जबकि कियाना जोसेफ (बल्लेबाजों में 22 पायदान ऊपर चढ़कर 65वें स्थान पर) और करिश्मा रामहरैक (गेंदबाजों में छह पायदान ऊपर चढ़कर 20वें स्थान पर) को भी रैंकिंग में फायदा हुआ है।



# अमेरिका: विस्कॉन्सिन के स्कूल में गोलीबारी में शिक्षक और एक छात्र की मौत

प्रात : किरण/एजेंसी

मैडिसन (अमेरिका)। अमेरिकी प्रांत विस्कॉन्सिन के स्कूल में सोमवार को 15 वर्षीय छात्रा द्वारा की गई गोलीबारी में एक शिक्षक और अन्य छात्र की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी देते हुए बताया कि एबंडैंट लाइफ स्कूल में गोलीबारी करने वाली छात्रा की भी मौत हो गई है।

पुलिस ने सोमवार रात संवाददाता सम्मेलन में बताया कि गोलीबारी की यह घटना स्कूल के एक अध्ययन कक्ष में हुई और इसकी सूचना दूसरी कक्षा के एक विद्यार्थी ने पुलिस को दी। विस्कॉन्सिन पुलिस ने बताया कि छात्रा की पहचान नताली रूपनो के रूप में हुई है। मैडिसन पुलिस प्रमुख शॉन बार्न्स ने बताया कि गोलीबारी में छह अन्य लोग घायल हुए हैं। उन्होंने बताया कि घायलों में दो छात्र भी शामिल हैं जिनकी हालत गंभीर बताई जा रही है। बार्न्स ने बताया कि एक शिक्षक और तीन छात्रों को मामूली चोट आई हैं, जिनमें से दो को सोमवार शाम ही छुट्टी दे दी गई। बार्न्स ने कहा, इस इमारत में हर बच्चा, हर व्यक्ति पीड़ित है और शायद इस जख्म से कभी नहीं उबर पाएगा। हमें यह पता लगाने और समझने की कोशिश करनी होगी कि आखिर हुआ क्या। एबंडैंट लाइफ स्कूल में प्राथमिक शाखा की निदेशक बारबरा वियर्स ने कहा कि गोलीबारी की घटना के दौरान छात्रों ने घबराए बिना खुद को अच्छे से संभाला। पुलिस ने कहा कि जब अधिकारी घटनास्थल पहुंचे तो वहां उन्होंने हमलावर छात्रा को मृत पाया। उसने बताया संभवतः हमलावर ने खुदकुशी कर ली थी। बार्न्स ने उसके बारे में विस्तार से जानकारी देने से इनकार कर दिया। बार्न्स ने कहा कि किस मकसद से गोलीबारी की गई इस बारे में पता नहीं चल पाया है। पुलिस हमलावर छात्रा के माता-पिता से इस बारे में पता लगाने के लिए पूछताछ कर रही है। उन्होंने यह भी कहा कि अभी इस बारे में भी जानकारी नहीं है कि गोलीबारी पहले से सुनियोजित थी या नहीं।



एबंडैंट लाइफ एक गैर-सांप्रदायिक ईसाई स्कूल है जिसमें किंडरगार्टन से लेकर हाई स्कूल तक लगभग 400 छात्र पढ़ते हैं। उन्होंने कहा कि सोमवार को मैडिसन के एक घर में तलाशी वारंट जारी किया गया था। स्कूल के किसी व्यक्ति ने पूर्वाह्न 11 बजे से कुछ समय पहले पुलिस को फोन कर हमलावर की सूचना दी थी। बार्न्स ने कहा कि पुलिसकर्मी केवल पांच किलोमीटर दूरी पर थे, जहां वे प्रशिक्षण ले रहे थे। वे शुरूआती फोन के तीन मिनट बाद स्कूल पहुंचे और तुरंत इमारत में चले गए।

बार्न्स ने कहा कि जब गोलीबारी हुई, तब कक्षाएं चल रही थीं। उन्होंने यह बताने से इनकार कर दिया कि स्कूल में यह घटना वास्तव में कहां हुई। घटना के बाद पुलिस ने स्कूल के आस पास की सड़कें बंद कर दीं और जांच कर रहे अधिकारियों की मदद के लिए मौके पर संघीय एजेंट उपस्थित थे। घटना में पुलिस ने कोई गोलीबारी नहीं की। एक बयान में राष्ट्रपति जो बाइडन ने इस घटना का हवाला देते हुए कांग्रेस (अमेरिकी संसद) से बंदूक के संबंध में सार्वभौमिक पृष्ठभूमि की जांच, नेशनल रेड फ्लेग लॉ और कुछ बंदूक प्रतिबंधों को पारित करने का आह्वान किया। बाइडन ने कहा, कभी भी इस तरह की हिंसा को स्वीकार नहीं किया जा सकता, जो बच्चों, उनके परिवारों को आघात पहुंचाए और पूरे समुदाय को अलग-थलग कर दे। उन्होंने विस्कॉन्सिन के गवर्नर टोनी एवर्स और मैडिसन के मेयर सत्या रोड्स-कॉनवे से बात की और अपना समर्थन दिया। एवर्स ने कहा कि यह कल्पना करना भी मुश्किल है कि कोई बच्चा या शिक्षक स्कूल जाए और कभी घर वापस नहीं आए।

## संक्षिप्त खबरें

### चीन अपने आंतरिक मामलों में अमेरिका के हस्तक्षेप का विरोध करता है: वांग यी

बीजिंग। चीन के विदेश मंत्री वांग यी ने मंगलवार को कहा कि उनका देश अमेरिका द्वारा चीन के अवैध दमन के साथ-साथ, अपने आंतरिक मामलों में वाशिंगटन के विशेष रूप से कठोर हस्तक्षेप का विरोध करता है। श्री वांग ने 2024 में अंतरराष्ट्रीय स्थिति और चीनी कूटनीति पर आयोजित एक सम्मेलन में कहा, चीन अपनी संप्रभुता, सुरक्षा और विकास हितों की दृढ़ता से रक्षा करता है और अमेरिका की ओर से चीन के अवैध तथा अनुचित दमन का दृढ़ता से विरोध करता है। हम विशेष रूप से ताइवान सहित कई मुद्दों पर चीन के आंतरिक मामलों में अमेरिका के हस्तक्षेप का विरोध करते हैं।

### रिकॉर्ड संख्या में बिना दस्तावेज वाले प्रवासी समुद्र के रास्ते स्पेन पहुंचे

मैड्रिड। स्पेन में वर्ष 2024 में रिकॉर्ड संख्या में बिना दस्तावेज वाले प्रवासी समुद्र के रास्ते पहुंचे। स्पेन के गृह मंत्रालय ने यह जानकारी दी। मंत्रालय ने सोमवार को बताया कि एक जनवरी से 15 दिसंबर, 2024 तक कुल 57,738 लोग स्पेन के तट पर पहुंचे, जो 2018 की तुलना में 240 अधिक है। बयान में कहा गया है कि ये लोग 1,719 नावों पर देश में पहुंचे, जिनमें से 43,737 बिना दस्तावेज वाले प्रवासी कैनरी द्वीप में उतरे। गौरतलब है कि बिना दस्तावेज वाले प्रवासियों के बड़े समूह नियमित रूप से स्पेन की दक्षिणी और द्वीप सीमाओं को पार करने का प्रयास करते हैं।

### वानौतु तट पर 7.3 तीव्रता के भूकंप के बाद सुनामी की चेतावनी

पोर्ट विला। प्रशांत राज्य वानुअतु के तट पर 7.3 तीव्रता का भूकंप दर्ज किये जाने के बाद, सुनामी का खतरा घोषित किया गया है। अमेरिकी भूकंपविज्ञानी और मौसम विज्ञानियों ने यह जानकारी दी। अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (यूएसजीएस) के अनुसार, भूकंप लगभग 36 हजार लोगों की आबादी वाले राज्य की राजधानी पोर्ट विला से लगभग 30 किलोमीटर पश्चिम में 01:47 जीएमटी पर आया। भूकंप का केंद्र 43 किलोमीटर की गहराई पर स्थित था।

### चीन करेगा सीरिया की संप्रभुता की रक्षा और स्थिरता बहाल करने में मदद

बीजिंग। चीन के विदेश मंत्री वांग यी ने मंगलवार को कहा कि उनका देश अराजकता पैदा करने वाली आतंकवादी ताकतों के खिलाफ है और वह सीरिया की संप्रभुता की रक्षा करने तथा वहां स्थिरता बहाल करने में मदद करेगा। श्री वांग ने ह्य2024 में अंतरराष्ट्रीय स्थिति और चीनी कूटनीतिपर एक सम्मेलन में कहा, वर्तमान में, सीरिया में स्थिति अचानक बदल गयी है, चीन सीरियाई लोगों का समर्थन करना जारी रखेगा।

### पाकिस्तान में रहमान बाबा एक्सप्रेस ट्रेन की तीन बोगी पटरी से उतरी

कराची। पाकिस्तान में कराची से पेशावर जा रही रहमान बाबा एक्सप्रेस के तीन डिब्बे आज ड्रिघ रोड स्टेशन पर पटरी से उतर गए। रेलवे अधिकारियों के मुताबिक, डिब्बों को जोड़ने वाले कपलर के टूट जाने के कारण यह हादसा हुआ। एआरवाई न्यूज की खबर के अनुसार, सौभाग्य से किसी भी यात्री को कोई नुकसान नहीं पहुंचा। हादसे की वजह से रेल सेवाएं बाधित हो गईं। डाउन ट्रैक पर परिचालन दो घंटे बाद शुरू हो पाया। पहली ट्रेन के रूप में पाकिस्तान एक्सप्रेस रवाना हुई। अप ट्रैक पर यातायात सामान्य होने पर समय लगेगा। काराकोरम एक्सप्रेस और बिजनेस एक्सप्रेस सहित कई सेवाएं प्रभावित हुईं। रेल अधिकारियों ने कहा कि ईरान से सल्फर कार्गो लेकर आ रही एक मालगाड़ी को रास्ते में रोक दिया गया है। इसके अतिरिक्त अल्लामा इकबाल एक्सप्रेस और मिल्लत एक्सप्रेस को भी देरी का सामना करना पड़ रहा है।

# जॉर्जिया के रेस्त्रां में काम करने वाले 11 भारतीयों की हुई मौत

**प्रारंभिक रिपोर्टों में कहा गया है कि यह मौत संभवतः कार्बन मोनोऑक्साइड गैस के कारण हुई हैं। ज्ञात हो कि 14 दिसंबर को जॉर्जिया के गृह मंत्रालय ने एक बयान में कहा, गुडौरी में हुई दुर्घटना के संबंध में आंतरिक मामलों के मंत्रालय के मत्सखेता मटियानेटी पुलिस विभाग के कर्मचारियों ने जॉर्जिया के आपराधिक संहिता के अनुच्छेद 116 के तहत जांच शुरू की है।**

प्रात : किरण/एजेंसी

त्बिलिसी (जॉर्जिया)। यूरोपीय देश जॉर्जिया में एक भारतीय रेस्त्रां में काम करने वाले 11 भारतीय लोगों की मौत पर जॉर्जिया स्थित भारतीय दूतावास ने दुख जताया है। सोमवार को सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर जारी एक प्रेस वक्तव्य में जॉर्जिया स्थित भारतीय दूतावास ने लिखा, त्बिलिसी स्थित भारतीय दूतावास जॉर्जिया के शहर गुडौरी में 11 भारतीय नागरिकों की दुर्भाग्यपूर्ण मौत के बारे में जानकर दुखी है। हम उनके परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करते हैं। प्रेस वक्तव्य में कहा गया, दूतावास स्थानीय अधिकारियों के साथ मिलकर काम कर रहा है ताकि शवों को शीघ्र भारत भेजा जा सके। हम शोक में डूबे परिवारों के संपर्क में हैं और हर संभव सहायता प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। गुडौरी स्थित एक भारतीय रेस्त्रां में भारतीय नागरिकों की मौत हुई। इस घटना की जांच जॉर्जिया के आंतरिक मामलों के मंत्रालय द्वारा की जा रही है। प्रारंभिक रिपोर्टों में कहा गया है कि यह मौत संभवतः कार्बन मोनोऑक्साइड गैस के कारण हुई हैं। ज्ञात हो कि 14 दिसंबर को जॉर्जिया के गृह मंत्रालय ने एक बयान में कहा, गुडौरी में हुई दुर्घटना के संबंध में आंतरिक मामलों के मंत्रालय के मत्सखेता मटियानेटी पुलिस विभाग के कर्मचारियों ने जॉर्जिया के आपराधिक संहिता के अनुच्छेद 116 के तहत जांच शुरू की है। इसमें लापरवाही के कारण हत्या का आरोप लगाया गया है। बयान में कहा गया है कि रेस्ट एरिया में उसी रेस्त्रां में काम करने वाले 12 लोगों के शव मिले। प्रारंभिक जांच में शरीर पर किसी तरह की चोट या किसी अन्य प्रकार के निशान नहीं पाए गए। प्रारंभिक जांच के अनुसार, बेडरूम के पास बंद जगह में एक बिजली जनरेटर रखा हुआ था, जिसे कल शायद बिजली आपूर्ति बंद होने के बाद चालू किया गया था। बयान में आगे कहा गया कि 12 मृतकों में से 11 व्यक्ति भारतीय हैं और 1 व्यक्ति जॉर्जिया का रहने वाला था। जॉर्जिया के गृह मंत्रालय ने कहा, इस तथ्य के संबंध में, जांच कार्रवाई सक्रिय रूप से की जा रही है, फोरेंसिक एक्सपर्ट और पुलिस अधिकारी मौके पर जांच कर रहे हैं। मामले से संबंधित व्यक्तियों के पूछताछ की जा रही है। मौत का सही कारण जानने के लिए स्थानीय पुलिस बल सक्रियता के साथ काम कर रही है।




# जेलेंस्की और पुतिन से 'नरसंहार' रुकवाने के लिए बात करेंगे ट्रंप



प्रात : किरण/एजेंसी

वाशिंगटन। अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोमवार को कहा कि वह यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से लगभग तीन साल से चल रहे युद्ध को समाप्त करने के लिए बात करेंगे। ट्रंप के मुताबिक वो इस नरसंहार को रुकवाने की कोशिश करेंगे। जनवरी में ट्रंप के व्हाइट हाउस में प्रवेश से पहले ही दोनों पक्षों में जंग में बढ़त हासिल करने की होड़ लगी है। हालांकि अमेरिका से समर्थन प्राप्त करने वाले देश यूक्रेन को इस बात की भी चिंता है कि उसे क्षेत्र की शांति के बदले कुछ रियायतें देने को मजबूर होना पड़ सकता है। दरअसल ट्रंप, जो बाइडेन प्रशासन द्वारा मास्को के खिलाफ कीव को प्रदान की गई अरबों डॉलर की सहायता को लेकर सवाल खड़े करते रहे हैं। दोनों देश के राष्ट्रपतियों से बात कर नरसंहार को रोकने की बात डोनाल्ड ट्रंप ने सोमवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कही। ट्रंप ने कहा, हम राष्ट्रपति पुतिन से बात करेंगे साथ ही हम जेलेंस्की और यूक्रेन के प्रतिनिधियों से भी बात करेंगे। उन्होंने युद्ध का जिक्र करते हुए कहा, हमें इसे रोकना होगा, यह नरसंहार है। टिप्पणी ऐसे समय में की गई है जब रूसी राष्ट्रपति पुतिन ने यूक्रेन में अपनी सेना के आगे बढ़ते रहने के कदम की सराहना करते हुए कहा था कि ये वर्ष ऐतिहासिक रहा। बता दें कि ट्रंप ने बार-बार दावा किया है कि वह संघर्ष को जल्द से जल्द समाप्त करने पर काम करेंगे। हालांकि उन्होंने यह नहीं बताया कि वह ऐसा कैसे करेंगे। ज्ञात हो कि ट्रंप ने इस महीने पेरिस में फ्रांसीसी नेता इमैनुएल मैक्रों द्वारा आयोजित एक बैठक में जेलेंस्की से मुलाकात की थी, जिसके बाद यूक्रेनी नेता ने दावा किया था कि कीव एक स्थायी शांति और सुरक्षा गारंटी की मांग कर रहा है। यूक्रेन के मित्र और पड़ोसी देश पोलैंड ने सोमवार को अपील की कि कीव को शांति वार्ता के लिए मजबूर नहीं किया जाना चाहिए। पोलैंड के विदेश मंत्री राडोस्लाव सिकोर्स्की ने कहा कि ऐसा करने के लिए पीड़ित को नहीं बल्कि हमलावर को प्रोत्साहित और मजबूर किया जाना चाहिए। यूक्रेन युद्ध के एक और शीतकाल में प्रवेश कर रहा है, क्योंकि रूसी हमलों के कारण उसका ऊर्जा ग्रिड पहले ही बुरी तरह प्रभावित हो चुका है। साथ ही ट्रंप ने यह बात ऐसे समय कही, जब रूसी सेनाएं पूर्वी शहर पोक्रोवस्क के प्रवेश द्वार पर पहुंच चुकी हैं। वर्ष के अंत में आयोजित बैठक में शीर्ष सैन्य जनरलों को संबोधित करते हुए पुतिन ने सोमवार को दावा किया कि उनके सैनिकों का इस युद्ध के अग्रिम मोर्चे पर दबदबा कायम है।

# मॉस्को : स्कूटर में धमाका, सीनियर रूसी जनरल की मौत

प्रात : किरण/एजेंसी

मॉस्को। रूस के रेडिएशन, केमिकल और बायोलॉजिकल सुरक्षा बलों के प्रमुख इगोर किरिलोव की मॉस्को में एक विस्फोट में मृत्यु हो गई। यूक्रेनी मीडिया ने यह दावा किया है। कीव पोस्ट की रिपोर्ट के मुताबिक 17 दिसंबर को मास्को में हुए विस्फोट में किरिलोव के साथ ही उनके सहायक की भी विस्फोट में मौत हो गई।



विस्फोट सुबह 6 बजे के आसपास रियाजान्स्की प्रॉस्पेक्ट पर हुआ, जब किरिलोव और उनके सहायक एक घर के एंट्री गेट से बाहर निकल रहे थे। बताया जा रहा है कि घर के पास सड़क पर खड़े एक स्कूटर पर या उसके अंदर विस्फोटक उपकरण लगाया गया था। विस्फोट से पास के अपार्टमेंट बिल्डिंग की पहली तीन मंजिलों की खिड़कियां टूट गई। जनरल की आधिकारिक कार को भी नुकसान पहुंचा।

स्पूतनिक इंटरनेशनल की रिपोर्ट के मुताबिक रूसी जांच समिति ने टेलीग्राम पर लिखे एक बयान में किरिलोव और उनके सहायक की मौत की पुष्टि की। रूस के संसद के ऊपरी सदन के उपाध्यक्ष कोंस्टेंटिन कोसाचेव ने कहा कि लेफ्टिनेंट जनरल इगोर किरिलोव की मृत्यु एक अपूरणीय क्षति है, उनके हत्यारों को दंडित किया जाएगा। कोसाचेव ने टेलीग्राम पर लिखा, यह सदमा है। एक अपूरणीय क्षति। अमर स्मृति। पीड़ितों के परिवारों के प्रति संवेदना। हत्यारों को दंडित किया जाएगा। बिना किसी संदेह और बिना किसी दया के। रूसी सांसद एलेक्सी जुरावलोव ने स्पुतनिक से बातचीत में आरोप लगाया कि किरिलोव की हत्या के पीछे यूक्रेन है। उन्होंने कहा, लेफ्टिनेंट जनरल इगोर किरिलोव की हत्या की योजना और उसे अंजाम देने के पीछे यूक्रेनी स्पेशल सर्विस हो सकती है। जुरावलोव ने कहा, मुझे लगता है कि शायद ही किसी को संदेह होगा कि जनरल किरिलोव की हत्या की योजना यूक्रेनी स्पेशल सर्विस ने बनाया और उसे अंजाम भी दिया। वो इस पर गर्व करते हैं, और सबसे भयानक बात यह है कि वे पश्चिम में आतंकवाद को प्रोत्साहित करते हैं।

# बोलीविया के अभियोजकों ने यौन शोषण मामले में पूर्व राष्ट्रपति मोरालेस की गिरफ्तारी की मांग की

प्रात : किरण/एजेंसी

ला पाज (बोलीविया)। बोलीविया में अभियोजकों ने यौन शोषण मामले में सोमवार को पूर्व राष्ट्रपति इवो मोरालेस की गिरफ्तारी की मांग की। आरोप है कि मोरालेस का 15 वर्षीय किशोरी से एक बच्चा है। मामले में बयान दर्ज कराने के आदेश की अवज्ञा के बाद मोरालेस की गिरफ्तारी का वारंट जारी किया गया है, हालांकि इस वारंट को अभी एक न्यायाधीश द्वारा अनुमोदित किया जाना है।

मोरालेस, 2019 तक, 13 साल तक बोलीविया की सत्ता में रहे थे। सितंबर में पहली बार गिरफ्तारी की बात सामने आने के बाद से मोरालेस चपारे के ग्रामीण इलाके में छिपे हुए हैं। यह इलाका उनके कट्टर समर्थकों से घिरा है।

मोरालेस पर आरोप है कि 2016 में एक किशोरी का उन्होंने यौन उत्पीड़न किया और किशोरी से उनका एक बच्चा है। बोलीविया के कानून के तहत इसे दुष्कर्म माना जाता है। मोरालेस ने गिरफ्तारी के आदेश पर फिलहाल कोई टिप्पणी नहीं की है, लेकिन उन्होंने पहले इस तरह के दुराचार में खुद की संलिप्तता से इनकार किया था। मोरालेस ने कहा था, यह मुझे राजनीतिक रूप से तबाह करने की साजिश है।

# जिनपिंग को अपने ही सहयोगियों के खिलाफ करना पड़ रही कार्रवाई

बीजिंग। चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग को अब अपने ही सहयोगियों के खिलाफ कार्रवाई करनी पड़ रही है। अमेरिका से लड़ाई में चीनी सेना को मजबूत बनाने के उनकी कोशिश में ये एक बड़ा सेट-बैक है। दरअसल चीनी सेना में करप्शन खत्म करने के लिए उन्होंने पहले शक्तिशाली जनरलों को निशाना बनाया और पीपुल्स लिबरेशन आर्मी पर नियंत्रण स्थापित किया। इसमें शीर्ष पदों पर अपने वफादारों को नियुक्त किया। अब इन्हीं में से कुछ ह्यवफादारोंह्न को उन्होंने सस्पेंड कर दिया है जिनमें एडमिरल मियाओ हुआ भी शामिल हैं। शी ने सीएमसी में अपने चार और वफादारों के साथ पीएलए के इंफोर्मेशन सपोर्ट फोर्स का भी दौरा किया। शी ने अपने अधिकारियों से कहा कि हमें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि सैनिक पूरी तरह से वफादार, पूरी तरह से प्योर और पूरी तरह से रिलायबल बने रहें। शी जिनपिंग पीएलए को एक वर्ल्ड क्लास लड़ाकू बल में बदलने में जुटे हैं जो अमेरिकी सेना का मुकाबला कर सके। लेकिन पेंटागन के वित्तपोषित राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय के वरिष्ठ रिसर्च फेलो जोएल वुथनो कहते हैं कि मियाओ का सस्पेंशन शी के अपने टॉप जनरलों और अधिकारियों भरोसे की कमी को दिखाता है।

मियाओ को अनुशासन के गंभीर उल्लंघन के आरोप के साथ सस्पेंड कर दिया गया है। यह शब्द अक्सर वहां भ्रष्टाचार और विश्वासघात के लिए इस्तेमाल किया जाता है। जाहिर है कि जिनपिंग अपने विश्वासपात्रों से हाथ धोते जा रहे हैं। एक्सपर्ट्स कहते हैं कि शी ने वही किया जो एक तानाशाह करता है, यानी राजनीतिक प्रतिद्वंद्वियों को खत्म करने के बाद अपने करीबी सहयोगियों में भी नए खतरों को ढूंढना और निपटाना।

# जस्टिन ट्रूडो को पीएम पद से हटाने की उठी मांग, चौतरफा बन रहा प्रेशर

ओटावा। कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो के खिलाफ माहोल बन रहा है। यहां उन्हे पीएम पद से हटाने की मांग तेज होती जा रही है। कनाडा के पीएम जस्टिस ट्रूडो के लिए अगले साल होने वाले चुनाव से पहले मुश्किलें बढ़ गई हैं। उनकी सरकार की डिप्टी पीएम और वित्त मंत्री क्रिस्टिया फ्रीलैंड ने इस्तीफा दे दिया है। इसके साथ ही जस्टिन ट्रूडो को कमजोर बताते हुए आरोपों की बौछार भी कर दी। फ्रीलैंड को ट्रूडो की करीबी माना जाता था और वह उन कुछ मंत्रियों में शामिल थीं, जो पीएम के भरोसेमंद कहे जाते हैं। ऐसे में फ्रीलैंड के इस्तीफे के बाद जस्टिन ट्रूडो के भविष्य पर सवाल उठ रहे हैं। इसे जस्टिन ट्रूडो को राजनीतिक करियर की सबसे बड़ी परीक्षा भी माना जा रहा है। सवाल यह भी है कि अलोकप्रिय होते जा रहे ट्रूडो अब कितने दिन तक पीएम रह सकेंगे। न्यू डेमोक्रेटिक पार्टी के नेता जगमीत सिंह ने उनसे पद छोड़ने की भी मांग कर दी है। बता दें कि कनाडा में अगले साल अक्तूबर से पहले आम चुनाव होने हैं। लिबरल पार्टी को सत्ता में बने रहने के लिए कम से कम एक दल का समर्थन चाहिए।

**दावा** सीरियाई सरकार की देखरेख में धार्मिक और राजनीतिक गतिविधियां कर सकते हैं, लेकिन उन्हें सीरियाई क्षेत्र को इजराइल के खिलाफ सैन्य अभियानों ...

# अबु मोहम्मद अल-जुलानी क्या मोसाद का सक्रिय एजेंट...सोशल मीडिया पर किए जा रहे दावें

**हिजबुल्लाह के करीबी माने जाने वाले लेबनानी अखबार के अनुसार, दमिश्क पर शासन कर रहे विद्रोही समूह हयात तहरीर अल-शाम (एचटीएस) ने सीरिया में हमास और इस्लामिक जिहाद सहित तमाम सशस्त्र फि लिस्तीनी समूहों को हथियार डालने, सैन्य संगठनों को भंग करने और प्रशिक्षण ठिकानों को बंद करने का आदेश दिया है।**

प्रात : किरण, एजेंसी

दमस्क। सीरिया में बशर अल-असद की सरकार का तख्तापलट हुए करीब एक हफ्ते से ज्यादा समय बीत चुका है! फिलहाल मुल्क में अंतरिम सरकार सत्ता देख रही है, लेकिन प्रमुख विद्रोही गुट के टॉप लीडर अबु मोहम्मद अल-जुलानी को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो रहे है। दावा किया जा रहा है कि सीरियन विद्रोही गुट हयात तहरीर अल-शाम (एचटीएस) गुट के लीडर जुलानी इजराइली खुफिया एजेंसी मोसाद के एजेंट हैं। वहीं दमिश्क पर कब्जे के बाद से जुलानी ने इजराइल को लेकर काफी नरम रुख दिखाया है। हिजबुल्लाह के करीबी माने जाने वाले लेबनानी अखबार के अनुसार, दमिश्क पर शासन कर रहे विद्रोही समूह हयात तहरीर अल-शाम (एचटीएस) ने सीरिया में हमास और इस्लामिक जिहाद सहित तमाम सशस्त्र फि लिस्तीनी समूहों को हथियार डालने, सैन्य संगठनों को भंग करने और प्रशिक्षण ठिकानों को बंद करने का आदेश दिया है। एचटीएस ने इन समूहों से कहा है कि वह सीरियाई सरकार की देखरेख में धार्मिक और राजनीतिक गतिविधियां कर सकते हैं, लेकिन उन्हें सीरियाई क्षेत्र को इजराइल के खिलाफ सैन्य अभियानों के लिए किसी भी तरह से इस्तेमाल करने की अनुमति नहीं है।

राजधानी दमिश्क पर एचटीएस के कब्जे के बाद से इजराइल ने भी सीरिया पर कब्जे वाले क्षेत्र को बढ़ा लिया है। सीरिया का गोलान हाइट्स इलाका कई दशकों से इजराइल के कब्जे में है और बशर सरकार के हटते ही इजराइल ने इससे आगे बढ़कर बफर जोन पर भी कब्जा किया है। कई मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि इजराइली सेना अब दमिश्क से करीब 25 किलोमीटर दूर है। उधर, कुछ दिनों पहले विद्रोही गुट के लीडर अल-जुलानी से जब दक्षिणी सीरिया में इजराइली आक्रमण और कब्जे को लेकर सवाल पूछा गया था, तब उन्होंने इसमें दखल देने से साफ तौर पर मना किया था। जुलानी ने कहा था कि ह्यसीरिया, इजराइल के साथ एक और जंग में शामिल नहीं होने जा रहा है, देश एक और जंग के लिए तैयार नहीं है। हमारे लिए सबसे बड़ा खतरा हिजबुल्लाह और ईरान समर्थित शिया मिलिशिया हैं।



दरअसल सोशल मीडिया में जुलानी की एक तस्वीर वायरल खूब हो रही है, इस तस्वीर में वह खाकी रंग की टैक्टिकल गियर पहने दिख रहे हैं। दावा किया जा रहा है कि जुलानी ने जो टैक्टिकल गियर पहना हुआ है, उसका निर्माण एक इजराइली कंपनी करती है। वहीं इस कंपनी की वेबसाइट खंगालने पर पता चलता है कि यह टैक्टिकल गियर चाइनीज कंपनी की कॉपी है। यानी यह किसी असली ब्रांड का टैक्टिकल गियर नहीं है। कौन है अबु मोहम्मद अल-जुलानी? साल 1982 में सऊदी अरब के एक पेट्रोलियम इंजीनियर के घर पर जुलानी का जन्म हुआ। जुलानी जब 7 साल के थे तब उनका परिवार सीरिया आ गया। रिपोर्ट्स के मुताबिक साल 2003 में जुलानी अल-कायदा से जुड़ गया। इसके बाद साल 2011 में सीरिया गृहयुद्ध की शुरूआत के दौरान उसने जबात अल-नुसरा नाम का संगठन बनाया। यह समूह अल-कायदा का सहयोगी था और संगठन को स्थापित करने में आईएसआईएस के आतंकी बगदादी ने बड़ी भूमिका निभाई। उधर 2016 में खुद को आधुनिक और उदारवादी के तौर पर पेश करने के लिए जुलानी ने अल-कायदा से नाता तोड़कर जबात अल-नुसरा को भंग कर नया संगठन बनाया।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक देवन प्रसाद द्वारा आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, ए-24, सेक्टर-8, नोएडा, उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं - बी-126, मायापुरी इंडस्ट्रीयल एरिया, फेस-1, नई दिल्ली-110064 से प्रकाशित। सह संपादकः रंजीत राय फोन नं-011-45795464 (नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा दिल्ली उच्च न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. DELHIN/2010/32488, Email: news@pratahkiran.com, मो. 9212228045, 8130691216, 9971557129